ISSN 2455-0310

2.5

JIFACTOR

# TRANSFRAME

A Bilungual, Bimonthly e-Magazine of Translation And Cinema

VOLUME 2, ISSUE 5




Cover Story
By
Dr Ana Stjelja
Belgrade Serbia

MAY-JUNE 2017

# TRANSFRAME
E– JOURNAL

VOLUME 2, ISSUE 5

2017

CLICK ON ARTICLES TO READ


## STUDY

4 "Dev Bhoomi" as a cultural bridge between Serbia and India - Dr Ana Stjelja

6 सिनेमा साहित्य और समाजिक सरोकार - सुनील कुमार सुधांशु

## PERSONALITY

13 Actor and MP- Vinod Khanna

## CRITICAL EVALUATION

15 Baahubali 2: The Conclusion Review - Bhardwaj Rangan

18 पुस्तक समीक्षा: अनुवाद अध्ययन का परिदृश्य- धर्मराज कुमार

22 पुस्तक समीक्षा : दी राइज ऑफ़ सिवागामी बाहुबली त्रयी - प्रवीण सिंह चौहान

24 क्या स्त्री केवल एक ज़रूरत हैं?(क्षमा शर्मा की चर्चित कहानी 'रास्ता छोड़ो डार्लिंग' के विशेष संदर्भ में)- सूर्या ई.वी.

27 'काशी का अस्सी' में धार्मिक पाखंड को बढ़ावा- घनश्याम कुमार

32 चित्रा मिलिंद गोस्वामी का शेअरी रवैया - मोहम्मद दानिश गनी

## RESEARCH

35 क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पत्रकारिता के मिथक और चुनौतियाँ (केस स्टडी – प्रभात खबर) - अनुपमा कुमारी

42 Managerial aspects of performance appraisal - Radheshyam kalawat

49 विद्यार्थियों के लिए वेब आधारित हिंदी भाषा शिक्षण और अधिगम - संजय कुमार

53 A study of emotional intelligence and achievement in educational psychology among teacher trainees of malout(punjab)- Dr.Sunita Arya

## CREATION

57 लेखनी : कहना है कुछ - आयुषी गुप्ता

58 तुलिका : Megha

59 कैमरा : Praveen

## INTERVIEW

60 फीचर फ़िल्म 'चकल्लसपुर' के मुख्य अभिनेता मुकेश मानस से बात-चीत

## TRANSLATION

62 कुसुमाग्रज (विष्णु वामन शिरवाडकर) की मराठी कविता कणा का हिंदी अनुवाद - मेघा आचार्य

## LANGUAGE

63 भाषा भूगोल व हिंदी का भौगोलिक क्षेत्र विस्तार- प्रो. आर.बी.मिश्र

## TRANSFRAME SPECIAL

66 Improve your dialogue delivery- P.Aphter

# EDITORIAL

Heartfelt condolences on the passing away of Shri Vinod Khanna, a highly talented and acclaimed actor & MP.

As *Transframe* publishes the fifth number of its second volume it seems appropriate to reflect briefly on its history and scope. Since its inaugural issue in 2015, the magazines's rationale has always been to privilege work on 'new forms of cinema and translation practice'; thus the articles we have published have addressed a variety of cinemas and translations, but their principal focus has been on developing new approaches.

The articles in this issue engage with similar themes. Thank you for your love and support.

-EDITOR

TRANSFRAME

E– MAGAZINE OF TRANSLATION & CINEMA

PUBLISHER

Praveen Singh Chauhan

Peace Aprt., Versova

Andheri (w) Mumbai 400061

T +91 9763706428

EDITOR

Megha Acharya

Praveen Singh Chauhan

LAYOUT- COVER DESIGN

Praveen - Megha

TRANSFRAME TEAM

Latika Chawada

Prakash Upreti

Sandeep Chaure

Avinash k. Rohit

©All Rights Reserved

The publisher regret that they can not accept liability for error or ommisions contained in this publication, however caused. The opinions and views contained in this publication are not necessarily those of the publishers or editors. No part of this publication or any part of the contents there of may be reproduced or transmitted in any form without the permission of publishers in writing. An exemtion is hereby granted for extracts used for the purpose of fair review.

GO DIGITAL, GO PAPERLESS, SAVE TREES, SAVE WATER

# DEV BHOOMI

## as a cultural bridge between Serbia and India

The cultural relations between Serbia and India have a long history and reach far into the past. When great Indian poet Rabindranath Tagore visited the Serbian capital (Belgrade) in 1926, it was more than clear that the two countries share the same idea of preserving their cultural identity and the devotion to their culture and tradition. Nowadays, this cultural bridge is about to be rebuilt again. The latest film of the renowned Serbian filmmaker, screenwriter and producer Goran PaskaljeviĆ titled *Dev Bhoomi* marks a significant step in improving cultural relations between two countries and two cultures.



Photo: Wikipedia (author: Media centar

**Film *Dev Bhoomi* is the first Serbian-Indian co-production with Victor Banerjee in the leading role. The film tells the story of 65 years old Rahul (portrayed by Victor Banerjee), who after more than forty years of life in the West (England), comes back to his village, on the slop of the Himalayas.**

Goran PaskaljeviĆ (1947) has an impressive filmmaking career. He graduated from the prestigious Film and TV School of the Academy of Performing Arts in Prague. He is the author of 30 documentaries and 16 featured films that were screened at many international film festivals like*Cannes, Venice, Berlin, San Sebastian and Toronto*. He received many prestigious film awards. He lives between Belgrade and Paris, holding both Serbian and French citizenship.

After more than three decades in the film industry, acclaimed Serbian film director decided to shoot a movie in India. Goran PaskaljeviĆ visited India several times as he was very fond of the South Asian nation which actually inspired him to direct a film that would depict the India as he sees it with his own eyes. In the interview for the *Hindustan Times*, PaskaljeviĆ said that being in India he "feels completely home". By making this film he also tended to present the richness of Indian culture.

Film *Dev Bhoomi* is the first Serbian-Indian co-production with Victor Banerjee in the leading role. The film tells the story of 65 years old Rahul

**Dr Ana Stjelja**

**SERBIA**

(portrayed by Victor Banerjee), who after more than forty years of life in the West (England), comes back to his village, on the slop of the Himalayas. After realizing that he will go blind, he decides to return to India, to his native village Garhwal so he could see its beauty for the last time. The film also stars Indian actor Rajendranath Zutshi, famous for many Bollywood hits and Danny Boyle's *Slumdog Millionaire*.

Goran PaskaljeviĆ insisted on the authentic story, local language, traditional costumes in order to present India and its indigenous culture. Indian flute legend Pandit Hariprasad Chaurasia has scored the music of this film. The film is shot at the Dewar Village in Kedar Valley (Uttarakhand). Victor Banerjee assisted the Serbian film director in writing the script for this film. The significant contribution was given by Dr D. Purohit, a Garhwal University scholar who shared his experience with the director. Besides being an ardent admirer of India and its diverse culture, Goran PaskaljeviĆalso enjoys Bollywood movies and sees them time to time.

The world premiere of *Dev Bhoomi* was last fall at the Toronto International Film Festival (TIFF). It is interesting that the film *Dev Bhoomi* took part in the official selection called "Masters", along with the latest film of famous Indian film director Deepa Mehta. After seeing the film *Dev Bhoomi*, Deepa Mehta said, "This is a love letter to India from Goran". Serbian director was deeply touched by these words. The Serbian premiere of this film was on the 9th of March. The title of the film in Serbian is *Zemljabogova* or *The Land of the Gods as Dev Bhoomi* is known from ancient times. Serbian film director Goran PaskaljeviĆ stated that this film is one of his inmost films which allowed him to surrender to his deepest emotions.

**Text: Dr Ana Stjelja**

**Photo: Wikipedia (author: Media centar Beograd)**

**The official trailer: https://youtu.be/BnRQxrl3_aQ**

# सिनेमा साहित्य और सामाजिक सरोकार

अनुवाद

सिनेमा ने जीवन की सच्चाइयों चुनौतियों को व्यक्त किया है। आज ऐसी अनगिनत फ़िल्में हैं, जिसमें मानवता, प्रेम और लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने की कोशिश जारी है। यथार्थ को कलात्मक ढंग से व्यक्त करते हुए उदात्त मूल्यों को उभारा गया है। धर्म, जाति, लिंग से परे मानवीय पक्ष को महत्त्व दिया गया है। फ़िल्मों में उठाई गई ऐसी तमाम समस्याएँ हैं, जो धारदार बहस की माँग करती हैं। सरकार, न्यायपालिका, आम जनसमुदाय में जागरुकता की लहर पैदा करती हैं। फ़िल्म वह माध्यम है जो हमारी भावनाओं को छूता है, हमारी आत्मा को स्पंदित करता है। चेतना को झकझोरता है। सुखद भविष्य के लिए आशान्वित करता है। फ़िल्मों में हमारे समय और समाज दोनों की स्पष्ट झलक होती है। फ़िल्में हमारे समाज का आइना होती हैं। मनोरंजन का साधन होने के साथ-साथ समाज पर अपना गहरा प्रभाव छोड़ती हैं। सामाजिक दिशा-निर्देश के तमाम मानक गढ़ती हैं।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि सिनेमा पर बाजार और पूँजी का गहरा नियंत्रण आज भी बना हुआ है। सिनेमा में वंचित वर्ग की वास्तविक समस्याओं को संपूर्णता में प्रस्तुत करना अभी भी शेष है। आने वाले समय में इस सशक्त जनमाध्यम का उपयोग दुनियाँ को बेहतर बनाने के लिए ही होना चाहिए तभी उसकी सार्थकता है।

साहित्य से सिनेमा का गहरा संबंध है। भारत में आज भी करोड़ो लोग निरक्षरता और गरीबी के कारण साहित्य से कोसों दूर हैं। ऐसे में सिनेमा ही साहित्य को कुछ सीमित पाठकों की दुनिया से बाहर ले जाकर कराड़ों दर्शकों तक पहुँचाती है। 'तमस', 'तीसरी कसम', 'काशी का अस्सी', 'पाथेर पांचाली' जैसी अनेक रचनाएँ विश्व के दर्शकों तक पहुँची हैं। जहाँ साहित्य समाज का दर्पण है वहीं "सिनेमा भी समाज के विभिन्न पक्षों की जानकारी हमें देता है। कई बार तो सिनेमा में हमारे समाज में चल रहे घटनाक्रम के तात्कालिक परिणाम भी देखे जा सकते हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि सिनेमा और साहित्य एक दूसरे के पूरक होते हुए भी विभिन्न पड़ावों पर समाज से गंभीर रूप से जुड़े हैं। और यही वह जुड़ाव है जो सिनेमा और साहित्य को और करीब लाता है। ....सिनेमा एक व्यवस्थित कथा होती है, जिसके चारों ओर सिनेकला के अन्य तत्त्व चक्कर लगाते हैं, तो यह बात स्वतः सिद्ध हो जाती है कि सिनेमा का साहित्य से सीधा रिश्ता है। केवल सीधा ही नहीं, बल्कि गहरा और निकट का रिश्ता है। इस रिश्ते की पहचान पहले के फ़िल्मकारों एवं साहित्यकारों, दोनों ने पूरी तरह की थी, और दोनों ने एक दूसरे का सहयोग करना भी प्रारंभ किया था। मुंशी प्रेमचंद, भगवती चरण वर्मा, उपेन्द्रनाथ अश्क तथा अमृतलाल नागर जैसे साहित्यकारों ने स्वयं को फ़िल्मों से जोड़ा।"1 आज का दर्शक सच देखना चाहता है। सच को स्वीकार करने की क्षमता उसके पास है।

आजकल की फ़िल्में तकनीकी रूप से ज्यादा मजबूत हो गई हैं। अभिनय और संगीत से हटकर आजकल तकनीक पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। "आज का पूरा परिदृश्य ही सिनेमाई छवियों और उनके द्वारा विज्ञापित वस्तुओं से ही परिचालित दिखलाई पड़ता है। टेलीविजन के न्यूज चैनल तक समाचारों के प्रस्तुतीकरण को बंबइया सिनेमा के ढांचे में ढालने से नहीं चूकते। आज पहले से कहीं ज्यादा सिनेमा के प्रभाव पर संजीदगी से गौर करने की जरूरत है।"2 फ़िल्में व्यवस्था के दृश्य

सुनील कुमार सुधांशु
सहायक प्रोफेसर (तदर्थ)
हंसराज महाविद्यालय
(डी. यू.)

को, सत्ता के गलियारों की सचाइयों को हमारे सामने रखती है। फ़िल्म तमाम प्रश्नों की शृंखला अपने दर्शकों पर छोड़ जाती है। समकालीन समाज की चुनौतियों को विषय बनाती है। हमें सचेत करती है और प्रतिरोध के लिए खड़ा करती है। अपनी आवाज को बुलंद करने का साहस देती है।

''रोटी, कपड़ा और मकान की तरह फ़िल्म के द्वारा हमारी किसी भौतिक जरूरत की पूर्ति नहीं होती। न ही वाशिंग मशीन, फ्रिज या माइक्रोवेव की तरह वह हमारे जीवन को आरामदेह बनाती है और न ही यह उन चीजों में शुमार होती है, जिनसे हमारा जीवन विलासपूर्ण बनता है। फ़िल्म हमारे जीवन में वही स्थान रखता है जो स्थान साहित्य, संगीत और अन्य कलारूपों का प्राप्त है। इनके द्वारा हमारे मानसिक जरूरतों की पूर्ति होती है। हमारा अच्छा-बुरा मनोरंजन होता है। हमें अच्छे विचार और अच्छे आदर्श मिल सकते हैं और हमें दुनिया को एक बेहतर दुनिया बनाने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। साहित्य की तरह सिनेमा भी वैचारिक संघर्षों की अभिव्यक्ति का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। दुनिया में जो बदलाव हो रहा है सिनेमा उससे अछूता नहीं रहता और न रह सकता है। यदि पिछले एक शताब्दी में सिनेमा में निरंतर बदलाव आया है, तो इसका कारण सिर्फ यह नहीं है कि सिनेमा से संबंधित प्रौद्योगिकी का विकास हुआ है या सिनेमा के दर्शकों की संख्या में बढोत्तरी हुई है। इसका कारण यह भी है कि सिनेमा के माध्यम से जो संदेश प्रसारित होते हैं, वे अपने समय और समाज से प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से प्रेरित और प्रभावित होते हैं वे उनसे निरपेक्ष रहकर नहीं निर्मित हो सकते।''3 फ़िल्म एक सशक्त कला माध्यम के साथ ही एक मनोरंजक माध्यम के रूप में भी मौजूद रहा है। यदि मनोरंजन करने वाली फ़िल्में बनी हैं तो सामाजिक सोदेश्यता और कलात्मक उत्कृष्टता वाली फ़िल्में भी बनी हैं। और दोनों माध्यम एक दूसरे से प्रभावित हुए हैं। साहित्यिक कृतियों को फ़िल्माया गया। प्राचीन महाकाव्य, आधुनिक उपन्यासों, कहानियों और नाटकों पर भी फ़िल्में बनी। इनपर साहित्यिक अभिव्यक्ति के विभिन्न रूपों का प्रभाव साफ तौर पर देखा जा सकता है। हिंदी सिनेमा ने आज के दौर की सच्चाइयों को और उनसे जुड़ी चुनौतियों को व्यक्त किया है। दरअसल साहित्य और सिनेमा दोनों ही अपने समय की सच्चाइयों को रचनात्मक और कल्पनाशील रूप में पेश करती हैं। हिंदी सिनेमा ने आज के दौर की सच्चाइयों को और उनसे जुड़ी चुनौतियों को व्यक्त किया है। दरअसल साहित्य और सिनेमा दोनों ही अपने समय की सच्चाइयों को रचनात्मक और कल्पनाशील रूप में पेश करती हैं। राजनीति और राजनेताओं का आचरण, आरक्षण आंदोलन, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को प्रमुखता से फ़िल्माया जा रहा है। सिनेमा का सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही प्रभाव युवाओं और बच्चों पर पड़ रहा है।

आज के फ़िल्मों में स्त्रियाँ पहले की तरह सती सावित्री होने की जगह हाड़माँस की बनी मनुष्य के रूप में दिखाई जा रही हैं। अपनी अच्छाइयों और कमजोरियों के साथ। उनमें बराबरी का एहसास है। और नायक भी बिल्कुल आम लोगों की तरह ही हैं। उनकी भी अपनी कुछ कमजोरियाँ हैं पर वे उन कमजोरियों के पार जाने की कोशिश कर रहे हैं। आज सिनेमा ने जनजीवन के उन सभी पहलुओं का छुआ है जो पहले अछूते रह जाते थे। आज की फ़िल्मों में आज के यथार्थ की झलक है। अभी हाल में ही अनिरूद्ध रॉय चौधरी निर्देशित फ़िल्म 'पिंक' को लोगों ने खूब पसंद किया। यह कहानी तीन कामकाजी महिलाओं को केंद्र में रखकर बुनी गई है। और समाज में स्त्रियों के साथ हो रहे भेद भाव को बेहतरीन ढंग से प्रस्तुत करती है।

सदियों से गुलामों का जीवन जीती आ रही स्त्रियों को उनकी पराधीनता में ही देखने का आदी हो चुका यह समाज इक्कीसवीं सदी में दाखिल होने के बावजूद भी अपनी दोयम दर्जे की मानसिकता से मुक्त नहीं हो पा रहा है। आज भी लड़कियों पर चौतरफा पाबंदियाँ हैं। तमाम घोषित-अघोषित नियम कायदे हैं, जो महिलाओं को सशक्त, विचारशील, आत्मनिर्भर होने में आड़े आते हैं। खासतौर से यौनिकता से जुड़े नियम-कायदे। यह फ़िल्म समाज में व्याप्त स्त्री-पुरुष के लिए दोहरे मापदंड को दिखाती है। इंसान के मन में बैठे मर्दवादी सोच को उघाड़ती है। स्त्रियों के शोषण व नियंत्रण के लिए बनाए पैमानों को तोड़ती है। पिंक की पात्र तीनों लड़कियाँ समाज की नजर में अच्छी लड़कियाँ नहीं हैं। क्योंकि ये कामकाजी महिला हैं। अपनी जिंदगी से जुड़े फैसले खुद लेती हैं। घरों से बाहर रहती हैं, शराब पीती हैं, छोटे कपड़े पहनती हैं और अपने यौन साथी का चुनाव स्वयं करती हैं। उनमें असहमति की

हिम्मत है। न्यायालय में उन्हें चरित्रहीन घोषित करने की पुरजोर कोशिश भी की जाती है।

जब महिलाएँ आत्मनिर्भर हो जाती हैं, अपनी स्वतंत्रता, अपने आनंद के लिए जीने लगती हैं तो समाज ऐसी महिलाओं को अपनी पुरुषवादी मानसिकता के कारण 'यौन वस्तु' के रूप में देखने लगता है। रॉक शो में राजबीर (अंगद वेदी) और उसके साथियों से मिली तीनो लड़कियाँ मीनल (तापसी पन्नू), फलक( कीर्ति कुल्हारी) और ऐंड्रिया के दोस्ताने व्यवहार और बिंदास अंदाज को देखकर राजबीर और उसके दोस्त समझते हैं कि इन लड़कियों के साथ कुछ भी किया जा सकता है। मीनल की असहमति और मना करने के बावजूद राजबीर उसके शरीर पर अपना अधिकार समझ बैठता है और उसे छूने लगता है। बचाव में मीनल उसके सिर पर बोतल मारकर उसे घायल कर देती है और पुलिस केस बन जाता है। इसके बाद मूवी कोर्ट रूम ड्रामा में बदल जाती है और मर्दवादी सोच की परतें हमारे सामने खुलने लगती हैं। "हमारे मनुवादी संस्कारों में स्त्री के लिए सदैव से यदि कहीं कोई गुंजाइश बनी है तो रक्षिता रह कर ही। स्त्री न तो घर में अकेली देखी जा सकती है न घर के बाहर। घर के बाहर अकेली स्त्री एक असम्मानजनक स्थिति है। इसलिए 'सम्माननीय स्त्री' पुरूष के संरक्षण में पुरूष से सुरक्षा चाहती स्त्री है, जिसके हाथ में न अपनी देह है न अपना पैसा और न ही अपने रिश्ते। स्त्री के पास पाने के लिए दो विकल्प हैं सुरक्षा और स्वतंत्रता। वह एक को खोकर ही दूसरा पा सकती है। स्वतंत्रता का जो खाका उसके सामने रखा गया है वह उसे निर्वासन का दंड देता है और उसे मिलने वाली सुरक्षा बहुत मँहगी है। सुरक्षा के बदले में वह जो कुछ सहन करती है वह असहनशील है।"4

फ़िल्म में एक जगह पुलिस कहती हैं कि वैसे बुरे लोगों के साथ आप गए ही क्यों। आपको वे जबरदस्ती तो नहीं ले गए थे। यानी सामने वाला अच्छा है या बुरा यह हमें पहले ही उसे देखकर समझ लेना चाहिए। उसके बाद ही उनके साथ कहीं जाने की हिम्मत या हँसी-मजाक करना चाहिए। यह बात ज्यादातर लड़कियों पर ही लागू होती है। लड़कियों को सोच-सोचकर फूँक-फूँक कर कदम रखना चाहिए और समाज द्वारा निर्धारित 'हद' में रहना चाहिए। अगर वो ऐसा नहीं करती और खुलकर, बिंदास, बिना किसी को कोई हानि पहुँचाए अपना खुद का जीवन अपनी मर्जी से जीना चाहती हैं तो वे अपने ऊपर किए जाने वाले जोर-जबरदस्ती, हिंसा की स्वयं जिम्मेदार होंगी। क्योंकि हमारे समाज ने तो एक वर्ग को शह दे रखा है कि वह ऐसी लड़कियों यानी अपना जीवन अपने इच्छानुसार जीने वाली लड़कियों को उनकी 'औकात' बताता रहे। फ़िल्म में लड़के कहते हैं 'बंदी को उसकी औकात दिखानी ही चाहिए।' समाज द्वारा निर्धारित यह 'औकात' भेदभावपूर्ण और लिंग निर्धारित है। आजाद देश के आजाद नागरिक होने के बावजूद चरित्र निर्धारण घड़ी की सूईयों पर डिपेंड करता है। हम अच्छे हैं या बुरे यह तय होता है रात और दिन के माध्यम से। अगर हम दिन में कहीं घूमने निकल पड़े, हँसी-मजाक की तो कोई बात नहीं और यही चीजें यदि रात के अँधेरे में होती हैं तो हमपर 'अवारा', 'प्रासिट्यूट समझे जाने का खतरा मँडराने लगता है। इसमें भी समाज भेदभावपूर्ण रवैया अपनाता है। लड़के ऐसा करते हैं तो बात उतनी गंभीरता से नहीं ली जाती यदि लडकियाँ करें तो उन्हें सेक्सवर्कर, प्रासिट्यूट साबित करने में चंद मिनट का भी समय नहीं लगता। आज हम ऐसे दौर में जी रहे हैं जहाँ हमें अपने साथी की इच्छाओं का सम्मान करने की आदत डालनी ही होगी। उसकी 'हाँ' और 'ना' को समझना होगा। अपने साथी के निजी चीजों पर अपना खुद का अधिकार समझने की भूल से बाहर आने की कोशिश करनी होगी तभी एक स्वस्थ्य समाज का विकास संभव है। फ़िल्म में लड़कों के ही गुजारिश करने पर लड़कियाँ उनके साथ डिनर पर एक रिजोर्ट में जाती हैं और वहाँ पर उनके साथ उनकी मर्जी के विरूद्ध जोर-जबरदस्ती करने की कोशिश की जाती है। बचाव में मीनल, राजबीर के सिर पर बोतल से वार कर देती है। पुरुष पर वार करने की यह हिम्मत अक्सर स्वावलंबी स्त्रियों में ही देखा जाता है। हमारे समाज में "आर्थिक परावलंबन स्त्री को याचक की मुद्रा देता है और पुरूष को दाता की। अपने प्रत्येक निर्णय के लिए वह पुरूष की ओर देखने को विवश हो जाती है। आर्थिक परावलंबन आत्मविश्वास पनपने नहीं देता, मानसिक विकास के अवसर अवरूद्ध हो जाते हैं। स्त्री के हिस्से में जहाँ नितांत परवशता आती है, पुरुष के हक में स्वछंद आत्म निर्भरता।''5

यदि लड़कियों के छोटे कपड़े देखकर लड़के उत्तेजित होते हैं या बहक जाते हैं तो उन्हें खुद पर नियंत्रण रखने की आदत डालनी ही

होगी। क्योंकि इस आजाद देश में सभी नागरिकों को अपनी पसंद अनुसार खाने-पीने, पहनने, घूमने की आजादी है। लड़कियों को डराकर रखना, आत्मनिर्भर होने के बावजूद उनको उनकी 'हद' बताकर उनके अधिकारों से वंचित रखना कतई न्याय नहीं माना जाएगा। लड़कियों को कब, कहाँ, क्या और कैसे करना है यह तय करने के बजाय हमें अपनी सोच बदलनी चाहिए। क्योंकि समाज के दकियानूसी और भेदभावपूर्ण विचारों ने लड़कियों की सामान्य जिंदगी को भी नर्क बना दिया है। परिवार चलाने वाली आत्मनिर्भर लड़कियों को भी अपनी मर्जी से जीने पर पुरुष प्रधान समाज द्वारा उनका चरित्र निर्धारण किया जाता है। उन्हें सेक्सवर्कर साबित करने की पुरजोर कोशिश की जाती है। चरित्र और इज्जत स्त्रियों की वेजाइना से शुरू होकर वेजाइना पर ही समाप्त होती है। फ़िल्म में तीनों लड़कियों को पुलिस द्वारा सेक्सवर्कर साबित करने की पुरजोर कोशिश की जाती है। लड़कों द्वारा लड़कियों को धमकाया और गाली दिया जाता है। साहिर लुधियानवी ने उचित ही कहा है, "जिन सीनों ने इनको दूध दिया, उन सीनों का व्यापार किया/जिस कोख में इनका जिस्म ढला उस कोख का कारोबार किया/मर्दों ने बनाई जो रस्में, उनको हक का फर्मान कहा/औरत के जिंदा जलने को कुर्बानी और बलिदान कहा/इस्मत के बदले रोटी दी और उसको भी एहसान कहा।"6 पितृसत्तात्मक समाज में "स्त्री को बता दिया गया है कि परिवार और बच्चे उसका कार्य क्षेत्र हैं इसलिए वह बच्चे संभाले चौका संभाले, पति की जरूरतों का साधन बन बिछती रहे। उसे और क्या चाहिए ? उसके बावजूद यदि वह आत्मनिर्भर बनना चाहती है तो ध्यान रखे कि परिवार और बच्चे तो उसकी ही जिम्मेदारी हैं। यदि वह चाहती है कि आत्मनिर्भरता की दिशा में कोई कदम उठाए तो वरीयता क्रम में उसे दूसरा स्थान ही प्राप्त होगा। परिवार का स्थानापन्न वह नहीं बन सकती। इसलिए स्त्री जब परिवार के बाहर पैसा कमाने निकलती भी है तब दोहरे कार्यभार से दबी कुचली। पुरुष जब कमाने निकलता है तो घरेलू श्रम से मुक्त पारिवारिक भावनात्मक व मानसिक सुरक्षा व शांति से लबरेज। स्त्री को इस अपराधबोध से बाँध दिया जाता है कि परिवार और बच्चे छोड़कर काम पर जाती स्त्री अपने दायित्वों से मुँह मोड़ती है जबकि पुरुष का, महत्वाकांक्षी पुरुष का घर से रिश्ता, आराम और सुविधा का होता है। जीवन के जो वर्ष कैरियर निर्माण की दृष्टि से महत्वपूर्ण होते हैं, वे ही वर्ष स्त्री के जीवन में प्रजनन के हिसाब से महत्वपूर्ण हैं। इसलिए जब पुरुष कॅरियर बनाता है स्त्री बच्चे पैदा कर रही होती है, उन्हें बड़ा कर रही होती है। परिमाणतः कॅरियर की दृष्टि से पिछड़ जाती है। जब बच्चे बड़े हो जाते हैं तथा पति महत्वाकांक्षा की रेस का घोड़ा, स्त्री परिवार में फालतू हो जाती है। परिवार के साथ रहते हुए स्त्री के लिए यह संभव नहीं रह जाता है कि वह कॅरियर के क्षेत्र में अपनी महत्वाकांक्षाएं पूरी करे।"7

पितृसत्तात्मक समाज की मानसिकता कुछ इस तरह की बन गई है कि लोग पुरुषवर्ग द्वारा किए जा रहे कुकर्मों को बेहद सहजता से लेते हैं। लड़के खुद तो तमाम लड़कियों के साथ घूमना-फिरना, मौज-मस्ती करना, संबंध रखना फैशन समझते हैं पर उन्हीं लड़कों को विवाह के लिए वर्जिन लड़की की तलाश रहती है। खुद का तो पता नहीं पर अपनी बहन-बेटियों के प्रेम-संबंध से उनके घर की इज्जत जरूर लुट जाती है। फ़िल्म में एडवोकेट दीपक से राजबीर बार-बार कहता है कि उसके घर की बहन-बेटियाँ ऐसी नहीं हैं।

गाँवों में आज भी शादी से पहले सजने-सँवरने, हँसने-बोलने पर बड़ी आसानी से लड़कियों को 'रंडी' बोल दिया जाता है। पितृसत्तात्मक समाज में निर्धारित मान्यता रही है कि स्वछंद सिर्फ रंडियाँ ही रह सकती हैं। सोचने की बात है आम लड़कियों को रंडियाँ कौन बनाता है। आखिर देहव्यापार का धंधा इतने बड़े पैमाने पर कैसे फल-फूल रहा है। पूरी फ़िल्म में इस बात को लेकर बहस है कि लड़कियों ने पैसे लिए इसलिए उनका इनकार कोई महत्व नहीं रखता। और अंत में फलक से यह कहलवाया गया कि "हाँ हमने पैसे लिए थे, लेकिन पैसे लेने के बाद मीनल का मन बदल गया और उसने नहीं कर दिया।" हम उस दौर में जी रहे हैं, जिसमें खुद को प्रगतिशील और संवेदनशील समझने वाले लोगों को भी अपनी पोंगापंथी से निकलने में जाने कितना समय लगने वाला है। हमारे समाज में स्त्री की 'ना' को समझना बहुत कठिन है और उसके 'हाँ' करने पर उसके चरित्र को आंकना बेहद सरल। कहने को तो हमने बहुत तरक्की कर ली पर स्त्री को लिंग से परे मानव समझने में हम चूक गए हैं। आज बहुत सी आत्मनिर्भर स्त्रियाँ या तो विवाह संस्था में आना ही नहीं चाहती या जो आ गई हैं वो बाहर जाने को उतावली हैं। स्त्री ने अर्थ जगत में कदम रखे हैं।

अपनी संज्ञा बदली है, अर्थ बदले हैं, लिंग आधारित अन्याय को समझा है। 'मातृत्व का महिमामंडन' और 'अर्थ की शक्ति' को पहचाना है। वह माँ बनना स्थगित कर कैरियर चुन रही है। अपनी जिन्दगी से जुड़े फैसले स्वयं लेना जानती है। वह अपने मन मस्तिष्क की डोर किसी और के हाथों में नहीं देना चाहती। अच्छा या बुरा, सही या गलत अपने फैसले को अंजाम देने की उसमें हिम्मत है। वह अबला नारी के फ्रेम से बाहर आने के लिए लगातार जद्दोजहद कर रही है। उसके पास किसी के जोर जबरदस्ती का जवाब आँसू नहीं थप्पड़ है, प्रहार है। वह गुड-गर्ल-सिंड्रोम से बाहर अपने मन और शरीर की स्वयं निर्णायक है। फ़िल्म में हमारे सामने जो नई स्त्री है वह स्वयं अपनी स्थिति का विश्लेषण करती है और उसकी चेतना ही उसके भविष्य का रूप तय करेगी। यथार्थवादी नजरिये वाली यह फ़िल्म समाज को आइना भी दिखाती है और सीख भी देती है।

हाल फिलहाल में आई राजू हिरानी की फ़िल्म 'पीके' ने भी खूब वाहवाही लूटी। हिरानी ने कॉमेडी का सहारा लेकर गंभीर प्रश्नों को हमारे सामने रखा। पीके दूसरे ग्रह से आया एक एलियन है। पृथ्वी पर उसका लॉकेट चोरी हो जाता है। वह अपने लाकेट की तलाश में भटकता है। उसके लिए इस ग्रह की मान्यताएँ किसी पहेली से कम नहीं। वह इस बात को जानने की कोशिश करता है कि आखिर किसी परेशानी दुख, तकलीफ में पृथ्वीवासी भगवान के पास क्यूँ जाते हैं। इस क्रम में वह धर्मगुरूओं द्वारा संचालित तमाम भगवानों के विशाल बाजार में फँस जाता है। अपनी खोयी लॉकेट प्राप्त करने के लिए पूजा, मन्नत कर्मकांड के फेर में चिकरघिन्नी सा घूमता है। उसे हर चौखट से निराशा ही हाथ लगती है। इंसान के जन्म के साथ ही अनेक चीजें उसके साथ जुड़ जाती हैं। रंग, रूप, नाम, उपनाम इत्यादि। इसपर उसका कोई वश नहीं होता। बड़े होने परे भले ही कुछ चीजों को बदलने की कवायद में सफल हो जाए पर सारी चीजें नहीं बदली जा सकती। आज तमाम बाबाओं की फौज भोले-भाले लोगों का दिग्भ्रमित करने की मुहीम चला रही है। ईश्वर के नाम पर हो रहे कारोबार और धर्मगुरूओं की पोल खोलती यह फ़िल्म गहरा संदेश देती है। पीके अपने अंदाज में कहता है कि ईश्वर यदि सचमुच है और इंसान उसकी संतान है तो वह कभी नहीं चाहेगा कि उसकी संतान अजीबोगरीब मनौतियों के फेर में और दुखी हो। मनुष्य के दुखों, परेशानियों को दूर करने की जगह धर्मगुरूओं ने डर, उल्टे-सीधे रीति-रिवाज बनाकर लोगों को भ्रमित कर रखा है। बिना किसी उबाऊ डायलॉग के पाखंडी गुरूओं के फैले अरबों के कारोबार पर इस फ़िल्म में सटीक कटाक्ष है। पीके इस बात को साबित करता है कि बिना किसी मेहनत और इनवेस्ट के भी धर्म के व्यापार में सफलता पाई जा सकती है। पीके का अपने गालों पर भगवान का स्टीकर लगाना ऐसे लोगों पर व्यंग्य है, जिन्होंने धर्म को सेल्फ डिफेंस के लिए यूज किया है। भगवान की मूरत बेचने वाले से पीके पूछता है- आपने भगवान को बनाया है या भगवान ने आपको? अगर भगवान अपने भक्तों की बात सीधे सुनते हैं तो मूर्ति की क्या जरूरत? जाति, धर्म और सरहदें मानव निर्मित हैं; इसे भगवान ने नहीं बनाया। पीके द्वारा उठाए गए सवाल किसी भी तर्कशील इंसान के विचारों का हिस्सा हो सकते हैं। उसकी उलझनों और मासूम सवालों में बिखरते, बँटते समाज की मूल चिंताएँ हैं, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वह हमारे ढोंग को बेनकाब करता है। ईश्वर की अदृश्य सत्ता से इंकार नहीं करता, लेकिन आज धर्म के नाम पर हो रहे गोरख धंधे के विरूद्ध धर्महीन समाज की वकालत करता है।

कबीर खान निर्देशित 'बजरंगी भाईजान' में प्रेम के रिश्ते को हर सरहद से परे दिखाया गया है। भारत के एक रेलवे स्टेशन पर अपनी माँ से बिछुड़ी बच्ची शाहिदा (हर्षाली मल्होत्रा) हनुमान भक्त पवन (सलमान खान) के पास पहुँचती है। पवन रास्ते में आने वाली तमाम मुश्किलों से जूझते हुए आखिरकार बच्ची को उसकी माँ से मिलाने में कामयाब हो जाता है। फ़िल्म में भारत और पाकिस्तान की राजनीतिक कड़वाहट को बड़े ही सादगी से दर्शकों तक पहुँचाया गया है। संवाद बेहद सधे हुए है और हमारे समाज की समझ का पोस्टमार्टम-सा करते दिखते हैं। एक जगह बजरंगी कहता है- 'इतनी गोरी है तो मुझे लगा ब्राह्मण ही होगी।' धर्मों के अंतर को बेहद सहज ढंग से दिखाने का निर्देशक का हुनर वाकई काबिले-तारिफ है। सरहदों पर खींची लकीरों के बावजूद दोनों ही देश की आम जनता का जीवन, उसके सपने, भागदौड़ लगभग एक ही से हैं। फ़िल्म में मानवता के रिश्ते को हर धर्म, मजहब और राष्ट्र से ऊपर दिखाया गया है। दोनों ही देशों के आम इंसान अमन, चैन, शांति चाहते हैं। लेकिन राजनीतिक स्तर पर दीवारें खड़ी कर दी गई

हैं। यह फ़िल्म मोहब्बत और इन्सानियत का पाठ पढ़ाती है।

**'तारे जमीं पर'** देखें तो इसमें खोते जा रहे बचपन की ओर ध्यानाकर्षित करने की कोशिश की गई है। अकसर हम बच्चों की रुचि, आकांक्षा, समझ को नजरअंदाज करते हैं। दूसरे बच्चों से उसकी तुलना करते हैं। उसे लगातार यांत्रिक बनाने की जद्दोजहद में लगे रहते हैं। हम, बच्चों को अपने अनुसार ढालना चाहते हैं। फ़िल्म में अंदर ही अंदर टूटते बच्चे 'ईशान' के माध्यम से उन सभी बच्चों की ओर इशारा किया गया है जो अपने माता-पिता, अध्यापक के मानकों पर खरे उतरने की कोशिश में अपनी वास्तविक प्रतिभा खो देते हैं और कुंठा के शिकार हो जाते हैं। उनका बचपन खो जाता है। यह फ़िल्म बालमन की संभावनाओं को देखने परखने की माँग करती है। अपने बच्चों के बारे में एक बार पुनः नए सिरे से विचार करने पर मजबूर करती है।

'प्रकाश झा' की **'आरक्षण'** फ़िल्म में भी गंभीर सवालों को उठाया गया है। इसने सामाजिक मुद्दों से उदासीन समाज को लगभग झकझोर दिया। अपनी तमाम कमियों के बाद भी यह फ़िल्म राजनीतिक मुद्दों पर जनता का ध्यान केंद्रित करने में सफल रहा। शिक्षा व्यवस्था में अवसर की असमानता, निजी हितों के लिए शिक्षा के आदर्शों की अवहेलना जैसे गंभीर प्रश्नों को फ़िल्म सामने लाती है।

'विकास बहल' की **'क्वीन'** महिला सशक्तिकरण को मन से सशक्त होने के अर्थ में देखती है। 'रानी' की भूमिका में 'कंगना रानावत' एक आम लड़की है। उसका प्रेमी शादी के दो दिन पहले उससे शादी करने से इनकार कर देता है। अंदर ही अंदर टूट चुकी रानी खुद को संभालने की कोशिश करती है और हनीमून के लिए अकेले ही पेरिस में आरक्षित होटल में समय बिताने के लिए निकल पड़ती है। वह सब कुछ अकेले ही देख लेना चाहती है, जिसे उसके प्रेमी ने दिखाने की उम्मीद बंधाई थी। फ़िल्म में अकेले भी खुद को पूर्ण दिखाने की कोशिश की गई है। रानी आजाद है फिर भी अंग-प्रदर्शन वाले कपड़े पहनने को तैयार नहीं। उसे यह आजादी अच्छी लग रही है पर वह विजयलक्ष्मी के साथ शराब और सेक्स की चाह में क्लब जाने को तैयार नहीं। उसमें अपनी पहचान बनाने और खुद को सशक्त साबित करने की जिद है।

हिंदी सिनेमा प्रायः स्त्री की दो छवियाँ प्रस्तुत करती रही है। एक छवि पारंपरिक स्त्री की है जो अपने पति और बच्चों के लिए जीने में ही अपने जीवन की सार्थकता समझती है। दैहिक पवित्रता की रक्षा करती है और ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाती, जिससे घर की 'इज्जत' पर आँच आए। दूसरी छवि इसके विपरीत है, जिसे उच्छृंखल खलनायिका के तौर पर दिखाया जाता रहा है। इन दोनों अतिवादी छवियों के बीच का रास्ता तलाशती यह फ़िल्म नायिका रानी को एक ऐसी 'मानवी' के रूप में उभारता है जो अपने खोए आत्म सम्मान को वापस पाने की जद्दोजहद करती है। वह उच्छृंखलता नहीं स्वीकारती और न ही पुरुष के हाथ की कठपुतली बनती है। वह आत्मविश्वास अर्जित करती है और पुनः शादी के लिए गिड़गिड़ाते अपने मंगेतर के हाथ में मंगनी की अँगूठी खुद जाकर थमा देती है। यह फ़िल्म महिला सशक्तिकरण को नए नजरिये से देखने परखने की कोशिश है।

'निशिकांत कामत' निर्देशित **'मदारी'** आमजन को झकझोर देने वाली फ़िल्म है। इसमें भ्रष्ट राजनीति के बदरंग चेहरे को बेनकाब किया गया है। भ्रष्टाचार की जड़ों पर हमला किया गया है। आज कुछ ठोस करने की जगह दिखावा ही चरम पर है। यह 'पॉलिटिकल ड्रामा' का जमाना है। फ़िल्म में भ्रष्टाचार के कारण एक पुल ढहने से कई लोगों के साथ 'निर्मल कुमार' (इरफान खान) का सात वर्षीय बच्चा भी मारा गया। इस घटना के बाद निर्मल कुमार की जैसे जिंदगी ही खत्म हो गई। वह गृहमंत्री के बेटे का अपहरण करता है, ताकि उसे अहसास हो कि खुद पर जब मुसीबत आती है तो कैसा महसूस होता है। 'सरकार भ्रष्ट नहीं, भ्रष्टाचार के लिए सरकार है।' जैसे फ़िल्म में आए संवाद पूरे तंत्र का पोल खोलते हैं। राजनैतिक नेतृत्व के भ्रष्ट होने को चिन्हित करते हैं। जो अपने स्वार्थ के लिए जनता का इस्तेमाल कर उसे अपने हाल पर मरने जीने के लिए छोड़ देता है। जनता के दुख-दर्द पर अपनी राजनीतिक रोटी सेकता है और फिर उसे ही भूल जाता है। निर्मल कुमार जिंदगी में हुए हादसे को अपना नसीब मानकर चुप नहीं बैठता, बल्कि

उसके खिलाफ कुछ बड़े कदम उठाता है। सिस्टम से हारे हुए आम आदमी के पलटवार से फ़िल्म इस सिस्टम पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है।

आज हिंदी सिनेमा सामाजिक चेतना जागृत करने का काम बखूबी निभा रहा है। केवल मनोरंजन और अर्थोपार्जन ही नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के अस्त्र के रूप में निरंतर अग्रसर है। निर्देशकों, लेखकों के लिए भी सिनेमा की सामाजिक भूमिका महत्वपूर्ण होनी चाहिए। और बेशक आज सामाजिक सरोकारों से गहरा इत्तेफाक रखने वाली फ़िल्में बनाई भी जा रही हैं। ऐसी फ़िल्मों की लंबी फेहरिस्त है, जो मनोरंजक और आकर्षक ढंग से अपने उद्देश्य को दर्शकों तक पहुँचाने में सफल हो रही है। अच्छी फ़िल्में आज भी प्रेरणा देती हैं। जीवन को समझने का नया नजरिया विकसित करती हैं। तमाम उलझे प्रश्नों को सुलझाती नजर आती हैं। बेहतर इंसान के निर्माण में वे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। लेकिन इन सबके बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि सिनेमा पर बाजार और पूँजी का गहरा नियंत्रण आज भी बना हुआ है। सिनेमा में वंचित वर्ग की वास्तविक समस्याओं को संपूर्णता में प्रस्तुत करना अभी भी शेष है। आने वाले समय में इस सशक्त जनमाध्यम का उपयोग दुनियाँ को बेहतर बनाने के लिए ही होना चाहिए तभी उसकी सार्थकता है।

**पादटिप्पणियाँ**

संवेद, जनवरी - 2015, संपादक - किशन कालजयी, पृ. सं. - 247
वसुधा (81), वर्ष - 6, संख्या -1, संपादक (अतिथि) - प्रहलाद अग्रवाल पृ. सं. – 42
संवेद, जनवरी - 2015, संपादक - किशन कालजयी, पृ. सं – 146
स्त्री: मुक्ति का सपना, संपादक - प्रो. कमला प्रसाद, वाणी प्रकाशन, दिल्ली, पृ. सं. - 107
स्त्री मुक्ति का सपना, संपादक - प्रो. कमला प्रसाद, वाणी प्रकाशन, दिल्ली, पृ. सं. - 108
स्त्री मुक्ति का सपना, संपादक - प्रो. कमला प्रसाद, वाणी प्रकाशन, दिल्ली, पृ. सं. - 23
स्त्री मुक्ति का सपना, संपादक - प्रो. कमला प्रसाद, वाणी प्रकाशन, दिल्ली, पृ. सं. - 108

elections. In 2014 general election he was again elected for 16th

# VINOD KHANNA

## (1946-2017)




व्यक्तित्व

## INTRODUCTION

Vinod Khanna played lead roles in many films and is best remembered for his performances in Mere Apne, Mera Gaon Mera Desh, Kuchhe Dhaage, Gaddaar, Imtihaan, Muqaddar Ka Sikandar, Inkaar, Amar Akbar Anthony, Rajput, The Burning Train, Qurbani, Kudrat, Parvarish, Khoon Pasina, Dayavan, Chandni and Jurm.




After making his debut in 1968, Vinod Khanna first acted in supporting and antagonistic roles; as an angry young man in the movie Mere Apne, as the main villain in the super-hit movie Mera Gaon Mera Desh] and as the military officer turned fugitive in the critically acclaimed movie Achanak, which was a film based on the events of K. M. Nanavati v. State of Maharashtra.

## Early life

Vinod Khanna was born in a Punjabi family to Kamla and Kishanchand Khanna on 6 October 1946, in Peshawar, British India (now in Pakistan). He had three sisters and one brother. Shortly after his birth, India was partitioned and the family left Peshawar and moved to Mumbai.

He attended St. Mary's School, Mumbai until class II and then transferred to Delhi. In 1957, the family moved to Delhi where he attended Delhi Public School, Mathura Road. Although the family moved back to Mumbai in 1960, he was sent to Barnes School in Deolali, near Nashik. During his time at the boarding school Vinod Khanna watched the epic Solva Saal and Mughal-e-Azam and fell in love with motion pictures. He graduated with a commerce degree from Sydenham College, Mumbai.

## Politics

In 1997, Vinod Khanna joined the Bharatiya Janata Party (BJP) and was elected from Gurdaspur constituency in Punjab in the next year's Lok Sabha poll. In 1999, he was re-elected to the Lok Sabha from the same constituency. Later, he became union minister for culture and tourism in July 2002. Six months later, he was moved to the ministry of external affairs (MEA) as Minister of State. In 2004 he won re-election from Gurdaspur. However, Vinod Khanna lost out in the 2009 general

Loksabha from same constituency.

## Personal life

Vinod Khanna met his first wife Gitanjali in college. Vinod Khanna married Gitanjali in 1971 and had two sons with her, Rahul and Akshaye; both became Bollywood actors. In 1975, he became a disciple of Osho and in the early 1980s, moved to Rajneeshpuram. Vinod Khanna and Gitanjali settled for a divorce in 1985.

In 1990, upon returning to India, Vinod Khanna married Kavita Daftary, daughter of an industrialist, Sharayu Daftary.They had a son, Sakshi (born 1991), and a daughter, Shraddha.

## Illness and death

Vinod Khanna was hospitalised at the Sir H.N. Reliance Foundation Hospital and Research Center in Girgaon, Mumbai on 2 April 2017 for a few weeks after suffering from severe dehydration. He died at 11:20 a.m. (IST) on 27 April, and it was revealed that he had been battling advanced bladder cancer. Although the news about his deteriorating health started to spread in early 2017, his family declined to disclose any information. He was cremated at Worli Crematorium on the same day.

## Awards and nominations

Vinod Vinod Khanna won his first filmfare award for Haath Ki Safai.

1975 – Filmfare Best Supporting Actor Award for Haath Ki Safai

1977 – Filmfare Nomination as Best Supporting Actor for Hera Pheri

1979 – Filmfare Best Supporting Actor for Muqaddar Ka Sikander

1981 – Filmfare Nomination as Best Actor for Qurbani

1999 – Filmfare Lifetime Achievement Award

2005 – Stardust Awards – Role Model for the Year

2007 – Zee Cine Award for Lifetime Achievemen

# Baahubali 2: The Conclusion Review

## Less intriguing than Part I, but still a rousing, astonishing achievement




समीक्षा

Director: S.S Rajamouli

Cast: Prabhas, Anushka Shetty, Rana Daggubati, Ramya Krishnan, Sathyaraj

The war is over. Mahishmati awaits the coronation of its new king, Amarendra Baahubali (Prabhas). But while peace may be good for the country, it's bad news for the screenwriter. For a while Baahubali 2: The Conclusion plods along a predictable path. It's never boring. S.S. Rajamouli always finds something fanciful to tuck away into the narrative – like the old world's equivalent of the girl's photograph presented to the boy's family in an arranged -marriage scenario. But we're stuck with a rather generic romance/comedy mix. Amarendra falls for the sword-wielding princess Devasena (Anushka Shetty, who's very good), while a cowardly royal (Subbaraju) clowns around. Even Kattappa (Sathyaraj) is found hamming it up, as he awaits the "nation wants to know" page in the script.

Part II suffers from a unique disadvantage. In most masala movies, some waffling around with romance and comedy is par for the course in the first half, till things start accelerating around the interval point. But then, most masala movies aren't breathlessly anticipated sequels either.

Part I hit the ground running – there was no setup, just the sight of a queen (Ramya Krishnan's Sivagami) with an arrow sticking out of her back, a newborn in her hand. It kept us wondering. Who's this queen? Who's this1 girl covered with butterflies? Who are these cave-dwelling warriors bound by grim purpose? Why does Bhallala Deva (Rana Daggubati) intuit that the loyal Kattappa wants to kill him? And finally, that cliffhanger

The sequel is more straightforward – it's one long flashback for the most part – and at least some of my impatience during the early portions was from wanting to know the answer to the whys. And this is where we see the kind of filmmaker Rajamouli is. We tend to lump all our larger-than-life entertainers into the 'masala' category, but Rajamouli sees masala not just as a style but as a

"The sequel is more straightforward – it's one long flashback for the most part – and at least some of my impatience during the early portions was from wanting to know the answer to the whys."



Baradwaj Rangan

legitimate genre, derived from myth.

There's none of that 'leave your brains at the door, just go have fun' condescension, and there's no star-pandering. Rajamouli takes the genre seriously – he doesn't pander to the audience either. Another filmmaker would have surely broken the flashback, returned to the present day, and inserted a song sequence between Shivu (Prabhas) and Avanthika (Tamannaah). One might complain that the latter, after playing a significant part in the earlier film, is practically absent in this one – but she could not have been given more to do without breaking the integrity of the story.

Or take the big reveal about Kattappa. It left me a bit underwhelmed (in the sense that it's not slap-on-the-forehead exciting) – but it could not have been any other way, because it's completely true to who the man is. His core trait is loyalty. You cannot violate that just because you want to goose your audience. The stretch, therefore, is far more muted than I thought it would be. There's a great moment towards the end when Bhallala's father (Nasser) reminds Kattappa where his loyalties lie, and he freezes as though hypnotised. Looking back, the reveal makes complete sense.

Bit by painstaking bit, the grand story comes together, with memories from earlier myths. The conceit about gods disguising themselves as commoners to pursue love. The sibling rivalry from The Ten Commandments, along with the prince who wants the throne versus the prince who's wanted by the people. The banishment of the loyal-to-a-fault son from the Ramayana.

Rajamouli keeps tweaking these tropes. Amarendra may be Rama, but Devasena is no docile Sita. In an early scene, she uses his shoulders as a stepping stone – she coolly walks over him. Some of the film's juiciest scenes occur when she locks horns with Sivagami. Even off the battlefield, she isn't giving up without a fight.

Devasena also precipitates the film's most interesting psychological angle – Bhallala's lust for her, an emotion so potent it drives him to sniff the chains that bound her – though this isn't explored. The necessities of corralling a number of memorable characters into a compact screenplay result in a few gaps. I wished that, say, Sivagami's conflicted feelings about Amarendra had been fleshed out more, or that a villainous character had had a less obvious change of heart.

But it's with Bhallala that we truly feel the loss. When he is crowned king, he rubs his golden arm rest as though convincing himself it's actually happened. He senses, rightly, that he may wear the crown, but the throne isn't really his – at least, not according to the people. Rana Daggubati imbues the part with monstrous vitality. With all the decision-making powers in Sivagami's hands, he makes us feel the frustration of a Great Dane locked up in a Mumbai apartment. (In comparison, Prabhas comes across as genial and somewhat colourless.)

The film picks up with a huge war scene, and it never looks back. Rajamouli gives us one memorable

moment after another – it's not just about grandeur in the sets and visuals, it's about grandeur of the imagination. It's the way Amarendra's commoner-robes are swallowed up by fire to reveal the armour beneath. It's about Amarendra and Devasena fighting in perfect sync, as though performing a mating dance. He teaches her how to shoot three arrows simultaneously from her bow. In most masala movies, the only thing the hero would teach the heroine is a lesson.

The echoes, a staple of the genre, are beautifully worked out. Marauders who drown their victims meet their end in a flood. If Part I showed us a baby held aloft amidst swirling waters, Part II shows us a baby held aloft in front of a fire. Even a festival scene from the beginning finds resonance in the end. I thought it was just a hero-introduction scene. It actually has to do with the heroine.

In other words, the story comes first for Rajamouli. He exposes the hero-worshipping masala movies we usually get for what they really are, the equivalent of dirty mags under a teenager's mattress, a quick -release mechanism for fans and little else. It's not that he doesn't care about wolf-whistles. Oh, he does. It's just that he doesn't want to get them by simply showing a star strutting in slow motion.



# "अनुवाद अध्ययन का परिदृश्य"

## अनुवाद अध्ययन की उपयोगी कुंजी




समीक्षा

यह कहते हुए बहुत अफसोस और निराशा होती है कि भारत जैसे विशाल बहुभाषी देश में अनुवाद अध्ययन भारतीय शिक्षा प्रणाली में कोई भी महत्व का स्थान नहीं रखती है। भारत में जैसी भाषाई विविधता पाई जाती है, वैसी विविधता संसार के अन्य हिस्सों में शायद ही कहीं देखने को मिलें। अनुवाद अन्य भाषाओं को करीब लाने और उन्हें आपस में जोड़ने में एकमात्र सेतु का काम करती है। दुर्भाग्य से, यही अनुवाद विषय या अध्ययन भारत में शिक्षा प्रणाली की मुख्यधारा से गायब है।

**पुस्तक समीक्षा - अनुवाद अध्ययन का परिदृश्य**

लेखक:
**देवशंकर नवीन**

प्रकाशन विभाग
भारत सरकार
नई दिल्ली
2016
पृ. 208
रु. 150.00

इसमें कोई संदेह नहीं कि अनुवाद अध्ययन पर किया गया विमर्श भाषा और साहित्य के विमर्श से बाहर नहीं आ पाई है। अनुवाद अध्ययन की पढ़ाई साधारणतया साहित्य के अन्य पत्रों की तरह ही होती आई है। पश्चिमी शिक्षा पद्धति में तो भाषाविज्ञान और अनुवाद अध्ययन पर अलग से विभागों की स्थापना हुई है और उस पर गंभीर विमर्श हो रहे हैं, मगर भारत में इस दिशा में कोई विशेष सुगबुगाहट होती नज़र नहीं आती। अब हालत तो यह हो आई है कि भाषा विमर्श भी फिर से पिछड़ती दिखाई दे रही है।

अन्य वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में, अचानक से भाषा के स्तर में भयानक गिरावट चिंता का विषय है। भाषा में यह गिरावट अचानक अभी नहीं आई है। यह काफी दिनों से चल रही है। इसका सीधा असर साहित्य पर भी पड़ा है। हमारे समय का लिखा जाने वाला साहित्य कहीं न कहीं हमारे जनमानस को अपने भीतर समेट पाने में पहले से कम सफल नज़र आता है। इसका सीधा प्रमाण इस तथ्य से भी लगाया जा सकता है कि जब नोबल पुरस्कार समिति ने 2016 में साहित्य के क्षेत्र में पुरस्कार के लिए किसी साहित्यकार के बजाय संगीतकार बॉब डिलन को चुना तो साहित्य की मूल परिभाषा और उसके विस्तार पर ही चर्चा होने लगी और पुरस्कार समिति को इसकी सफाई भी देनी पड़ी। यह दीगर बात है कि इस पर विभिन्न मत दिए गए और इसे बड़े पैमाने पर स्वीकार्यता भी मिली।

यहाँ तक कि राजनीति में भी स्पष्ट तौर पर भाषाई स्तर की गिरावट विश्व के पैमाने पर चिंता का विषय बना हुआ है। इसका सीधा उदाहरण चाहे अमेरिका के राष्ट्रपति का चुनाव हो या भारत में किसी भी राज्य के विधानसभा का चुनाव।

**धर्मराज कुमार**
असिस्टेंट प्रोफेसर
पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज
नई दिल्ली 110065
ई मेल
*dmaxrule@gmail.com*
9013696373

साहित्य और भाषा से इतर अनुवाद की महत्ता पर जोर देते हुए डी. बालसुब्रमण्यम लिखते हैं कि पिछले 25 नोबल पुरस्कार विजेताओं में सिर्फ 9 अंग्रेज़ी के मूल रचनाकारों का यह पुरस्कार मिले। इनमें से शेष बचे 16 साहित्यकारों को स्वेडिश नोबल पुरस्कार समिति का ध्यान अपने तरफ आकर्षित करने के लिए वर्षों तक उनके साहित्य का अंग्रेज़ी में अनुवाद किए जाने तक का इंतज़ार करना पड़ा। यहाँ तक कि टैगोर को भी नोबल पुरस्कार अंग्रेज़ी में अनुवाद हो जाने के बाद ही मिलना संभव हो पाया था।

हालाँकि, अगर हम पूरी दुनिया में दैनिक जीवन में भाषा और साहित्य की वर्तमान स्थिति का जायज़ा लें, तो यह पहले से काफी असामान्य स्थिति में नज़र आती है। ऐसे में अनुवाद अध्ययन पर की बात तो दूर की बात है।

अगर हम इसी के संदर्भ में देखें तो, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प ने हाल ही में मानविकी और समाज विज्ञान जैसे विषयों पर किए गए खर्च में कटौती की बात कही है। ऐसा पहली बार नहीं है जब किसी देश में शिक्षा के नाम पर सरकार का पूरा ध्यान सिर्फ विज्ञान, तकनीक और प्रौद्योगिकी पर है और मानविकी जैसे विषयों को नज़रअंदाज किया जाता रहा है।

भारत में भी शिक्षा के क्षेत्र में ऐसी ही बातें सुनने को मिलती है। साथ ही, ऐसे विचार का सीधा प्रभाव हमारी शिक्षा प्रणाली और व्यवस्था पर पड़ती है। प्रधानमंत्री मोदी जी की 'स्किल इंडिया' के प्रचार-प्रसार की तेजी से समझा जा सकता है।

ऐसी हालत में यह स्पष्ट है कि मानविकी और साहित्य जैसे विषयों की हालत क्या हो सकती है। और अगर बात साहित्य के विस्तार की बात हो तो वह पूर्ण रूप से हमारी साहित्यिक चेतना से गायब दिखाई देती है। अनुवाद अध्ययन इसी गायब होती चेतना का शिकार है। इसमें खुशी की बात बस इतनी है कि अनुवाद अध्ययन की यह दशा सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में देखने को मिलती है! दुर्भाग्य से, अकादमिक क्षेत्र में अनुवाद अध्ययन कभी भी मुख्यधारा में ही नहीं रहा। लेकिन, अनुवाद ने किसी भी सभ्यता और संस्कृति के प्रचार में अभूतपूर्व योगदान दिया है। इतिहास में कई बार ऐसी स्थितियाँ उत्पन्न हुई हैं, जब कई देश कई बार कई कारणों से बर्बादी की शिकार हुए हैं। मगर सब कुछ की समाप्ति के बाद भी बर्बाद हुए देशों की सभ्यता, जो अनुवाद के सहारे सुदूर जगहों पर सुरक्षित थी, ने उसे फिर से बसाया है। इतना ही नहीं, अनुवाद के जरिये विपरीत परिस्थितियों की शिकार गौरवशाली इतिहास की भी रक्षा हुई है। ज़ाहिर सी बात है कि यह भारत के संदर्भ में भी समान रूप से लागू होती है।

ऐसे समय में, देवशंकर नवीन द्वारा लिखित किताब *'अनुवाद अध्ययन का परिदृश्य अनुवाद'* को एक बार फिर से ज्ञान पद्धति के केंद्र में लाने का प्रयास करती दिखाई देती है। यह किताब सामान्य भाषा विमर्श से एक कदम आगे बढ़कर अनुवाद को विमर्श के रूप में खड़ा करती है और उसकी प्रासंगिकता पर विस्तारपूर्वक चर्चा करती है।

अनुवाद अध्ययन या अनुवाद कर्म हमेशा से उपेक्षा की दृष्टि से देखा गया है। दुःखद तो है मगर आश्चर्य नहीं कि उपेक्षा का यह भाव सर्वप्रथम साहित्य के ज्ञाताओं के बीच पैदा होता है। साहित्यकार भी अनुवाद कर्म को दोयम दर्जे का मानते हैं। साधारणतया, अनुवाद की महत्ता थोड़ी बहुत भाषाविदों के बीच देखने को मिलती है अथवा वो भी नहीं।

उपर्युक्त कथन से स्पष्ट है कि अनुवाद का ज्ञान मानव ज्ञान के विकास का मूल स्रोत है। जिस प्रकार भाषा का ज्ञान मनुष्य को अन्य पशुओं से श्रेष्ठ बनाती है, उसी प्रकार अनुवाद का ज्ञान किसी भी भाषा-समाज को समृद्ध बनाता है। अनुवाद-ज्ञान के इतने पर्याय हैं कि ज्ञान के विकास का कोई भी हिस्सा अनुवाद से अलग नहीं हो सकता। गंभीरता से देखें तो अनुवाद की परंपरा उतनी ही लंबी है, जितनी की इतिहास में ज्ञान की कोई भी परंपरा।

दुनिया के सभी विकसित देशों में अनुवाद अध्ययन एक महत्वपूर्ण विषय के रूप में बहुत पहले से स्थापित है, वहीं भारतीय शिक्षा जगत में अनुवाद आज भी गंभीर विमर्श का हिस्सा नहीं हो पाया है। भारत में अनुवाद कार्य और अनुवादक दोनों की सम्मानजनक स्थिति आज भी नहीं बन पाई है। ऐसे समय में अनुवाद जैसे विषय को स्थापित करने हेतु देवशंकर नवीन द्वारा अनुवाद पर लिखित पुस्तक *'अनुवाद अध्ययन का परिदृश्य'* अनुवाद कार्य और अनुवादकों की ओर ध्यानाकर्षित करने का एक बेहतरीन प्रयास है।

अनुवाद भले ही भारतीय अकादमिक क्षेत्र के केंद्र में न हो, लेकिन साहित्य-विमर्श के ही जरिये अनुवाद पर भी गाहे-बगाहे बात छिड़ जाती है। फलस्वरूप, कुछ पत्रिकाओं में अनूदित कृतियाँ प्रकाशित होती रहती हैं। साथ ही, इसी के जरिये कुछ अनूदित पुस्तकों पर भी बात होती है। इसके बावजूद, भारतीय अनुवादकों पर कोई बात नहीं हो पाती। इस तथ्य को ऐसे भी कहा जा सकता

है कि भारतीय शिक्षा-प्रणाली में अनुवाद पर समग्र रूप से विमर्श कभी नहीं हुआ है।

अनुवाद की दुर्दशा का जो दुष्प्रभाव देशकाल के मानव-मस्तिष्क के ऐतिहासिक चेतना, ज्ञान और स्वाभिमान पर पड़ता है, उसके बारे में इस पुस्तक में देवशंकर नवीन लिखते हैं, *'भारतीय ग्रंथों के अनुवाद के प्रति दुनिया भर के लोग सदा अनुरक्त रहे, पर तथ्य है कि अधिकांश भारतीय भाषाओं में उन कालजयी कृतियों का अनुवाद या फिर कई ग्रंथों की मूल प्रति आज सहजता से उपलब्ध नहीं है। जिनकी धरोहरों के अनुवाद से परराष्ट्र लाभान्वित हुए, उस भव्य विरासत के वंशजों के लिए अपनी कंगाली पर आत्मदया की स्थिति कई बार इस तरह भी आती है।'*

ऐसे समय में, अनुवाद की यह पुस्तक अनुवाद विमर्श को संपूर्णता के साथ संक्षिप्त रूप में हमारे सामने रखती है। दो सौ आठ पृष्ठों के भीतर सोलह अध्यायों में लिखी गई यह पुस्तक अनुवाद के हर पहलुओं को पाठक के सामने लाती है। हिंदी में अनुवाद संबंधी अब तक पुस्तकें अतीत में हुए अनुवादों और अनुवादकों के बारे में परिचय से आगे नहीं बढ़ पातीं। अनूदित कार्य के अलावा अनुवाद के विभिन्न पहलुओं की मौलिक जानकारी के लिए कई पुस्तकों का सहारा लेना पड़ता है। विश्वास के साथ फिर भी नहीं कहा जा सकता कि अनुवाद के सभी पहलुओं पर सामग्री मिल ही जाए। पश्चिम में, अनुवाद के क्षेत्र में सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों रूप में अनुवाद का प्रभाव बहुत तेजी से बढ़ा है। इतना ही नहीं, अनुवाद के अर्थ का भी विस्तार हुआ है। इस परिस्थिति में, अनुवाद की यह पुस्तक अनुवाद अध्ययन को स्थापित करने में अभूतपूर्व योगदान देगी।

इस पुस्तक में कुल सोलह अध्याय हैं, जिसमें किसी अध्याय में काफी विस्तार से चर्चा की गई है और कोई अध्याय तो अपेक्षा से अधिक संक्षिप्त है। वैसे, इस पुस्तक को मूलतः चार खंडों में विभाजित कर आसानी से समझा जा सकता है। पहले खंड में समकालीन अनुवाद चिंतन से लेकर प्राचीन भारतीय अनुवाद परंपरा तक का विस्तृत विवरण है। दूसरे खंड में, औपनिवेशिक काल में पनपी और राजनीतिक सत्ता की स्थापना हेतु अनुवाद की राजनीति और सत्ता विमर्श पर गंभीरता से प्रकाश डाला गया है। तीसरे खंड में, अनुवाद के रोजगारोन्मुखी पहलुओं, प्रशिक्षण और उसकी व्यावसायिक उपादेयता पर विस्तार से चर्चा की गई है। चौथे खंड में, वैश्विक साहित्य के निर्माण में अनुवाद की महत्ता या भूमिका को बख़ूबी रखा गया है।

यह पुस्तक समकालीन साहित्य चिंतन और अनुवाद अध्ययन की प्रासंगिकता से शुरू होती है। इसकी शुरुआत समकालीन साहित्य के परिप्रेक्ष्य में अनुवाद अध्ययन की प्रासंगिकता से होती है। इसका प्रारंभ ही होता है, *''मानव सभ्यता के इतिहास में अनुवाद की उपस्थिति प्रारंभ काल से ही है। भाषाई भिन्नता के बाधक तत्त्वों की उपस्थिति के बावजूद मनुष्य अपनी धारणाओं की अभिव्यक्ति निरंतर करती जा रही है, तो इसका श्रेय अनुवाद को ही जाता है।''* इस तरह अनुवाद चिंतन और विमर्श को बहुत ही सरल भाषा में प्रस्तुत की गई है। अनुवाद पद्धति और प्रक्रिया पर शुरू से चर्चा की गई है। अनुवाद परिचय स्रोत-भाषा और लक्ष्य-भाषा से लेकर अनुवाद के विभिन्न प्रकारों को सोदाहरण समझाया गया है। भारतीय अनुवाद परंपरा और उसके चिंतक पर आधारित अध्याय न केवल अनुवाद पर, बल्कि भारतीय साहित्य चिंतन को गंभीरता से हमारे सामने प्रस्तुत करती है। भारतीय चिंतन और अनुवाद परंपरा को समझने में एशियाई अनुवाद परंपरा की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। इतना ही नहीं, यह हिंदी भाषा के उद्भव से लेकर हिंदी अनुवाद की परंपरा और उसके प्रभाव तक का मूल्यांकन करती है। अनुवाद को सांस्कृतिक संचरण के केंद्र में रखकर अनुवाद की महत्ता पर ठहरकर चर्चा की गई है।

अनुवाद और सत्ता विमर्श सबसे छोटा अध्याय है। इस अध्याय का मूल भाव औपनिवेशिक काल में भारतीय प्राचीन साहित्य का अनुवाद और उसके उसके उद्देश्य से प्रेरित है। इसके केंद्र में अंग्रेज़ों द्वारा किया गया अनुवाद है। हालाँकि, अनुवाद और सत्ता विमर्श को एकांगी दृष्टि से देखा गया है। इसके अन्य पहलुओं पर भी बात की जानी चाहिए थी।

अनुवाद के विस्तार के रूप में 'अनुवाद और प्रतिलिप्यधिकार सम्मान', अनुवाद व्याख्या के अनछुए पहलु को हमारे सामने लाती

है। प्रतिलिप्यधिकार को अनुवाद से जोड़कर देखना अनुवाद के गहन विस्तार को दर्शाती है। साहित्य के परिप्रेक्ष्य में प्रतिलिप्यंकन पर लगातार चर्चा होती रही है। इसका मूल स्वर आरोप-प्रत्यारोप का रहा है। आरोप-प्रत्यारोप से अभिप्राय है कि कई बार कोई रचना पढ़ते हुए हमें ऐसा लगता है जैसे किसी एक भाषा की प्रसिद्ध साहित्यिक कृति को किसी दूसरी भाषा के रचनाकार द्वारा दूसरी भाषा में पुनर्रचित है। इसे गैर-अकादमिक भाषा में चोरी भी कहा जा सकता है। विश्व-स्तर पर इसे प्रतिलिप्यधिकार उल्लंघन या कॉपीराइट उल्लंघन भी कहा जाता है। यह अध्याय अनुवाद के विस्तृत फलक को प्रदर्शित करती है। यहाँ संक्षेप में, अनुवाद को व्यावसायिक नैतिकता की कसौटी पर भी कसा गया है।

'अनुवाद प्रशिक्षण और संस्थान' और 'अनुवाद कौशल की व्यावसायिक उपादेयता' जैसे अध्यायों से यह साफ जाहिर होता है कि भारत में अनुवाद की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। यह अध्याय अनुवाद के प्रति जनमानस में व्याप्त चेतना के अभाव को प्रदर्शित करती है। लेखक अनुवाद के प्रति उदासीन रवैये के संदर्भ में अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बार-बार लिखते हैं, *"जिनकी धरोहरों के अनुवाद से परराष्ट्र लाभान्वित हुए, उस भव्य विरासत के वंशजों के लिए अपनी कंगाली पर आत्मदया की स्थिति कई बार इस तरह भी आती है।"* यहाँ तक कि इस अध्याय में वे अनुवाद प्रशिक्षण के संस्थानों की सूची तक भी प्रदान करते हैं, ताकि अनुवाद अध्ययन के इच्छुक विद्यार्थियों को कोई परेशानी न हो।

अगले अध्याय में वे चर्चा करते हैं कि कैसे अनुवाद ने पूरे विश्व को मानवता को एक सूत्र में पिरो दिया है। आज दुनिया के सभी देशों के साहित्य अन्य दूसरे देशों में धड़ल्ले से पढ़े और सराहे जा रहे हैं। इसका सारा श्रेय सिर्फ और सिर्फ अनुवाद को ही जाता है।

पाश्चात्य अनुवाद चिंतन का उन्होंने बहुत ही संक्षिप्त परिचय दिया है। हालाँकि अगर देखा जाए तो अनुवाद की पुस्तकों का झुकाव पाश्चात्य अनुवाद चिंतन पर ही ज्यादा होता है। 'पाश्चात्य अनुवाद चिंतन' अध्याय की संक्षिप्तता का अर्थ ही पाश्चात्य अनुवाद चिंतन के परिचयात्मक उद्देश्य को दर्शाता है।

'अनुवादकीय पदबंध' में अनुवाद अध्ययन की पुनर्व्याख्या की गई है। इस अध्याय में संपूर्ण पुस्तक में दिए गए विमर्शों का निचोड़ प्रस्तुत है। यह अध्याय निष्कर्ष की तरह लिखा गया है, जिसमें संपूर्ण पुस्तक का सार निहित है।

अनुवाद अध्ययन के क्षेत्र में एक ऐसी पुस्तक की कमी काफी खल रही थी, जो अनुवाद जैसे विषय को पाठकों के बीच परिचयात्मक रूप में पहुँचा सके। इस पुस्तक के प्रकाशन के पश्चात यह कमी दूर होती दिखाई देती है। अनुवाद अध्ययन के अनिवार्य ज्ञान हेतु इस पुस्तक को हिंदी भाषा में लिखित सबसे महत्त्वपूर्ण पुस्तक कहें तो अत्युक्ति नहीं होगी। हालाँकि, भाषा के स्तर पर तत्सम शब्दों की बहुलता के कारण कहीं-कहीं इस पुस्तक की भाषा बोझिल सी लगती है, जिसका प्रभाव पठनीयता के प्रवाह पर पड़ता है। पूरी किताब में, कुछ उदाहरणों, वाक्यों और प्रसंगों की पुनरावृति भी हुई है, जिससे बचा जा सकता था। उम्मीद है कि अगले संस्करण में इसमें सुधार की अपेक्षा की जा सकती है।

आनेवाले दिनों में, शिक्षा जगत में और विशेषकर साहित्य और अनुवाद अध्ययन को बढ़ावा देने हेतु इस पुस्तक की भूमिका अविस्मरणीय होगी। अनुवाद की इस पुस्तक को अपरिहार्य रूप से अन्य विश्वविद्यालयों में पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाना चाहिए।

करने के लिए पर्याप्त है।

# पुस्तक समीक्षा : दी राइज ऑफ़ सिवागामी (बाहुबली त्रयी -1)

# The Rise of Sivagami (Bahubali Before the Begining Book 1)




समीक्षा

दी राइज ऑफ़ सिवागामी आनंद नीलकांतन द्वारा लिखित –*बाहुबली : बिफोर दी बिगिनिंग* त्रयी की पहली पुस्तक है। यह हालिया पुनः प्रदर्शित हुई मूवी बाहुबली के पहले की कहानी है। दी राइज ऑफ़ सिवागामी में आनंद नीलकांतन नें माहिष्मती राज्य के राजा से सिवागामी के बदले की महाकाव्यात्मक कहानी को बताया है। आनंद नीलकांतन की *दी राइज ऑफ़ सिवागामी* ताक़त, विश्वासघात और बदले की एक जबरदस्त कहानी है।

लेखक

**आनंद नीलकांतन**

प्रकाशक

**वेस्टलैंड**

भाषा

**अंग्रेजी/ हिंदी अनुवाद**

प्रकाशन वर्ष

2017

## कहानी




दी राइज ऑफ़ सिवागामी की कहानी शुरू होती है- गौरीपर्वत नामक पर्वत की चोटी पर बसे शक्तिशाली साम्राज्य माहिष्मती के इतिहास और उसकी समृद्धता से। सिवागामी एक अनाथ कन्या है, जिसने एक षडयंत्र में अपने पिता को खो दिया है। इस साजिश के पीछे राजा का हाथ होता है और यही राजा बाहुबली त्रयी की पहली पुस्तक का खलनायक है।

आनंद नीलकांतन की यह पुस्तक सिवागामी की साहसपूर्ण यात्रा की पड़ताल करती है, जहाँ सिवागामी अपने पिता की मौत का बदला अपने दुश्मन राजा से लेने को प्रतिबद्ध है। अपने पिता के नाम पर लगे दाग को मिटाने और तथाकथित समृद्ध, लेकिन उतना ही बुराई में डूबे माहिष्मती के साम्राज्य को ढहाने की अपनी खोज में, सिवागामी राजा और उसके राज्य के कई काले रहस्यों का पर्दाफाश करती है। कहानी पर मजबूत पकड़ बनाते हुए आनंद नीलकांतन ने इस महागाथा के साथ पूरा न्याय किया है।

दी राइज ऑफ़ सिवागामी कथ्य पर प्रभावी नियंत्रण के साथ कही गई कहानी है। कहानी की गति न तो बहुत मंद है न ही बहुत विस्तार में उलझाती है। फ़िल्म बाहुबली के निर्देशक एस.एस.राजामौली द्वारा जो विश्वास लेखक आनंद नीलकांतन पर किया गया उस पर वो पूरी तरह खरे उतरे हैं। निर्देशक राजामौली का प्राक्कथन पाठकों को इस महागाथा को पढ़ने के लिए बाध्य

प्रवीण सिंह चौहान
मुंबई

**लेखक के बारे में...**



1973 में जन्मे आनंद नीलकांतन सर्वाधिक बिकने वाली तीन काल्पनिक उपन्यास के लेखक हैं। उन्होंने त्रिचुर के सरकारी इंजीनियरिंग कालेज से पढ़ाई की है। अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद आनंद इंडियन आयल कार्पोरेशन में 1999 से कार्य कर रहे हैं।

आनंद नीलकांतन नें 2012 में प्रकाशित उपन्यास *असुरा : दी टेल ऑफ़ वन्क्विश्ड* से लेखन यात्रा शुरू की। यह उपन्यास बेस्टसेलर हो गई. आनंद की अगली पुस्तक महाभारत पर आधारित थी। आनंद ने हाल ही में *बाहुबली: बिफोर दी बिगनिंग* श्रृंखला की घोषणा की है। दी राइज ऑफ़ सिवागामी इस त्रयी की पहली पुस्तक है।



# क्या स्त्री केवल एक ज़रूरत हैं?

## (क्षमा शर्मा की चर्चित कहानी ‘रास्ता छोड़ो डार्लिंग’ के विशेष संदर्भ में)




समीक्षा

परिवार के अंदर और बाहर स्त्री परंपरागत स्त्री, आधुनिक स्त्री, परंपरा और आधुनिकता के बीच फँसी स्त्री के रूप में अपने कई किरदार निभाती है। अज्ञानता के अंधेरों में पली स्त्री अपने परंपरागत रूप में रहना चाहती है, परंतु जागरूक-शिक्षित स्त्री मौजूदा व्यवस्था के खिलाफ खड़ी दिखाई देती है। लेकिन कुछ स्त्रियाँ जागरूक होने के बावजूद पितृसत्तात्मक बेड़ियों में फँसी हुई भी नज़र आती हैं।

> परंपरागत ढाँचे में जीने वाली नायिका के चित्रण के ज़रिए लेखिका यूँही सवाल छोड़ती है कि क्या स्त्री केवल एक ज़रूरत है? क्या उसका अपना कोई अस्तित्व नहीं है? कुल मिलाकर कहा जाए, तो प्रस्तुत कहानी एक आदर्श-परंपरागत स्त्री और एक आधुनिक स्त्री के बीच के विचारों की लड़ाई है।

अक्सर समाज में स्त्री को केवल एक जरूरत के रूप में देखा गया है। चाहे वह खाना बनाने वाली के रूप में हो या पति-बच्चे और परिवार की सेविका की भूमिका में हो। यह बात तब प्रमाणित होती दिखाई देती है, जब आर्थिक आत्मनिर्भर होने के बाद भी स्त्री की दोयम स्थिति नहीं बदलती हो। परिवार में स्त्री को जो प्यार और जगह मिलती है वह परिवार के अंदर उसकी इन भूमिकाओं के कारण मात्र प्रतीत होता है। लेकिन अपने दूसरे दर्जे की स्थिति को ही कभी स्वयं स्त्री अपना सर्वस्व सुख समझकर बैठती है। साथ-साथ वह परंपरागत मान्यताओं के खिलाफ चलने वाली स्त्री को बुरी नज़र से देखने लगती है। स्त्री किसी की ज़रूरत नहीं, बल्कि उसकी भी अपनी इच्छाएँ होती हैं या उसका भी अपना एक अस्तित्व है, जिसे स्थापित करने की कोशिश करने वाली स्त्री, अपनी इस बात का समर्थन न करने वाली स्त्री का विरोध करती है और उसे अपने रास्ते में चलने का सलाह देती है। लेखिका ने अपनी इस कहानी में दो स्त्री पात्र का चित्रण किया है, जिसमें नायिका परंपरा और आधुनिकता के बीच फँसी हुई नज़र आती है तो दूसरी, परंपरागत मूल्यों के विरुद्ध खड़ी होती है। इस प्रकार क्षमा शर्मा की ‘रास्ता छोड़ो डार्लिंग’ स्त्री अस्मिता की एक नई परिभाषा गठित करने वाली कहानी है।




आदर्श स्त्री का एक आदर्श सपना होता है उसका एक अच्छे लड़के से शादी हो, बच्चे हो और हर सुख-सुविधाओं के साथ एक आदर्श गृहणी की तरह जिए। कहानी की नायिका इसी आदर्श का उदाहरण के रूप में हमारे सामने आती है पर वह मानसिक स्तर पर पूरी तरह परंपरागत नहीं है। क्योंकि वह अपनी शादी के पहले स्वतंत्र रूप से अपना जीवन जीने का एक सपना देखती है, पर वह अपनी बात किसी से बोल नहीं पाती और पढ़ाई के तुरंत बाद उसकी शादी करा दी जाती है। या यूँ कहे, तो पितृसत्तात्मक मूल्यों ने उसे परंपरागत रूप में चलने पर मजबूर किया और उसे पारिवारिक जिम्मेदारी को निभाने वाली स्त्री में बदल दिया। कहानी के एक संदर्भ में नायिका कहती है कि “कॉलेज के दिनों में हमेशा आगे रहने वाली मैं, जीवन की रस्साकशी में उलझ गई थी। .........खुला आसमान किसे अच्छा नहीं लगता! क्या ज़मीन पर किसी ने मेरी परछाई पकड़ रखी है?”1 नायिका के इन शब्दों में वैवाहिक जीवन में आई उसकी निराशा स्पष्ट दिखाई दे रही है, किंतु वह अपनी दोस्त केशा की आधुनिक विचारों से असहमत भी है। यहाँ पर नायिका आधुनिक और परंपरागत मान्यताओं के बीच फँसी नज़र आती है।



सूर्या ई.वी.
सहायक प्रोफेसर
इलाहाबाद केंद्र
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
evsoorya@gmail.com

कहानी में केशा अपने प्रेम विवाह के बाद विवाह व्यवस्था के खिलाफ खड़ी होती दिखाई देती है। केशा अपने जीवन को खुलकर जीना चाहती है, इसलिए वह अपने विचार से ताल-मेल रखने वाले राकेश के साथ प्रेम विवाह करती है, परंतु केशा के लिए बहुत कुछ करने को तैयार हुए राकेश शादी के बाद बदल जाता है और काफी अभिमान से केशा से कहता है कि 'वह तो तुम्हें पाना चाहता था सो पा लिया।' इससे पता चलता है कि राकेश केशा में वही औरत ढूँढ रहा था, जिसे आदर्श कहलाते हैं। राकेश के बारे में केशा अपनी दोस्त नायिका से कहती है कि "साँप तो साल में एक बार केंचुली बदलता है, वह तो हर रोज़ ऐसा कुछ करता था कि झूठ की दीवार एक फुट और ऊँची हो जाती थी और तुम्हें क्या बताऊँ उसने भरपूर कोशिश की कि झगड़ों के दौरान ही एक बच्चा हो जाए। वह बच्चों को बेड़ी समझता था। औरत को एक बार पहना दो, ज़िंदगी भर की छुट्टी!"2

केशा शादी के बाद समझने लगती है कि राकेश उसे अंधेरे में रखना चाहता है, जबकि वह उस अंधेरे में स्वयं को डालना नहीं चाहती। इस वजह से वह राकेश से तलाक लेती है और अकेले रहने का निर्णय लेती है। विवाह व्यवस्था को केवल बंधन मानने वाली तलाकशुदा केशा कई पुरुषों के साथ संबंध बनाती है, क्योंकि वह एक पुरुष में अपने को बांधना नहीं चाहती है। इस तरह वह अपनी देह पर अपना अधिकार स्थापित करते हुए पुरुष वर्चस्व को चुनौती देती है और अपनी देह के इस्तेमाल को अपना परिश्रम मानती है। पर-पुरुष संबंध को गलत नहीं मानने वाली केशा सबसे पहले अपनी बहन को नौकरी दिलवाने के लिए ही खुद को किसी पुरुष को सौंपने को तैयार होती है और इस संदर्भ में कहती है कि "किसी काम के लिए अपना इस्तेमाल क्या परिश्रम नहीं। वैसे शास्त्र भरे पड़े हैं - परिश्रम से सफलता मिलती है। क्या सिर्फ फावड़ा चलाना और बस में धक्के खाना ही परिश्रम है। काम निकलवाने से बड़ी चतुराई और बड़ा परिश्रम क्या हो सकता है?"3 केशा के इस व्यवहार से अवगत नायिका केशा की इस प्रवृत्ति से नाखुश होकर उसे सही रास्ते पर चलने का सलाह देती है।

लेकिन खुद को आधुनिक समझने वाली केशा अपनी दोस्त की किसी बात पर आने वाली नहीं थी पर दिलचस्प बात तब लगती है कि जब केशा एक गंदे व्यक्ति के कंधे पर हाथ डालते हुए बगल में खड़ी नायिका को अनदेखा कर निकलती है। इस संदर्भ में उसका कहना यह है कि "देखो वह अच्छा आदमी नहीं था। मैं नहीं चाहती कि तुम पर उसकी नज़र पड़ती।"4 यानि कि स्वयं केशा अपने को गंदे-अच्छे पुरुषों से संबंध रखने में कोई संकोच नहीं करती, लेकिन अपनी दोस्त पर उस गंदे पुरुष की नज़र पड़ने से उसे बचाती है। इसके पीछे शायद केशा की यह सोच रही होगी कि नायिका एक पत्नी के साथ-साथ दो बच्चों की माँ भी है और किसी की गंदी नज़र भी उसके परिवार में संकट पैदा कर सकती है।

कहानी के कई संदर्भ में केशा, अपने बच्चे–परिवारों के बीच सिमटकर मात्र जीवन बिताने वाली नायिका को जागरूक बनाने की कोशिश करती नज़र आती है। कहती है कि "कभी दुनिया को आँखें खोलकर देखो। यह दुनिया सिर्फ आँसू बहाने के लिए नहीं है। कभी औरतों, कभी बच्चों के लिए बहाए गए आँसुओं से अलग हटकर देखना सीखो।"4 पृ.१६८ दूसरे संदर्भ में, अपने अकेलेपन के जीवन के प्रति सहानुभूति प्रकट करने वाली नायिका को केशा अपने घर बुलाती है और कहती है कि "हाँ मैंने बुलाया था, जानती हो किस लिए? अपनी बर्बादी का रोना रोने के लिए नहीं, अपनी ताकत दिखाने के लिए। तुम इतने दिन से हड्डियाँ घिस रही हो, क्या है तुम्हारे पास? एक घोंचू पति? दो बच्चे। जो जैसे-तैसे पढ़ेंगे फिर क्लर्की करेंगे! एक दो कमरे का फ्लैट! इन सबको तमगे की तरह लटकाए घूमती रहो और मुझ पर तरस खाती रहो, क्यों? तरस कमजोर के लिए मरहम हो सकता है। इसलिए तरस खाना ही चाहती हो तो अपने पर खाओ। तुम एक आदमी को शरीर सौंपती हो और मैं पचास को। करते तो हम दोनों एक ही काम हैं। और मेरे पास वह सब कुछ है - बैक-बैलेंस, कार, ऊँचे संपर्क - जिनके लिए तुम जीवन-भर तरस सकती हो।"5 दूसरे संदर्भ में केशा कहती है कि "कभी अकेलापन डराता नहीं! अकेलापन! किसे कहते हैं? तुम समझती हो, पति हो, बच्चे हो, तो अकेलापन नहीं होता!" लेकिन इस बात पर नायिका का सोचना यह है कि "हाँ, घर जाती हूँ, या बाहर जाती हूँ, तो लगता है, घर में सबको मेरी ज़रूरत है।" इस संदर्भ में नायिका को तीखा जवाब देते हुए केशा कहती है कि "अब कही है सही बात। सारा प्यार, सारा स्नेह ज़रूरतों से ही तय होता है। प्यारी बहन, जब तक तुम उनकी ज़रूरत हो तब तक ठीक है, जिस दिन वे तुम्हारी ज़रूरत बन जाएँगे, तब देखना। जिन बच्चों के कारण तुम आदर्श माँ दिखने का ढोंग कर रही हो, वे ही एक दिन ऐसी लात लगाएँगे कि ठीक हो जाओगी।"6 यहाँ पर परंपरागत ढाँचे में जीने वाली नायिका के चित्रण के ज़रिए लेखिका यूँही सवाल छोड़ती है कि क्या स्त्री केवल एक ज़रूरत है? क्या उसका अपना कोई अस्तित्व नहीं है?

कुल मिलाकर कहा जाए, तो प्रस्तुत कहानी एक आदर्श-परंपरागत स्त्री और एक आधुनिक स्त्री के बीच के विचारों की लड़ाई है। कहानी में क्षमा शर्मा एक उग्रवादी नारीवादी के रूप में पाठकों के मन में उभरकर आती हैं। लेखिका, परिवार, बच्चे सब कुछ होते

हुए भी अकेलेपन से त्रस्त जीवन जीने वाली स्त्री की अपेक्षा में सारे रिश्तों से मुक्त होकर अकेलेपन को जीने वाली स्त्री को अधिक स्वतंत्र मानती हैं। क्योंकि विवाह-व्यवस्था और बच्चे पैदा करने की वजह से स्त्री पूरी तरह घर के अंदर केवल एक ज़रूरतमंद के रूप में जीवन जीने पर विवश होती है। अत: लेखिका इन स्थितियों से स्त्री-मुक्ति की कामना करती हैं। लेकिन विचारणीय बात यह भी है कि कहानी में लेखिका ने केशा के रूप में एक शादीशुदा औरत के जीवन में आए टकरावट के बाद उसके अंदर विवाह के प्रति घृणा पैदा करते हुए दिखाया। इस बात से स्पष्ट है कि स्वयं लेखिका पूरी तरह विवाह व्यवस्था का विरोधी नहीं थी, परंतु वह जिस व्यवस्था में सिर्फ असमानता हो, पति अपनी पत्नी पर पति होने का हक जताता हो, पत्नी की कोई इज्ज़त न हो, ऐसी व्यवस्था पर भरोसा नहीं करती हैं। विरोधाभास की बात यह है कि लेखिका एक तरफ एक शादी-शुदा माँ को दूसरे पुरुषों की गंदी नज़र से दूर रखना चाहती हैं और दूसरी तरफ एक स्वतंत्र व तलाकशुदा नारी को इसमें पूरी तरह छूट भी देती हैं। फिर भी कहा जाए तो कहानीकार स्त्री की पुरानी परिभाषा को बदलना चाहते हुए एक स्वतंत्र जीवन जीने वाले स्त्री-समाज का सपना देखती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

I. पृ. १६६, क्षमा शर्मा, रास्ता छोड़ो डार्लिंग, (सं) स्त्री विमर्श के तेवर

II. पृ. १७०, वही

III. पृ. १६९, वही

IV. पृ. १६८, वही

V. पृ. १७२, वही

VI. पृ. १७१, वही

# 'काशी का अस्सी' में धार्मिक पाखंड को बढ़ावा




समीक्षा

धर्म लंबे समय से कर्तव्य प्रधान रहा है। हजारों वर्षों से धर्म कभी संगठन के रूप में नहीं रहा; धर्म सामाजिक व्यवस्था में सहायक रहा, बाधक नहीं। इस्लाम और ईसाइयत कई वर्षों तक भारत को गुलाम बनाकर रखने के बाद भी यहाँ की पारंपरिक धर्म भावना को ज्यादा कमजोर नहीं कर सकें; किंतु आज धर्म का स्वरूप कर्तव्य प्रधान के पारंपरिक स्वरूप से हटकर आधुनिक टकराव प्राणली की ओर बढ़ रहा है। और हिंदू धर्म धीरे-धीरे धर्म के विकृत स्वरूप की ओर बढ़ता जा रहा है। भारत के हिंदू धर्म में भक्ति व अध्यात्म के नाम से जो पाखंड होते आ रहे हैं, इसके जड़ का पता नहीं। इस संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जो अपनी धार्मिक छवि बनाए रखने के लिए भक्ति का दिखावा करते हैं। इनमें से कुछ तो ऐसे हैं जो गुरु बनकर अपने लिए शिष्य समुदाय का निर्माण कर अपनी रोजी रोटी चलाते हैं। ऐसे दिखावे की भक्ति करने वाले लोग हैं, इसके विपरीत जो भगवान की वास्तव में भक्ति करते हैं, वह उसका प्रयास नहीं करते, न ही अपना ज्ञान बघारते हैं।




'काशी का अस्सी' में काशीनाथ सिंह स्थानीय संस्कृतिक विशिष्टाता की पक्षधरता के साथ यहाँ के समाज के मिजाज़ में मौजूद उस बेचैनी को भी स्वर दिया है जो कि परंपरागत जड़ता से निपटने की चाहत भी पनप रही है।

भक्त और ज्ञानी की पहचान यह है कि वह कभी अपनी भक्ति और ज्ञान शक्ति का बखान नहीं करते, बल्कि निर्लिप्त भाव से समाज सेवा करते हुए अपना जीवनयापन करते हैं। अपनी सच्ची भक्ति और ज्ञान के कारण कुछ लोग महापुरुषों की श्रेणी में आ जाते हैं, उनको देखकर अन्य लोग भी यही प्रयास करते हैं कि उनकी पूजा हो यह केवल अज्ञान का प्रमाण है अलबत्ता अपने देश में धार्मिक प्रवचन एक व्यवसाय के रूप में चलता रहा है। इस करण तोते की तरह किताबों को रटकर लोगों को सुनाते हुए खूब कमाते हैं। उनको देखकर कुछ लोग यह सोचते हुए भक्ति का दिखावा करते हैं कि शायद उनको भी ऐसा ही स्वरूप प्राप्त हो। अनेक लोग संतों की सेवा में इसलिए जाते हैं कि हो सकता है कि इससे उनको किसी दिन उनकी गद्दी प्राप्त हो जाए। ऐसे में भक्ति और ज्ञान तो एक अलग विषय हो जाता है और वह मठाधीशी के चक्कर में राजनीति करने लगते हैं। किताबों को रटने की वजह से उनको शब्द ज्ञान याद तो रहता है ऐसे में वह थोड़ा-बहुत प्रवचन भी कर लेते हैं, पर उनकी भक्ति और ज्ञान प्रमाणिक नहीं है। अपने पौराणिक ग्रंथों का अध्ययन हर आदमी इतना तो कर लेता है कि उसे सारी कथाएँ याद रहती हैं। नहीं भी अध्ययन करें तो इधर-उधर सुनकर उसे बहुत सारी कथाएँ याद आ ही जाती हैं। किसी आदमी ने वह भी नहीं किया हो तो अपने अध्यात्मिक दर्शन के कुछ सूक्ष्म सत्य निष्काम कर्म करों, परोपकार करों, दया करों और माता-पिता की सेवा करों जैसे जुमले सुनाते हुए श्रोताओं और दर्शकों की कल्पित कहानियों से मनोरंजन करता है। उनको सम्मानित होते देख अन्य लोग भक्ति में जुट जाते हैं यह अलग बात है कि कामना सहित यह भक्ति किसी को भौतिक फल दिलाती है, किसी को नहीं। सम्मान पाने का मोह मनुष्य के लिए दु:ख का कारण बनता है। 'काशी का अस्सी' में काशीनाथ सिंह स्थानीय संस्कृतिक विशिष्टाता की पक्षधरता के साथ यहाँ के समाज के मिजाज़ में मौजूद उस बेचैनी को भी स्वर दिया है जो कि परंपरागत जड़ता से निपटने की चाहत भी पनप रही है। यह समझ पुरोहित धर्मनाथ शास्त्री में भी है और फक्कड़ बौद्धिक



घनश्याम कुमार
शोधार्थी(पीएचडी) हिंदी विभाग,
पांडिचेरी विश्वविद्यालय,
पांडिचेरी-605014
ghanshyamk811@gmail.com
9654330370

गया सिंह में भी। काशी की अस्सी में संस्कृति को उत्पाद के रूप से देखने वाली बारबर बाबा की पत्नी कैथरीन योग का व्यवसाय चला रखा है, बड़ी आसानी से यहाँ की व्यवस्था को प्रश्नांकित करते हुए कहती है- “वाराणसी इज डाइंग।” इस पर गया सिंह तल्ख टिप्पणी करते हुए ऊँचे स्वर में कहते हैं- “तो क्या चाहती हैं आप?” चाहती हैं मठ और आश्रम राँड़ों से भरे रहे? सांड़, सड़कों और गलियों में जहाँ-तहाँ गोबर करते रहें? साधू, संन्यासी दाढ़ी बढ़ाए लोगों को चूतिया बनाते रहे?”1 बारबर बाबा उर्फ लाढेराम शास्त्री के रास्ते भूमंडलीकरण का अर्थ है- पूर्ण समर्पण अस्तित्व का लोप किंतु नए रूप में अभ्युदय, लाल बुझक्कड़ी मुद्रा और अज्ञान तथा विभ्रम को बेचने के शिविर। "नाकेराम शर्मा का नाम जब लाढ़ेराम शर्मा हुआ तो यह केवल अनजाने दी गई संज्ञा नहीं है। यह प्रतीक है उस आकांक्षा का जो लाढ़ेराम (बनारस के पंडों में रूपये के लिए प्रचलित कुट शब्द) की प्राप्ति के लिए किसी भी स्तर तक जा सकता है। लाढ़ेराम पाण्डेय धर्मनाम शास्त्री के अगले आयाम है। शास्त्री अपनी सत्ता को बनाए रख कर भूमंडलीय सौदा (संपत्तिवान होना करना चाहते हैं, जबकि संपत्ति के लिए बारबर बाबा किसी भी हद तक जा सकते हैं, अपना अस्तित्व बदल सकते हैं, परिवार छोड़ सकते हैं, नया परिवार बना सकते हैं, वह राष्ट्रीय से अंतरराष्ट्रीय तक हो सकता है। उन्होंने काम, लोभ, अध्यात्म, तंत्र, जादू-टोने, टोटके का ऐसा विलयन तैयार किया कि बाबदपुर से मुगलसराय तक जो भी अंग्रेज (विदेशी) आता बारबर बाबा का योगाश्रम ढूंढता।”2 बारबर देखने में ऐसे लगते हैं कि जैसे उसके पहनावे से पता चतला है- "घुटने तक गेरुए रंग का लंबा चोंगा, गेरुआ, लुंगी, साई बाबा जैसे छितराए घुँघराले बाल, दाढ़ी-मूँछ सफाचट, निखरा दमकता रंग। कौन कह सकता था कि किसी जमाने में ये नाकेराम और लाढ़ेराम रहे होगे? अब वे बारबर बाबा थे- योगिराज और जगतप्रसिद्ध तांत्रिक।"3 बारबर बाबा जैसे वेश में पाखंड करने वाले साधु बाबाओं की आज के युग में कभी नहीं है। गेरुए रंग धारण करके खुद को समाज में पूजनीय बनाते हैं, जनता को गुमराह करने के लिए धर्म के नाम पर योग प्रवचन देते हैं और करोड़ों रूपये का बाजारीकरण करते है। ऐसे बाबाओं का धर्म नाम एक रास्ता है देश को लुटने का। ऐसे-ऐसे ढ़ोगी पाखंडी साधुओं पर संत कबीर अपने वाणी में कहते हैं-

मन ना रँगार रँगार जोगी कपड़ा।

आसन मारि मंदिर में बैठे

ब्रह्म-छाँडि पूजन लागे पथरा॥

कनवा फड़ाय जटवा बढ़ौले

दाढ़ी बढ़ाय जोगी होई गेले बकरा।

काम जराय जोगी होय गैले हिजरा॥

मथवा मुँड़ा जोगी कपड़ा रंगौले,

गीता बाँच के होय गैले लबरा।

ककहिं कबीर सुनो भाई साधो,

जम दरवजवा बाँधल जैबे पकड़ा॥

(कबीर वाणी, कबीर-आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी, पृ.209)

जब एक दशक से योग, प्राणायम, आसन, ज्योतिष, तंत्र जादू, ध्यान, वैधक जैसे अनेकों विषय के ज्ञाताओं का अनोखा आक्रमण पश्चिमी मानस पर हुआ है। उन्हीं के प्रतीक बारबर बाबा है जो मिस कैथरीन को अपनी बीवी बनाकर, उनके सहारे अपना व्यापार बढ़ाते हैं। इनके योगाश्रम भारत में भी है, विदेशों में भी, इन्होंने अपने ज्ञान की अपरिपक्वता को ढ़कने के लिए हिमालय की गुफाओं, तिब्बेत के मठों, कामरूप, कामाख्या की जादूगरियों के साथ लंबा समय बिताने और सीखने के किस्से प्रचारित कर रखे हैं। आज के समय में संत-संत नहीं रहा, वह तो सेठ हो चुका है। जो चोरी करता है डाका डालता है-डलवाता हैं वही संत-संन्यासी हैं। राजाओं-महाराजाओं की तरह रहते हैं, चलते हैं तो अधिक महंगे गाड़ियों से मंत्री जैसे चेलों के साथ। धर्म और पूजा यज्ञ के नाम पर अमीर से गरीब जनता को धोखा कर धन जमीन लुटते हैं खुद को पहुँचे हुए संत-संन्यासी बताते हैं। इन पाखंडी संन्यासियों पर ब्रह्मानंद बोलते हैं- "कौन है संन्यासी-वह जो धूनी रमाएं बैठा है और पैदल चलता है या वह जो मारुति, सूमो, सैंट्रो, मैटीज जैसी ग़िडयों में घूमता है- तरह-तरह के देशी विदेशी असलहों के साथ, मुस्टंड चेलों के साथ? पूजे तो वही जा रहे हैं जो गाड़ियों में घूम

रहें हैं, आश्रम और मठ भी उन्हीं के हैं, चेले-चाटी और भक्त भी उन्हीं के हैं। जो धूनी रमाए बैठे हैं, भिखमंगे से ज्यादा उनकी वक्त नहीं है...कोई ऐसा संन्यासी या साधु हो जिस पर कत्ल के दस-पाँच मुकदमे न हों, जिसके पास ढेरों वैध-अवैध असलहे और हथियार न हों, जो आश्रम और मठों के नाम पर दस-पंद्रह एकड़ जमीन न कब्जियाए हो? संन्यासी किसे कहेगे आप?"4 काशी की धरती धर्म व अध्यात्म के नाम से पूरे विश्व में जाना जाना जाता है। व्यक्ति अपने पारिवारिक सुख-शांति तथा भक्ति व अध्यात्म के लिए आते हैं मंदिर व घाटों पर, लेकिन जब से भारत में वैश्वीकरण दौर आया तब से काशी नगरी में बदलाव होना शुरू हो गया, जो भी पाण्डे-पुरोहित थे उनके स्वार्थ की भावना बढ़ने लगी, उन्होंने यजमान को धर्म के नाम पर ठगना शुरू कर दिया। साथ में विदेशियों के प्रभाव से गैर-कानूनी कार्य तशकरी करना आरंभ कर दिया। मंदिर व घाट के सीढ़ियों पर फूल माला प्रसाद की जगह चुपके-चुपके नशे की वस्तु बिकाना शुरू हो गई थी। उपन्यास में इन पुरोहितों के दैनिक कार्य तथा हो रहें गैर-कानूनी कार्य का पोल खोलते हुए गया सिंह बोलते हैं- "मैं बता सकता हूँ कि सीढ़ियों पर कितने किलो हेरोइन, कितने किलो ब्राउन शुगर कितने किलो चरस और कितने डिब्बे मार्फीन की खपत हुई है इस बीच। घाटों पर वियाग्रा, पेनाग्रा, नियाग्रा और किन-किन चीजों के पाउडर बिक रहे हैं पुड़ियों में? दो-दो सौ रूपए एक-एक पुड़िया।" वे आगे कहते हैं कि किस तरह वृद्ध लोग यहां तक की कम उम्र के लड़के भी नशे से गलत रास्तों पर चल रहे हैं- और खरीद कौन रहा हैं- बूढ़े। चोरी-छुपे। पेंशन की रकम रोटी-दाल में नहीं पुष्टई में जा रही है। और सूनो, गुब्बारे और गुल्ली-डंडा की उमरवाले बच्चे घाट और छत और खिड़कियाँ देख-देखकर जवान हो गए हैं समय से पहले ही। किस तरह घूरते हैं इसी उमर में सयानी लड़कियों को। कभी देखा है?"5 अस्सी धार्मिक स्थल की जगह तशकरी का अड्डा बन गया है। अस्सी घाटों पर फूल, बेलपत्र की जगह हेरोइन अफीम बेचे जाते हैं। धर्म व आस्था की हत्या हो रही है।

धर्म अफीम का नशा हैं जो किसी को लत लग गया तो खत्म होने का नाम न ले। भारत जैसे धार्मिक स्थल पर इसका प्रभाव अधिक देखने को मिलता है। धर्म के ठेकेदार पांडे पुरोहित, साधु-संन्यासी आदि अपने धार्मिक योग कर्मकांड, पूजा-विधि, अध्यात्म आदि के नाम पर ढोंग करते हैं। जनता को झूठे प्रवचन, वेद-पुराणों की कथा के माध्यम से अंधविश्वास जागृत करते हैं, भोली-भाली जनता को अपने धर्म का शिकार बनाने के लिए ये तंत्र-मंत्र, पूजा-पाठ का रास्ता बता कर लाखों-लाखों की संपत्ति लूटते हैं। गलत नक्षत्र, जादू-टोना, काली-छाया, अमंगल के नाम पर आम जनता से अपना स्वार्थ साधते हैं। ईश्वर के नाम पर, मंदिरों के नाम पर ये पाण्डे-पुरोहितो, संत आदि लोग जमीन व मकान अपने धार्मिक पाखंड षडयंत्रों से ठग लेते हैं, और वहां बैठ धर्म की खेती शुरू करते हैं। उपन्यास में पात्र वीरेन्द्र राधेश्याम को इन धर्म ठेकेदारों के बारे में बताते हैं- "कम्पीटीशन शुरू हो गया है जी.टी. रोड़ के किनारे मंदिर, मस्जिद, मजार बनाकर जमीन हड़पने का...। एक ईंट या पत्थर फेंका गेरु या सेनुर पोता, फूल-पत्ती चढ़ाया और माथा टेक दिया-जै बजरंग बली' और दिन-दहाड़े दो आदमी ढोलक-झाल लेकर बैठ गए-अखंड हरिकीर्तन। भगवान धरती फोड़कर प्रकट भए हैं.. जी.टी.रोड के किनारे-किनारे सैकड़ों एकड़ जमीन कब्जिया लिया तुम लोगों ने सेनुर पोत-पोतकर और एक फायदा हुआ है- नगर के हर गली-मुहल्ले में दो-दो चार-चार व्यास और मानस-मर्मज्ञ पैदा हो गए हैं भोसड़ी के।....वे घूम-घूम रामकथा कह रहे हैं और एक-एक दिन के पचास-पचास हजार लूट रहे हैं। ये वाणी के तस्कर चूतिया बना रहे हैं बूढ़ी विधवाओं और सेठों-मारवाड़ियों को।"6

भारत में जब भूमंडलीकरण का दौर शुरू हुआ तब अत्याधुनिक तकनीक की मदद से इतना चकाचौंध जीवन के बिंब टी.वी. ने दिखाया कि मध्यवर्ग उसे पकड़ने छूने की प्रक्रिया में हाँफने-थकने लगा। उसकी शक्ति चूकने लगी, उसकी जेबें खाली होने लगीं, वह असमर्थ सा होने लगा, फिर भी उसके ज़िंदगी की चादर उतनी सफेद नहीं हो सकी जितनी टी.वी. पर दिख जाती थी। इन्हीं के दरवाजे पर कन्नी फ्रांसीसी महिला मादलेन को लेकर गऐ थे। संस्कृत पढ़ने और पेइंग गेस्ट बनाने की गरज से। हो सकता है कि पंडित धर्मनाथ ने भी कन्नी गुरू से पहले से ही कह रखा हो, हालाँकि विदेशियों को पेइंग गेस्ट के तौर पर मुहल्ले की छोटी जातियों अपने यहाँ रखा, और हुई आमदनी तथा उनकी छोड़ी गई वस्तुओं से अपना जीवन स्तर टी.वी. के अनुकूल बनाना शुरू किया। यह दुहरी चुनौती थी, पहले टी.वी. पर दिखाई दे रही ज़िंदगी को न छू सकने की असमर्थता और दूसरे मुहल्ले के मल्लाह, नाई, मछुआरे और खटिकों के बच्चे तथा स्त्रियाँ जीन्स, मैक्सी पहने कान में ईयर-फोन लगाए उन्हें जला रहे थे। इससे निजात पाने के लिए जब मुहल्ले के ब्राह्मण, ठाकुरों ने कभी किसी अंग्रेज को किराये पर रखना चाहा तो यही पाण्डेय धर्मनाथ धर्म, परंपरा पवित्रता और नैतिकता के नाम पर कुहराम मचा दिया करते- "कौन बाभन साहस करें अंग्रेज-अंग्रेजिन को किरायेदार रखने का? कोई भी एक घर तो नहीं, जिसमें मंदिर न हो। अगर रखा तो जीने नहीं देंगे पाण्डेय धर्मनाथ शास्त्री।"7 ज़िंदगी की चादर के रंग को निखारने में इस वर्ग को उछल-कूद और छल-छद्म करने पड़े, पाण्डेय धर्मनाथ शास्त्री इसी वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं। लेखक इस उपन्यास 'काशी

का अस्सी' में इन्हीं पंडित शास्त्री जी को बदलते दिखाया है जो धर्म के नाम पर क्या से कया कर देते थे, वह आज अपने ज्यादा सुख पाने की लालच में अपने धर्म व संस्कृति को बेच रहे हैं। शास्त्री के दरवाजें पर खड़ी है कन्नी द्वारा पटाकर लाई गई फ्रांसीसी लड़की मादलेन जिस पर कन्नी के फरेब ने शास्त्री जी को ग्रेट, पंडित, व्याकरणाचार्या, ज्योतिषाचार्या, भिषगाचार्या, वेदाचार्या, मेनी आचार्याज बना दिया। साथ में हाई क्लास पामिस्टी भी। इस फरेब से मादलेन आश्चर्य में पड़ गई, किंतु उसकी उपस्थिति और उससे आने वाले साढ़े उन्नीस हजार रूपये प्रतिमाह ने बेरी हाई क्लास डिवोटी, लाईक विश्वासमित्र, लाईक वशिष्ठा पर इस तरह का मायालोक सृजित किया कि लाइक ऋषि, मुनी की सारी तपस्या बेमानी हो गई। वह स्खसलित होकर केवल छल और छद्म की मूर्ति हो गए। उन्होंने फरेब गढ़ने शुरू किए पत्नी से, खुद से, परंपरा से और ईश्वर से। उन्होंने पत्नी से बात ही इस तरह शुरू की- "लगता है अब दिन फिरने वाले हैं सावित्री...। जब सिवत्री ने जाना कि घर में अंग्रेजी को रखनो चाहते हैं कि उससे सहन न हुआ कहने लगी “जब इटली वाली लड़की और दाढ़ी वाले अंग्रेज को दूबे या उपाध्याय रख रहे थे तो तुमने कितना हो हल्ला किया नैतिकता के लिहाज से कुछ तो शर्म करो अरे बेशर्म, बेहया। थूक कर चाटने वाले, कल तक मुहल्ले में घूम-घूम कर कह रहे थे साले नहाते-धोते नहीं, झाड़ों फिरते हैं तो कागज से पौंछकर फेंक देते हैं। गोमांस खाते हैं, राक्षत है। तुम्हीं ने बताया था इटली वाली, अंग्रेजिन के बारे में, जो रीवा कोठी के बगल में रहती थी। कौन कहता था कि छिनार को मर्द के बिना नींद नहीं आती। खिड़की खोलकर देखती रहती थी और किसी न किसी लड़के को फांस कर ले जाती थी। कौन कहता था यह सब कहते थे या नहीं कहते थे।"8

पंडित शास्त्री अपनी धर्म पत्नी की बाते सुनने के बाद थोड़ा चिंतित हो गए, उन्होंने सोचा आया धन चला जाएगा तो अधिक मुसीबत उठानी होंगी, वह इस आशंका से आश्वस्त करते हुए शास्त्री जी धार्मिक कथा के माध्यम से लगे अपनी पत्नी को समझाने- “कुछ नहीं होगा मैं बिला नागा क्यों दर्शन करता हूँ महिषासुर मर्दिनी का?.. दुर्गा जी ने जब उसकी छाती पर पैर रखा और मारने के लिए गडँसा ताना तो हाथ जोड़ दिए महिषासुर ने 'माँ' एक विनती है मेरी। मारने से पहले एक वरदान दें कि मेरी जगह बराबर आपके चरणों में रहे। उस समय माँ ने कह दिया कि 'जाओ, अगले जनम में पंडा बनो। मुझसे पहले तेरी पूजा हो।' नतीजा देख रही हो?"9 जो अस्सी कभी अपनी देशज संस्कृति और एक सामूहिकता के लिए जाना जाता था और जिसके एक महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में तन्नीध गुरू का नाम आता था, उन्हीं का बेटा आज एक अंगरेजिन लड़की मादलेन के साथ शास्त्री जी के घर बैठा है, शास्त्री जी का कमरा किराये पर चढ़ाने। मादलेन को उसके होटल पहुँचा कर जब पाण्डे य धर्मनाथ शास्त्री के घर पहुँचे तो अपने प्रयास, सफलता और हिस्सेदारी को एक साथ पेश किया- "कन्नी गुरु खुश थे, जीन्स की पैन्ट, टी शर्ट, और गले में लिपटा सीता राम छाप पीला अंगोछा। खुश थे मैदान फतह करके आये थे कन्नी -अब जाइए सवा किलो लड्डू चढाइए संकटमोचन को। महीने भर से लगा हुआ था, अब जा के हाँ कहा उसने कल सुबह ईटा-सीमेन्ट गिरवा दीजिए और काम शुरू करवा दीजिए कोठरी का कल ही शाम को शायद एडवांस भी दे दे।"10

पाण्डेय धर्मनाथ शास्त्री संस्कृति सीखने और रहने के लिए 19 हजार की कीमत चुकाने को तैयार मादलेन के लिए अटैच टायलेट बाथरुम बनवाया गया। यदि धर्मनाथ शास्त्री शिवालय को शौचालय में तब्दील करने के लिए इस तर्क से सहमत हो गए कि विधर्मी के स्पर्श के बाद विश्वनाथ पूजनीय नहीं बचे। शास्त्री जी बैठक में, वह रहेगी शिवजी का मंदिर उसका टायलेट होगा। शास्त्री जी का असमंजस्य वह शिवजी का घर है। इस पर कन्नी ने रास्ता सुझा दिया, धर्म व परंपरा से अपने पक्ष में प्रमाण दिया- "स्वामी करपात्री जी इतने विद्वान तो नहीं है आप। जब बाबा विश्वनाथ के मंदिर में चमार प्रवेश कर गए और उन्होंने छू लिया बाबा को तो क्या कहा था स्वामी जी ने? कहा था कि अब वे अपवित्र हो गए, अब उनका दर्शन ठीक नहीं, हम दूसरा मंदिर बनाएँगे, हम दूसरे महादेवजी की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे और उन्होंने किया कि नहीं?...और महादेव जी कोई रामलला तो है नहीं है कि वे जहाँ थे वहीं रहेंगे। वहाँ से टस-मस नहीं होंगे, वे घूमन्तु देखता हैं। उनके पास नन्दी है, आज यहाँ हैं कल कहीं और चल देंगे। कभी कैलाश पर कभी काशी में अपने मन के राजा आज कमरे में हैं, कल छत पर जा बैठे तो? आप क्या कर लेंगे उनका?...शास्त्री जी की शंका यह है कि यहाँ कौन विधमी है? तो कन्नी गुरू पलटवार करते हैं- “अरे! हद कर रहे हैं आप तो। इसाइयों को क्या समझते हैं? वे तो चमार से भी बढ़कर चमार है। महादेवजी को ही बर्दाश्त नहीं होगा कि कोई ईसाई उनके बगल में रहे।"11

वैश्वीकरण की फायदा परस्ते पूँजी का यह निर्णयाक दबाव है, वह सदैव उस कमजोर स्थान की तलाश में रहती है जब आप अपनी आवश्यकता और इच्छाओं के आगे मजबूत हो जाएँ तथा वह छद्म अनुपलब्धता गढ़कर आपका सत्व निचोड़ ले, अधिकतम शर्ते मनवा ले। पाण्डेय धर्मनाथ शास्त्री यहाँ विस्तृत होकर उस प्रत्येक देश के रूप में तब्दील हो जाते हैं, जिसने भी विश्व बैंक और विश्व व्यापार संगठन के दबाव और अपने लाभ की इच्छा से इस पूँजी को अपने यहाँ आने के सारे व्यवधान खोल दिए हैं।

पूँजी के मकड़जाल में पड़े देशों की तरह निरंतर खुद को धोखा देते हुए पाण्डेय धर्मनाथ शास्त्री अपने लिए एक बड़ा छद्म गढ़ते हैं। ऐसा स्वप्न जिससे उनके पहले जन्म सारे सपनों से कोई संगति नहीं है फिर भी पूर्व के सपने कुछ समय जीवन पा जाएँगे। महादेव जी का स्वप्न में आदेश महादेव जी क्रोध में धर्मनाथ के अपराध पर उसकी छाती पर त्रिशूल रखकर डाँटते हुए कहा- "चूतिए मैंने बहुत बर्दाश्त किया रे। जहाँ मुझे रखा है वह मंदिर है कि माचिस? हिमालय की ऊँचाइयों का पखेरु मैं, समुद्र की गहराइयों का थहैला मैं, अंतरिक्ष के सन्नाटे का ताताथैया मैं। तेरी मजाल कैसे हुई मुझे डिब्बा-डिब्बीं में बंद करने की? अब तक मैं भांग और धतूरे के नशे में धुत था। मेरा दम घुट रहा था। उस काल कोठरी में, अगर अपनी खैर चाहता है तो अभी-इसी क्षण मुझे वहाँ से उस झोपड़ी से निकाल और ले चल खुले में- खुले आसमान में, जहाँ, चांद है, तारे है, सूर्य है, हवा है, धूप है, बारिश है। उठ और ले चल। शास्त्री ने डरते-डरते पूछ ही लिया कि वह महिला अंग्रेजिन है रे मतिमंद। तूने वेद पढ़ा है। पुराण पढ़ा है। शास्त्र पढ़ा है। सब पढ़ा है फिर भी मूर्ख ही रह गया। मैंने प्राणियों की सृष्टि की है, हिंदुओं, ईसाईयों, मुसलमानों की नहीं। ये तूने बनाए होंगे जा समझा मुहल्ले को। अब उठ और चल।"12 एक ही आस्था को तोड़ने के लिए परंपरा और धर्म से दो मार्ग मिल गए। एक में नए मंदिर का निर्माण (स्वामी करपात्री जी का) दूसरे में स्थान परिवर्तन का ईश्वरीय आदेश। विश्व की आवारा पूँजी की संस्कारहीनता और धार्मिक पुनरुत्थान के बीच इतना करीबी रिश्ता है। अस्सी पर जहाँ एक ओर बौद्धिक सक्रियता, परंपरा की उपमा है, पुरोहितों का समाज विकल्पहीन ईश्वरोन्मुखता में जी रहा है- “किसी के पास कोई डिग्री नहीं, रोजगार नहीं, नौकरी नहीं, व्यवसाय नहीं, काम नहीं, परलोक सिधारते समय पंडित महाराज ने पत्ता पोथी लपेटे एक लाल बेठन खोंस दिया बेटे की काँख में बस। वे तख्त पर बेठन रखे हुए जनेऊ से पीठ खुजा रहे हैं और जजमान का इंतजार कर रहे हैं। फिर भी यह है और जजमान का इंतजार कर रहे हैं। फिर भी यह उसक कि देनेवाला वह, जजमान, भोसड़ी का क्या देगा।"13 जीवन बिताने के लिए इनके पास ईश्वजर की महिमा बेकारी भंग की खुमारी है। सामंती सामाजिक व्यवस्था से विरासत में प्राप्त जजमानी चुनाव नहीं, विकल्पहीनता की बेबसी। एक दिन फत्ते गुरू को कहीं हो पुरा कोंहड़ा हाथ लग जाता है तो पूरे मुहल्लें के आनंद का कारण बन जाता है- मुहल्ला अपने दरवाजों, खिड़कियों, छतों से आँख फाड़े फत्ते गुरू का कोंहड़ा देख रहा है और उनके भाग्य से जल-भुन रहा है। संतोष है तो यह आज का दिन फत्ते गुरू का, कल का दिन और गुरु का। कौन जाने हमारा ही हो। समाज को इस स्थिति के बावजूद सकारात्मक यह है कि इस समाज में विकल्प हीनता की स्थिति से बाहर आने की छटपटाहट है। अवसर मिलते ही वे इस जकड़न को तोड़ते हैं। विदेशियों के आगमन से जब यहाँ के घर होटल, लॉज, पेइंग गेस्ट एकमोडेशन में तब्दील होने लगते हैं। छटपटाहट में लालच एवं उपभोक्तावाद के प्रभाव को देखा जा सकता है, पर जो महत्वपूर्ण है, वह है उनका जड़तावादी मूल्य के विरोध में खड़ा होना। पंडित धर्मनाथ शास्त्री अपनी पत्नी को समझाते हुए कहते हैं- "संस्कृत लिखने-पढ़ने का सुख तो भोग लिया तुमने। क्या चाहती हो, लड़के भी घाट पर बैठे। दिन भर पतंग उड़ाएँ? गली में टिल्लोल मारें।"14 परंपरागत धार्मिक जड़ता के शिकार धर्मानंद शास्त्री इसके प्रारंभिक विरोध के बाद कालांतर से इसी में अपनी बेहतरीन जीवन देखते हैं तथा मंदिर जजमानी एवं शास्त्रीमयता की जकड़न से बाहर आने के लिए छटपटाने लगते हैं।

## संदर्भ


1. काशीनाथ सिंह, काशी का अस्सी , राजकमल प्रकाशन, पृ. 110
2. संपादक : पल्लव, बनारस-2, पृ. 200
3. काशीनाथ सिंह, काशी का अस्सी, पृ.106
4. वही, पृ. 109,110
5. वही, पृ. 112
6. वही, पृ. 94
7. वही, पृ. 117
8. वही, पृ. 123
9. वही, पृ. 125
10. वही, पृ. 128
11. वही, पृ. 130.
12. वही, पृ. 132.
13. वही, पृ. 14.
14. वही, पृ. 126

# चित्रा मिलिंद गोस्वामी का शेअरी रवैया




समीक्षा

सन 1857 हिंदुस्तान में दोरे ज़दीद का नुक़्त-ए-आगाज़ था। उस जमाने में ही औरत की समाजी हैसियत को तस्लिम करने का रुजहान पैदा हुआ और उस की जिंदगी के मसाईल मौज़ुए अदब बन कर तख़्लिक पारों में बे नकाब हुए। औरत की समाजी हैसियत से मुताल्लीक मज़ामिन भी लिखे गए और ख़्वातीन में बेदारी की लहर पैदा करने की कोशिश भी की गई। शायरों में सब से पहिले अलताफ हुसेन हाली ने आवाज़ बुलंद की-

ऐ माओं, बहनों, बेटियों, दुनिया की ज़िनत तुम से है
मुल्कों की बस्ती हो तुम्हें, कोमों की इज्ज़त तुम से है।

और समाज में औरत के गैर मसावियाना सुलूक और उस के खिलाफ़ होने वाली ना-इन्साफी की निशान्दही की। हाली ने अपनी नज़्मों में कमसिनी की शादी, जात-पात की फिक्र में लड़की का गलत जगह ब्याह जैसे मसाईल को तख़्लिक की असास बनाया। "बेवा की मुनाजात" तो उन की इस मौज़ु पर सब से अहम नज़्म है, जिसमें उन्होंने कम्सिन हिंदुस्तानी बेवा की मेहरुमे ज़िंदगी की दर्दनाक तस्वीर निहायत पुर असर अंदाज मे खेंची है। तरक्की पसंद शायरों ने अपनी शायरी में औरत की मसावी हैसियत पर जोर दिया। इस को महबुबा के साथ साथ, रफीक और पैकर-ए-हयात कहा और आंचल को परचम बनाने की तरगीब दी।

> इकिस्वी सदी की इब्तदाई बरसो में हिंदी की बाज़ कवित्रियों ने फन्नी तकाज़ों के पेशे नज़र निसाई अहसासात की बड़ी खुबसुरत तरजुमानी की है जिन में से एक अहम नाम चित्रा मिलीन्द गोस्वामी का भी है।

आज़ादी के बाद तो ज़िंदगी यक्सर बदल सी गई, नए सनअती निज़ाम और नयी इक्दार ने ना सिर्फ ज़िंदगी की ज़रुरतों को बदला, बल्कि उन के फिक्र व ख़्याल के धारों को भी तबदीलन किया। औरत को पहिली बार अपने वजूद की अहमियत का ऐहसास हुआ और उसकी घुटन ने बागियाना रवैया इख्तियार कर के शेअर-व-अदब को अपना ज़राए इज़हार बनाया। इस नए रुजहान की नुमाईन्दगी उर्दू में ज़ोहरा निगार, किश्वर नाहिद, फैहमिदा रियाज़, साजीदा ज़यदी, अदा जाफ़री और परवीन शाकिर ने की। ये शायरात फन की शिशा गिरी से वाकिफ हैं। इन की शायरी में औरत की दाखिली कैफियत और ज़ाति उल्झनों के अलावा खुद एतेमादी के लशकारे भी है। वो उस औरत की बात करती हैं जो न अभागन है और ना ही जोगन। वो अपनी किस्मत पर आँसू नहीं बहाती, खुद को तन्हा नहीं समझती, बल्कि वो माहोल से नबररुद आज़मा होने की सलाहीयत रखती है। वो ज़िंदा रहने की ख़्वाहिशमंद है और वो तवाना लहजे की मालिक है। ये मिसाले देखिए.........

सूरज की तेज़ नजरों का हर वार सेह लिया
शबनम थी फिर भी आँख मेरी शबनमी न थी
फ्लॅट को चाबी, सोफा बिस्तर कमरे की हर एक शए
उस में बस्ने वाला आधा मर्द मगर कब मेरा है
मैं इतने साँपों को रस्ते में देख आई थी
के तेरे शहर में पोहोंची तो कोई डर न रहा
तेरी याद आई तो आँखें जल-थल हो उठीं

**मोहम्मद दानिश गनी**
उर्दू विभाग, गोगटे जोगळेकर कॉलेज
रत्नागिरी

वरना किस को रोना धोना अच्छा लगता है
जैसे वो मेरे ख्वाबों की ताबीर हैं
मैं ने देखा उसे देखती रेह गई

मज़कुरा बाला अशआर में औरत के उन मसाईल की निशान्दही की गई है जो आज़ाद और एक तालिम याफ्ता को दरपेश थे। इन अशाआर में औरत की खुद्दारी और खुद एतेमादी झलकती है। बजाहिर वो मर्द की ज़िंदगी की रफीक और साथी है, लेकिन उसको अपनी ज़िंदगी के फैसले करने का कोई हक नहीं हैं।

औरत का ये रंग व आहंग उर्दू शेरो अदब के अलावा हिंदी में भी देखा जा सकता है। महादेवी वर्मा, महिमा श्री, सुभद्रा कुमारी चोहान, रुपा भवानी, और अनामिका वगैरा ने अपने तजरुबात, मुशाहेदात और तासुरात को निसाई शउर के साथ पेश किया और बेजा रस्मो रिवाज के बोझ तले दबी हुई ख़्वातीन के मसाईल को अपने सुखन का मौज़ु बनाया। इन कवित्रियोंने सिर्फ अपनी ख़्वाहिशात ही नहीं मनवायी, बल्के पिदराना निजामे जब्र से ताबीर भी किया और उसके खिलाफ आवाज भी बूलंद की। साथ ही समाजी व सियासी मसाईल पर अपनी राय का इजहार भी किया।

इकिस्वी सदी की इब्तदाई बरसो में हिंदी की बाज़ कवित्रियों ने फन्नी तकाज़ों के पेशे नज़र निसाई अहसासात की बड़ी खुबसुरत तरज़ुमानी की है जिन में से एक अहम नाम चित्रा मिलीन्द गोस्वामी का भी है। वो बेपनाह तख्लिकी सलाहियत की हामिल शायरा या कवियित्री है और उनका रिश्ता हमारी तहज़िब व तमद्दुन के साथ गेहाराई से जुरा हुआ है। इसलिए उनकी शाअरी में मौज़ुदा अहद की सियासी, समाजी और मआशी मसाईल की अक्कासी साफ तौर पर नज़र आती है।

चित्रा मिलीन्द गोस्वामी हिंदी कवित्रियों में अपना एक मुनरफ़रिद मकाम रखती है। उन की शाअरी ख़्वातीन के लतीफ जज़बात और नफसियात की बेहतरीन अक्कास है। मौज़ु वही पुराना लेकिन अंदाजे बयान बिल्कुल जुदा और आनोखा है। उनकी कविताओं का नया मजमुआ “वल्लरी” है जिस में औरत के जज़बात की बेहतरीन अक्कासी की गई है। औरत की छोटी छोटी ख़्वाहिशों, म्हरुमियों जैसे बहुत से तजरुबों को बड़े फनकारा अंदाज में बयान किया गया है। उनके यहाँ खुद ऐतमादी और खुद शनासी पाई जाती है। “वल्लरी” की शाअरी से अंदाजा होता है के उन्होंने अपने अहसासात और तजरुबात को अल्फ़ाज में ढालने की कामयाब कोशिश की है। अज़दवाज़ी उल्झन, समाजी ना बराबरी, तन्हाई, कश्मकश औरत से मुतालिक तमाम मसाईल को उन्होंने अपनी शाअरी में बड़े तंज़ व तिखे लबों लेहज़े में बयान किया है। उन को जबान व बयान पर बड़ी खुदरत हासिल है। इसलिए वो मामुली ख़्यालात और तजरुबात को इतनी खुबसुरती से बयान करती है के शाअरी का हुस्न दो बाला हो जाता है। “वल्लरी” की ज्यादातर नज़्मों में औरत के ईश्किया जज़बात, नापुख्तगी, खुद सुपुद्रगी, बेबसी और खुद ऐतेमादी वगैरा जैसे जज़बात को बहोत अच्छे ढंग से पेश किया गया है। मिसाल के तौर पर ये नज़्म देखिए.........

जमिन की गिली मिट्टी संभालती है गिलेपन को
तुम्हें लगता है किचड़ में कहती हूँ अकड़
दिन निकलते जाते हैं, दरारें भरने लगती है
बोलने जैसी बाते नहीं पानी जैसा बहना है
मन के पंछी उड़ने लगते, गगन के मेघ बहने लगते
मेरे मन का विश्वभरा, जी कर देखों क्षण भर

इस नज़्म का मफहुम इस बात को रोशन करता है के चित्रा गोस्वामी के नज़दिक औरत की एक शनाख्त है। वो चाहती है के और

को सिर्फ उसकी जिस्मानी साख्त से न पेहचाना जाए, बल्के उसके वजुद को भी तस्लीम किया जाए। उस को गुड़ीया न समझा जाए, बल्के उसे गोश्त पोस्त का ऐसा इन्सान समझा जाए जिस में एक दिल भी है और उस दिल में जज़बात, अहसासात और ख़्वाहिशात भी मौज़ुद है।

मौज़ुदा दौर में औरत ने ना सिर्फ अपनी एहमियात का ईर्फान हासिल किया, बल्के अपने हक के लिए जद्दोजहद भी शुरु कर दी है। माआसीर शाअरी का मंज़र नामा कुछ अलाहेदा नहीं है। आज औरत मसावात का दावा करें न करें लेकिन वा अपने आप को पेहचान गई है। अब उस में ईश्क के आबदार मोतियों की चमक है तो ज़िंदगी की तल्ख सच्चाईयों के संग रेजों का नूकिला पन भी है। चित्रा गोस्वामी ने ''वल्लरी'' में औरत की हैसियत बताने की कोशिश की है। उन्होंने इस दर्द को किनते पुर असर अल्फ़ाज़ में बयान किया हैं।

दहलीज़ है मर्यादा, जानती है वो
मन की परतों को, बंद रखा हमेशा
मकान को घर बनानें में
आज लांघ दी दहलीज़
समय की सिमा को पार करने की
जरुरत जान गई हूँ मैं

इसी तरह इन की और भी बहोत सी नज्में हैं जिन में उन्होंने औरतों की समाजी और रिवायती बंदिशों के साथ उनकी सोचों पर भी मोहर लगा दी है। एक फर्माबरदार ख्वातुन के दिल की आवाज़ को चित्रा गोस्वामी ने मज़कुरा नज़्म में बयान किया है। मुझे लगता है के ''वल्लरी'' की औरत ने मर्द असास मआशरें से बगावत का ऐलान कर दिया है। अब वो ''वफा की देवी'' और ''हया की मुरत'' नहीं वो ''वल्लरी'' के ज़रिये एक नए पैकर में उभर कर सामने आ रही है जहाँ उस पर अपने तशख्खुस और अपने विजदान का ऐहसास पुरी तरह गालिब है।

ऐसा नहीं है के चित्रा गोस्वामी सिर्फ अपने ख़्वाबों और ख़्यालात ही की दुनिया में मुकीद रही और उन्होंने औरत की नफसीयात, उस के हालाते ज़िंदगी, सुपुद्रगी और बेगांगी जैसे मौज़ुआत ही को अपनी शेअरी तख़्लिकात की असास बनाया हो और उन्होंने उदास घरों की कथाएँ ही पेश की हो, उनकी नज़र शेअरो अदब के असरी रुजहानात, आलमी बदलाव, फलस्फीयाना नज़रयात और आसालिबे फिक्र-व-फन पर भी गेहरी रही है। उनके शेअरी तज़रुबात अपने अहद से पूरी तरह जुड़े हुए हैं। उन्होंने अपने अहद के इन्सानों के दाखिली और खार्जी, नफ़्सीयाती और रुहानी मसाईल का मुशाहेदा व मुतालेया एक मुख्तालिफ नुकत-ए निगाह से किया है। बुनियादी तौर पर ताख़्लिक कार होने के नाते वो अपना एक वीज़न रखती है। उन्होंने घर आगन से मुतालिक लतीफ और नाजुक जज़बों ख्वाहिशों और दुखों को मौज़ु बनाने के अलावा अपने हिसारों से बाहर की ज़िंदगी का भी मुशाहेदा करने की कोशिश की है जिस में अपने बेहरान, तसादुमात और आविजिशे हैं। उनकी शाअरी में असरी हिसीयत की रुह भी तेज़ है।

मेरे ख़्याल से महज़ औरत के ज़ाति मसाईल, उसकी शिकस्ते अना और मजलुमियत को मौज़ु बना कर अगर शायरी की जाए तो मौज़ुआते शायरी और उसका हलक-ए-असर मेहदूद हो जाता है। बिलाशुबा चित्रा गोस्वामी ने अपने मौज़ुआत को वसअत ही नहीं दी, बल्के अपने फ़िक्र व ख़्याल की तफ्हीम व तरसील, आसालीब व लफ्ज़ियात और नज़्म की तक्निकियों में भी रिवायात से गुरेज़ करते हुए हिंदी की निसवानी शायरी में एक गिरां कद्र इज़ाफा भी किया है।

VOLUME 2 ISSUE 5 2017 www.transframe.in ISSN 2455-0310

# क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पत्रकारिता के मिथक और चुनौतियाँ

## (केस स्टडी – प्रभात खबर)




शोध

**भूमिका एवं अवधारणा**

पत्रकारिता को जल्दी में लिखा गया साहित्य तो कहा ही जाता रहा है, लेकिन यह सिर्फ साहित्य न होकर सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक, व्यक्तिगत स्तर पर होनेवाले तमाम बदलाव-बनाव-बिगड़ाव की प्रक्रिया से प्रभावित भी होता है। इसलिए पत्रकारिता को सभी विधाओं का समुच्चय भी कहते हैं। जिस तरह सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक स्तर पर सक्रियता के हर क्षेत्र में मिथक की धारणा-अवधारणा समानांतर रूप से चलती है और मजबूती से चलती है उसी तरह पत्रकारिता को लेकर भी मिथक की धारणा-अवधारणा कई स्तरों पर रही ओर बदलते समय के साथ मिथक बदलते भी रहे हैं। पत्रकारिता में इस तरह की धारणा-अवधारणा का विकास होना स्वाभाविक भी है, क्योंकि पत्रकारिता पर सभी क्रियाओं और विधाओं का सीधा असर पड़ता है। देश की राजनीति में हो रहे बदलाव, आजादी के बाद देश के राजनीतिक दलों के सामने बदलते एजेंडे ने देश को पूरी तरह से बदल दिया या बदलाव के बीज बो दिए। उसका विस्तार हुआ पत्रकारिता में कई किस्म के मिथक विकसित हुए, जो यथार्थ के मुकाबले मजबूत हुए। भाषाई पत्रकारिता और अंग्रेजी पत्रकारिता के बीच का मतभेद कि कौन असली-जमीनी पत्रकारिता है? भाषाई पत्रकारिता में भी हिंदी और गैर हिंदी पत्रकारिता के बीच मतभेद कि इनमें कौन सबसे ज्यादा प्रभावी है?

> पत्रकारिता में सिटिजन जर्नलिज्म की प्रक्रिया तेज हुई। हर कोई अपनी बात कहने लगा। इस वेब मीडिया को और भी ज्यादा पंख लगाए न्यू मीडिया ( सोशल मीडिया) ने। मोबाईल फोन पर वेब मीडिया के शिफ्टिंग ने तो पूरा का पूरा परिदृश्य ही बदलना शुरू कर दिया।

**प्रमूख शब्दावली-** मिथक, यथार्थ, चुनौतियाँ, क्षेत्रीय पत्रकारिता, राष्ट्रीय पत्रकारिता

**शोध उद्देश्य-** क्षेत्रीय और राष्टीय पत्रकारिता के मिथक को जानना और उसकी चुनौतियों को पहचानना।

**शोध क्षेत्र-** झारखंड राज्य का रांची जिला।

**शोध प्रविधि-** अंतर्वस्तु विश्लेषण, साक्षात्कार और केस स्टडी।

**मिथक: परिभाषा और परिकल्पना**

अंग्रेजी के शब्द मिथ का हिंदी रूप मिथक है। इस शब्द का प्रयोग आधुनिक काल में हुआ। यह शब्द हिंदी जगत को आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी से मिला। मिथक अलौकिकता का पुट रखते हुए भी लोकानुभूति का वाहक होता है। मिथ शब्द यूनानी मुथॉस से आया, जिसका अर्थ है - मौखिक कथा। अरस्तू के यहां मिथ शब्द का प्रयोग कथाबंध या गल्पकथा के रूप में मिलता है। मिथक को भारतीय संदर्भ में आदिम युग के वास्तविक विश्वासों की अभिव्यक्ति माना गया है, जो आख्यानपरक भी है और प्रतीकवत भी। वस्तुतः मिथक के स्वरूप आदि को लेकर अनेक विचार और अनेक मत मिलते

अनुपमा कुमारी
शोधार्थी
जनसंचार विभाग
म.गां.अं.हिं वि, वर्धा
महाराष्ट्र

हैं। दार्शनिक, तत्वशास्त्री, समाजशास्त्री, मनोविश्लेषक, इतिहासकार, कलाकार आदि सबने मिथकों को अपने अपने कोण से देखा है। अतः किसी एक ही मत को मान लेना बहुत ठीक न होगा। फिर भी प्रतिनिधि मत के रूप में कहा जा सकता है कि मिथक कोरी कल्पना या गप्पबाजी न होकर, कल्पना के खोल में अपने समय का एक सामाजिक यथार्थ होता है।

मिथक को लेकर अवधारणा यह है कि 'मिथक' देशकालातीत है और वैश्विक धरातल पर सभी ऐतिहासिक-पौराणिक अथवा लोकप्रचलित किंवदंतियां इसके सृजन का आधार बनती है। मिथक में मानवीय अनुभव के प्रतीक होने के कारण हर संस्कृति उसे सम्मान की दृष्टि से देखती हैं और उसे सुरक्षित रखती हैं। मिथक के प्रखर आलोचक डॉ. रमेश कुंतल मेघ ने मिथक की मूल्यवत्ता को प्रस्थापित करते हुए लिखा है- *''मिथक किसी एक राष्ट्र अथवा मानवता, संस्कृति के लेखे-जोखे हैं। मिथक किसी भी समाज की संस्कृति के आधार गठन या संरचना को प्रकट करते हैं, जिसके उपर उसके उपरूपों के कला, धर्म, विज्ञान, कानून, नैतिकता के विपुल ऐश्वर्यवाले स्वर्णयुगीन महान प्रासाद खड़े किए हैं।''*

डॉ. मेघ ने मिथक को कला, धर्म, विज्ञान, काननू एवं नैतिकता के उदगम स्रोत के रूप में देखा है। साथ ही वे यह भी कहना चाहते हैं कि मिथक मानवता तथा संस्कृति के लेखे-जोखे हैं, इसलिए विश्व का कोई भी साहित्य ऐसा नहीं होगा जिन्हें मिथक ने अछूता छोड़ा हो। आज तक की कोई कला इससे वंचित नहीं है। रामलीला, नौटंकी, रंगमंच तथा चित्रपट इत्यादि सभी उपर मिथक का प्रभाव दृष्टिगोचर होता है।

मिथक को लेकर दुनिया के कई विशेषज्ञों और विद्वानों ने अपनी धारणाएं प्रस्तुत की हैं ओर सबकी मान्यताएं अलग-अलग होते हुए भी एक दिशा में जाती है। सब प्रकारांतर से यह मानते हैं कि मिथक का गहरा आधार समाज में रहा है और गहरा प्रभाव भी। प्रख्यात मानवशास्त्री-समाजशास्त्री डॉ. श्यामाचरण दुबे लिखते हैं- *''मिथक तथा प्रतीक व्यक्तिगत तथा सामाजिक आधार पर बनते हैं।डॉ दुबे ने अपनी मिथक संबंधी परिभाश के अंतर्गत लोक विश्वास तथा लोक समुदाय की धार्मिक क्रियाओं पर जोर दिया है। अर्थात मिथक का गठन लोक विश्वास और धार्मिकता के कारण होता है। वे आगे जादू-टोने आदि अंधविश्वासों को भी मिथक के करीब बताते हैं, किंतु ये दो चीजें बाद समाज से जुड़ी हैं। अंधश्रद्धा मूलतः धार्मिकता के सथ ही जुड़ी हुई है। अतिश्रद्धा अंधश्रद्धा में ही परिवतर्त हो जाती है। मिथक का काम लोक जागृति का है नहीं कि अंधश्रद्धा को बढ़ाना।''* इस तरह हम देखते हैं कि मिथक को लेकर कई धारणाएं-अवधारणाएं एक साथ चलती हैं। इन धारणाओं को देखने पर स्पष्ट होता है कि मिथक यथार्थ के विपरित कई तरह के आयामों के अपने अंदर समेटा होता है।

अमर्त्य सेन की बातों को केंद्र में रखकर देखें तो वे साफ करते हैं कि भारतीय समाज में सिर्फ जो लिखित और प्रचलित इतिहास है, उसका ही महत्व नहीं रहा है, बल्कि दूसरे तथ्य और तर्क भी वर्षो से समाज को संचालित करते रहे हैं और संचालित करनेवाले उन आधारों को खारिज नहीं कर सकते हैं, उस पर तर्क वितर्क कर सकते हैं। इसी बात को दुनिया के जानेमाने विद्वान और भारतीय इतिहास के गहरे अध्येता वेंडी डोनिगर अपनी मशहूर किताब 'द हिंदूज- एन अल्टरनेटिव हिस्ट्री' में अलग तरीके से बताते हैं। वे लिखते हैं- *''भारत के इतिहास और मनोभाव को समझने के लिए हमें दो तरीके अपनाने होंगे। एक तो वह इतिहास, जो पन्ने में दर्ज है और दूसरा जो वर्षों और पीढ़ियों से मानस में विविध कल्पनाओं और काल्पनिक तसवीरों के साथ मानस में गहराई से कैद है। इसे मिथक कहते हैं और मिथक-इतिहास का अध्ययन एक साथ करते समय हमें बहुत सावधान रहना होगा। इतिहास वह होता है, जिसके जीवंत साक्ष्य होते हैं, लेकिन मिथक का साक्ष्य न होते हुए भी इतनी गहराई से लोकमानस में रचा-बसा होता है और उसमें इतना विश्वास होता ह कि वह कई बार इतिहास से अधिक ताकतवर तरीके से उपस्थित होता है।''3*

### मिथक और यथार्थ के सामंजस्य व द्वंद्व के बिंदु

यथार्थ और मिथक के बीच द्वंद्व और दुविधा का तानाबाना तो होता ही है, साथ ही कई बार वे एक दूसरे के पर्याय से भी लगते हैं।

भारतीय विद्वान वियोगी हरि मिथक और यथार्थ के बीच एक अहम कड़ी के रूप में परंपरा को लाते हैं। वे स्वयं द्वारा संपादित चर्चित पुस्तक 'हमारी परंपरा' में मिथक, यथार्थ के बीच परंपराओं की महत्वपूर्ण भूमिका का निरूपण करते हुए लिखते हैं- *"प्रायः प्रत्येक प्राचीन देश की कोई न कोई अपनी सांस्कृतिक परंपरा होती है। इतिहास भी उसका होता है। किंतु परंपरा की तुलना में उतना प्राचीन नहीं। पंरपरा के बनने में हजारों वर्ष लगते हैं और वह बनते-बनते बनती है। सैकड़ों पीढ़ियों से अटूट रूप से चले आ रहे संस्कार और कुछ रीति रिवाज भी उस देश की प्रकृति में एकरस हो जाते हैं। परंतु ऐसे देशों की परंपरा कुछ खास नहीं हुआ करती, जिसकी सभ्यता कुछ ही सदियों पुरानी होती है। हाल में जनमे हुए किसी देश की परंपरा विशेष हो भी क्या सकती है। उसका, उतने काल का इतिहास तो लिपिबद्ध हो जाता है, जिसमें कुछेक घटनाओं का उल्लेख रहता है। घटनाएं तो लगभग बार-बार एक जैसी ही घटती है। इतिहास अपने आपको दोहराता रहता है, किंतु इतिहास को ही किसी देश की एकमात्र संपदा नहीं माना जा सकता। वहां जो सांस्कृतिक पंरपरा पाई जाती है, उसका मूल्य बहुत बड़ा होता है।"4*

**राष्ट्रीय पत्रकारिता बनाम क्षेत्रीय पत्रकारिता के द्वंद्व के बिंदु**

क्या है मिथक सबसे ज्यादा बौद्धिक टकराव राष्ट्रीय पत्रकारिता बनाम क्षेत्रीय पत्रकारिता को लेकर हुआ और द्वंद्व-दुविधा की स्थिति भी इसे ही लेकर बनी। इसे मिथक की परिधि में रखना या कि द्वंद्व दुविधा कहना इसलिए श्रेयस्कर होगा, क्योंकि अगर हम भारत में पत्रकारिता का इतिहास देखते हैं तो वह राष्ट्रीय बनाम क्षेत्रीय पत्रकारिता के भंवरजाल में नहीं फंसा था। तब पत्रकारिता के सामने एक उद्देश्य था और उन उद्देश्यों की परिधि में स्थानीय पत्र-पत्रिकाओं में और दूसरों में भी खास विभेद की रेखा नहीं थी। उसकी झलक आजादी की लड़ाई के दौरान निकली पत्र-पत्रिकाओं में साफ देखी जा सकती है। बहुत ही कम संख्या में प्रकाशित-प्रसारित होनेवाले पत्र हों, स्थानीय भाषाओं में प्रकाशित होनेवाले पत्र हों या फिर बड़े नामवाले पत्र, समाज में सबकी महत्ता थी कि और सबको राष्ट्रीय ही माना जाता था। हालाँकि इसके पीछे कई विश्लेषकों का यह तर्क आता है- चूँकि आजादी की लड़ाई में मकसद और लक्ष्य एक थे- अंग्रेजों से मुक्ति और देश की आजादी, इसलिए राष्ट्रवाद और राष्ट्रीयता एक सबसे बड़ा मसला था और प्रायः सब उसके समर्थन में रहते थे। यह तर्क सही भी लेकिन अगर तब क्षेत्रीय स्तर के अखबार, क्षेत्रीय स्तर की घटनाओं को भी राष्ट्रीय ही माना जाता था तो फिर यह क्षेत्रीयता और क्षेत्रवाद अलग कब हुआ और पत्रकारिता में यह विभाजन की रेखा जैसा कब से बना। लेकिन दूसरी ओर एक और पक्ष है। ऐसा भी नहीं कि यह द्वंद्व और दुविधा सिर्फ पत्रकारिता में ही बनी। इस बदलाव और विभाजन के कई बिंदु रहें, जिनमें राजनीति को प्रमुख माना जा सकता है। आजादी के पूर्व भी भारतीय राजनीति में कई खेमे थे। आजादी मिलने के तुरंत बाद से ही राजनीति में विभाजन की प्रक्रिया तेज हुई। और आजादी के 20 सालों बाद 1967 के बाद से देश के स्तर पर बड़े बदलाव के बीज पड़े। 1967 में पहली बार डॉ. राममनोहर लोहिया के नेतृत्व में हिंदी इलाके में राजनीति ने करवट लेनी शुरू की और कांग्रेस, जो आखिल भारतीय पार्टी थी और जिसे राष्ट्र में सत्ता करने का पर्याय माना जाता था, उसे चुनौती मिलनी शुरू हुई. कांग्रेस के इतर भी विकल्प बन सकता है, इसे डॉ राममनोहर लोहिया ने परवान चढ़ाया। उसका असर हुआ। कांग्रेस के गढ़ों में सेंध पहली बार लगा, लेकिन उसका असर यह भी पड़ा कि क्षेत्रीय आकांक्षाओं के साथ क्षेत्रीय राजनीति की दस्तक सुनाई पड़ने लगी। और फिर 1974-1977 के बीच तो हिंदी इलाके में यह साफ-साफ दिखने ही लगा। राजनीति और लोकतंत्र में जब बदलाव होने लगे तो इसका असर मीडिया पर भी दिखने लगा। मीडिया विश्लेषण अरविंद कुमार सेन लिखते हैं- *"किसी भी लोकतंत्र की सेहत का अंदाजा लगाने के लिए मीडिया को सबसे मुफीद औजार माना जाता है। सूचना माध्यमों में आमजन की पैठ और उनके विविधतापूर्ण चरित्र से लोकतांत्रिक जड़ों की गहराई का आकलन किया जा सकता है।"6*

वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र माथुर 70 के दशक में राष्ट्रीय पत्रकारिता के मिथक के ध्वस्त होने की शुरू हुई प्रक्रिया को दूसरे तरीके से देखते हैं। वे लिखते हैं- "1975 के बाद प्रादेशिक अखबारों की प्रसार संख्या छलांग मारकर आगे बढ़ी है। कई अखबारों के नए संस्करण नए शहरों से शुरू हुए हैं। कई ने अपने पन्ने बढ़ाए हैं। पाठक बाधा, मशीन बाधा, परिवहन बाधा आदि से मुक्ति की कोशिश

बेतहाशा करने लगे हैं।”7

**क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पत्रकारिता की चुनौतियां**

पत्रकारिता के राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्वरूप को लेकर बहस एक अलग जगह है। कौन सी पत्रकारिता राष्ट्रीय है, किसे क्षेत्रीय माने, इसे निर्धारित करने का कोई एक मान्य फार्मूला नहीं है और न ही यह इतना सहज है। क्षेत्रीय और राष्ट्रीय, पत्रकारिता के दोनों ही स्वरूप को अगर समग्रता में मिलाकर देखें और पत्रकारिता के सामने चुनौतियों पर बात करें तो इसका फलक विस्तृत हो जाता है। समकालीन पत्रकारिता को देखें तो कई किस्म की चुनौतियां दिखती हैं। इसका कारण अकेले सिर्फ पत्रकारिता के पेश में आया स्खलन या बदलाव नहीं है, बल्कि आज भारतीय समाज ही कठिन समय से गुजर रहा है। जितनी तेजी से राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक विघटन हुआ है, उस रफ़्तार से नहीं फिर भी हुआ है। शोषित और उपेक्षित वर्गों की समस्याएँ बढ़ी हैं। ऐसी स्थिति में पत्रकारिता की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। और तब सवाल उठा कि राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संकट की जो प्रक्रिया चली उसमें पत्रकारिता ने क्या भूमिका अदा की या उसकी भूमिका क्या होनी चाहिए थी, क्या होनी चाहिए? उसने संकट की इस प्रक्रिया को रोकने की कोशिश की? यह सवाल हिंदी और अन्य भाषाओं की पत्रकारिता के लिए प्रासंगिक हुआ, क्योंकि अंग्रेजी पत्रकारिता की दुनिया अलग रही. पत्रकारिता के इन चुनौतियों और संकट पर विस्तार से राजकिशोर अपनी किताब ‘पत्रकारिता के नए परिप्रेक्ष्य’ की प्रस्तावना में लिखते हैं। वे लिखते हैं- हिंदी दैनिकों की ज्यादातर पत्रकारिता अब भी अनुवाद की पत्रकारिता है। पिछले कुछ वर्षों से यह मर्ज विचारों की दुनिया में भी संक्रमित हुआ है। औद्योगिक व्यवस्था में विचार भी एक उत्पाद बन जाता है। कम से कम विचारों का उत्पादन कर ज्यादा से ज्यादा बिक्री ने जहां कुछ पत्रकारों को बहुत अमीर बनाया है, वहीं स्थानीय स्तर पर विचारों की दरिद्रता भी बढ़ाई है। पहले कुछ छोटे पत्र भी विचारों की दृष्टि से धनी हुआ करते थे। अब बड़े पत्र भी अंग्रेजी का जूठन छापकर गौरव अनुभव करते हैं। निश्चय ही व्यावसायिकता ने हिंदी पत्रकारिता की निजी तेजस्विता को गहरी क्षति पहुंचायी है। जहां बड़ी पूंजी लगी हुई है, वहां पत्रकार कम से कम भौतिक स्तर पर कुछ खुशहाल हैं, लेकिन जहां पूंजी निवेश कम है, वहां भौतिक और आध्यात्मिक गरीबी ने मिलकर एक बहुत ही बदरंग दुनिया बनाई है, जिसमें किसी भी भले आदमी का दम घुट सकता है।

उसी अध्याय में राजकिशोर आगे लिखते हैं कि व्यासायिकता से शायद बहुत ज्यादा शिकायत नहीं की जा सकती. स्वतंत्रता संघर्ष की पत्रकारिता सादगी और त्याग के जिस परिवेश में की जा रही थी, वह बहुत दिनों तक नहीं टिक सकता था। वक एक युद्ध स्तर का काम था। मनुष्य हमेशा जंगी या आदर्शवादी नहीं बना रह सकता। पत्रकारिता को भी अपने टिके रहने के लिए, विकसित होने के लिए, शांतिकालीन रणनीति तैयार करनी ही पड़ती। व्यावसायिकता को इसका जरूरी अंग बनना ही था। पत्रकारिता सिर्फ समाचार या विचार नहीं है- वह उत्पादन भी है। लेकिन क्या यह आवश्यक था कि पत्रकारिता में भी उत्पादन के संबंध उसी तरह से विकृत हो जाते, जैसे उत्पादन के अन्य क्षेत्रों में होते गए?

राजकिशोर अपनी किताब की प्रस्तावना में पत्रकारिता के मूल संकट और चुनौतियों को रेखांकित करते हैं। पत्रकारिता के सामने विश्वसनीयता, साख, सरोकार की चुनौती तो बड़े स्तर पर उपस्थित हुई ही, साथ ही पूंजी के टकराव ने पत्रकारिता के समक्ष दूसरे किस्म की चुनौतियों को पेश किया। हिंदी पत्रकारिता समग्रता में चुनौतियों से घिरती गई। क्या क्षेत्रीय और क्या राष्ट्रीय, दोनों ही किस्म की पत्रकारिता पर इसका गहरा असर पड़ा। नए संस्थानों के उदय, पुराने संस्थानों के बंद होने ने पत्रकारिता को गहरे स्तर पर प्रभावित किया। पुराने संस्थान आक्रामक और आवारा पूंजी के प्रभाव से ध्वस्त हुए तो नए संस्थानों ने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पत्रकारिता के बीच का एक भ्रम पैदा कर अपना विस्तार शुरू किया। उनका आगमन और उदय राष्ट्रीयता के आवरण में हुआ, लेकिन बाद में अधिकांश का स्वरूप ना राष्ट्रीय रह सका, न क्षेत्रीय और न ही स्थानीय।

इस बात का विस्तार समयांतर पत्रिका के संपादक और जाने-माने लेखक पंकज बिष्ट प्रभात खबर और पत्रकारिता के संदर्भ में लिखे गए अपने एक लेख में करते हैं। पंकज बिष्ट लिखते हैं- *"आज मीडिया की विडंबना और चुनौती यह है कि उसका झुकाव अपर मिडिल क्लास की ओर है, बाकि समाज पर उसकी पकड़ नहीं है। वह अपनी इस गलती को स्वीकार करना भी नहीं चाहती, क्योंकि उसका ध्यान ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाना है। वह सोचता है कि अगर वह विज्ञापन के लिए कोशिश करेगा तो इससे उसे ज्यादा मुनाफा होगा। इसलिए वह इस तरह के कामों को ही प्राथमिकता देता है। भारतीय भाषाओं के अखबारों की भी पूरी तरह से चमक-दमक राजनीति में मशगूल हैं। ये सामाजिक महत्व की चीजों को उठाते भी हैं तो सनसनीखेज तरीके से। फिर इनके साथ एक कठिनाई यह भी है कि इन्होंने अपने आपको इतना स्थानीय बना लिया है कि उनकी चिंता बाकि चीजों के प्रति नहीं है।"*

पंकज बिष्ट अपनी टिप्पणी में विस्तार से समग्रता में पत्रकारिता के संकट ओर चुनौतियों पर बात करते हैं। अगर इन चुनौतियों को केंद्र में रखकर देखें तो प्रभात खबर ने बाजार और सरोकार के बीच, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पत्रकारिता के बीच सामंजस्य के बिंदु निकालकर और नई राह बनाकर हिंदी पत्रकारिता में संभावनाओं के नए द्वार खोलने का काम किया। संभावनाओं के द्वार खोलकर प्रभात खबर दो दशक तक उस पर यात्रा करता रहा। दैनिक जागरण, हिंदुस्तान और दैनिक भास्कर जैसे बड़े समूह का सामना करता रहा और अपनी पत्रकारिता की वजह से लीडर बना रहा, लेकिन इससे चुनौतियां खत्म नहीं हुई, बल्कि दिन-ब-दिन गहराती ही गई। जैसा कि प्रभात खबर के प्रधान संपादक श्री हरिवंश इस विषय पर एक लंबे इंटरव्यू में कहते हैं- *"पूरे पत्रकारिता के सामने चुनौती बढ़ती जा रही है। प्रभात खबर जैसे अखबार के सामने भी क्या चुनौती है, उस पर बाद में बात कर लेंगे। पूरे क्षेत्रीय पत्रकारिता, विशेषकर हिंदी की क्षेत्रीय पत्रकारिता पर ही संकट के बादल हैं। नई दुनिया का प्रसंग ज्यादा पुराना नहीं है। नई दुनिया हिंदी की क्षेत्रीय पत्रकारिता में मानक रहा। राहुल बारपुते, राजेंद्र माथुर जैसे लोग उस अखबार ने हिंदी पत्रकारिता जगत को दिए। कई और भी संपादक। लेकिन यह सिर्फ हिंदी पत्रकारिता में संपादकों और योग्य पत्रकारों को देने के लिए ही नहीं जाना गया, बल्कि हिंदी पत्रकारिता की संस्कृति भी इसने विकसित की। एक संस्कार की तरह पुष्पित-पल्लिवत हुआ और हिंदी पत्रकारिता जगत में नई दुनिया ने वह मुकाम पाया, जिस मुकाम, प्रतिष्ठा के बारे में हिंदी के नंबर एक, नंबर दो अखबार कभी सोच तक नहीं सकते। अभय छजलानी जैसे मालिक रहे इसके। राहुल बारपुते के बारे में सब जानते हैं। यशस्वी संपादक, कर्मयोगी पत्रकार। उन्होंने अपने वेतन को फिक्स कर दिया था कि डेढ़ सौ रुपये से ज्यादा नहीं लेंगे। बाद में राजेंद्र माथुर जब आए तो उनसे पूछा गया कि कितना लेंगे आप तो उन्होंने कहा था कि 75 रुपये हर माह मिलने से उनके काम हॉस्टल में चल जाते थे, जरूरत तो बढ़ी नहीं है तो उतने ही चाहिए। ऐसे कनविक्शन वाले लोगों ने मिलकर नई दुनिया को खड़ा किया। 1967 में यह पहला अखबार था शायद हिंदी का, जिसने ऑफसेट पर छपाई शुरू की। तकनीक में भी उतना ही आगे था। लेकिन बदलते समय के साथ क्षेत्रीय पत्रकारिता का यह मानक अखबार अवसान की ओर आया और फिर बिक गया। ऐसा क्यों हुआ? इसके लिए अखबारों का बदलते समय के साथ अर्थशास्त्र समझना होगा। चापलुसों ने नई दुनिया को बिक जाने के हाल में पहुंचाया। अखबार का अर्थशास्त्र यह है कि एक औसत 20 पन्ने का अखबार रोज निकालने के लिए सिर्फ स्याही और प्लेट पर खर्च लगभग चार रुपये हैं। अन्य ओवरहेड खर्च जोड दें तो लगभग प्रति की कीमत सात रुपये होती है। यह खर्च तब, जब अखबार मामूली न्यूज़प्रिंट पर निकलता हो। यह एक अखबार निकालने का खर्चा है। अब आमद पक्ष को समझ लीजिए। फर्ज कीजिए आपका अखबार एक सप्ताह में तीन दिन दो रुपये और चार दिन तीन रुपये में बिकता हो। तब आमद का गणित समझिए। अखबार बिकता है दो या तीन रूपये में, सप्ताह की औसत कीमत जोड़ें तो लगभग ढाई रूपये रोजाना की होगी। हॉकर और एजेंटों की कमीशन होता है लगभग डेढ़ रुपये। इस तरह एक अखबार पर खर्च होता है सात रुपये और आखिरी में जोड़ेंगे तो लगभग एक रुपये हाथ में आता है। छह रुपये का घाटा। अगर कोई अखबार दस लाख प्रति बिकता हो तो रोजाना का घाटा होता है 60 लाख रुपये और इसे महीना में जोड़ दे तो 18 करोड़ रुपये. साल में जोड़ें तो 216 करोड़। इस 216 करोड़ के नुकसान की भरपाई सिर्फ और सिर्फ विज्ञापन से होना होता है। विज्ञापन का गणित भी समझना*

*होगा। 2011-12 में कुल विज्ञापन बाजार था, 25594 करोड़ रुपये। इसमें 10791 रूपये प्रिंट मीडिया के पास। कुल विज्ञापन का 46 प्रतिशत हिस्सा अंग्रेजी अखबारों पर खर्च होता है। अब देश में कुल अंग्रेजी अखबार कितने हैं, यह भी जोड़ लेना होगा। पता चलेगा कि हिंदी या क्षेत्रीय भाषाओं की संख्या में कम हैं पर उनके लिए विज्ञापन का बाजार बड़ा है। क्षेत्रीय भाषाओं के लिए लगभग 10800 करोड़ के प्रिंट विज्ञापन बाजार में मराठी को सात प्रतिशत, तेलुगु को चार प्रतिशत, तमिल को तीन प्रतिशत, बंगाली-गुजराती-मलयालम-कन्नड़ को दो-दो प्रतिशत, उड़िया को एक प्रतिशत. अब यह पूरा अर्थशास्त्र है, साफ समझिए कि छोटे अखबारों और क्षेत्रीय अखबारों के सामने संकट कहां है? लेकिन इन चुनौतियों का मतलब यह नहीं कि क्षेत्रीय पत्रकारिता खत्म हो जाएगी। क्षेत्रीय पत्रकारिता ही हिंदी पत्रकारिता की बुनियाद है और स्वत्व को बचाए हुए है, इसलिए पत्रकारिता के स्वरूप में क्षेत्रीय पत्रकारिता के खत्म हो जाने की बात नहीं कर रहा, लेकिन क्षेत्रीय पत्रकारिता करने वाले क्षेत्रीय अखबारों के सामने अस्तित्व का संकट है और इससे उबारने के लिए सरकारी हस्तक्षेप की जरूरत है। गौर कीजिए, दिनमान, दिनमान टाईम्स, धर्मयुग, साप्ताहिक हिंदुस्तान। नवभारत टाईम्स के कई संस्करण, आवाज, आर्यावर्त, संडे मेल, स्वतंत्र भारत. दलों द्वारा संचालित मुखपत्रों को भी जोड़ लीजिए. नेशनल हेरल्ड, नवजीवन, गणशक्ति,जनशक्ति, मदरलैंड। नव ज्योति और वीर अर्जुन जैसे अखबारों का पता नहीं। यह सूची और लंबी हो जाएगी। एक उदहारण देखिए, आज अखबार चलने के लिए तेलुगु के चर्चित अखबार साक्षी जैसी पूंजी चाहिए और सरकारी समर्थन, तभी क्षेत्रीय अखबार बचेंगे। साक्षी तेलुगु का अखबार है। इस अखबार को वहां के सबसे स्थापित अखबार इनाडु को चुनौती देने के लिए निकाला गया। साक्षी एक साथ 23 जगहों से निकलना शुरू हुआ। उसे पहले ही दिन से कॉमर्शियल दर पर सरकारी विज्ञापन मिलने लगे जबकि आमतौर पर सरकारी विज्ञापन मिलने में साल भर लग जाते हैं। इस अखबार को निकाला आंध्र के तत्कालीन सीएम वाई राजशेखर रेड्डी के बेटे जगन रेड्डी ने। सबसे बड़ा संकट योग्य लोगों का अभाव है। पहले पत्रकारिता में शार्प लोग आते थे, जो इस पेशे को अपनाते थे। अब तो वह स्थितियां रही नहीं। सब कुछ बदल गया है। क्षेत्रीय अखबारों में भी लाख-लाख रूपये तक तनख्वाह मिल रहे हैं। फिर भी इस पेशे में प्रोफेसनलिज्म का अभाव होता जा रहा है। समझदारी वाले लोग इस पेशे में कम आ रहे हैं। हिंदी पत्रकारिता के सामने सबसे बड़ा संकट इसी मानव संसाधन का है। दुर्भाग्य यह है कि इस विषय पर हिंदी मीडिया के जो बड़े घराने हैं, जो राष्ट्रीय हैं, वे कभी काम ही नहीं करते। कभी कभी सोचता हूं कि मैं अगर किसी बड़े अखबार में होता तो मानव संसाधन को ही बेहतर बनाने में सबसे ज्यादा उर्जा लगाता। हर क्षेत्र के श्रेष्ठ, उर्वर मस्तिष्क से प्रशिक्षण की व्यवस्था करवाता।" 9*

**निष्कर्ष**

क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पत्रकारिता के मिथक, यथार्थ और उनकी चुनौतियां तो अपनी जगह है, लेकिन अब समग्रता में पत्रकारिता का पूरा स्वरूप ही तेजी बदला है। बदलाव की यह दस्तक तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के आगमन के बाद से ही सुनाई देने लगी थी। 1990 के बाद जब भारत में उदारीकरण, निजीकरण, भूमंडलीकरण का दौर शुरू हुआ तो उसका व्यापक असर पत्रकारिता पर पड़ा और इसमें तेजी से बदलाव हुए। प्रिंट मीडिया में बड़े संस्थानों के उदय और छोटे संस्थानों के पराभव का सिलसिला तो शुरू हुआ ही, साथ ही इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने दूसरे किस्म के बदलाव किए। अब हर जगह की खबरें एक समान रूप से आने लगी। वर्षों से दबी आकांक्षा को स्वर देने के लिए बड़े स्तर पर एक नए वर्ग का उभार हुआ, वेब माध्यम को अपनाया गया और साथ ही दूसरी ओर वर्षों से अपनी ही खबरों से मरहूम वर्ग तेजी से उससे जुड़ने भी लगा। नतीजा यह हुआ कि पत्रकारिता में सिटिजन जर्नलिज्म की प्रक्रिया तेज हुई। हर कोई अपनी बात कहने लगा। इस वेब मीडिया को और भी ज्यादा पंख लगाए न्यू मीडिया ( सोशल मीडिया) ने। मोबाईल फोन पर वेब मीडिया के शिफ्टिंग ने तो पूरा का पूरा परिदृश्य ही बदलना शुरू कर दिया।

इसका एक बड़ा असर तो अभी से ही दिख रहा है कि सूचनाओं की तिजारत की परपंरा खत्म हुई है और क्षेत्रीय-स्थानीय स्तर पर न सिर्फ खबरों या सूचनाओं का उभार शुरू हुआ है, बल्कि उनकी पहचान और अस्मिता का भी उभार हो रहा है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची**

1. यथार्थ और आदर्श की सीमाएं- समालोचक- डॉ रामविलास शर्मा, सह संपादक -राजनाथ शर्मा, विश्वंभरनाथ उपाध्याय. पृष्ठ-153

2. भारतीय अर्थतंत्र, इतिहास और संस्कृति. लेखक- अमर्त्य सेन. प्रकाशक- राजपाल एंड संस. पृष्ठ- 134

3. द हिंदूज- एन अल्टरनेटिव हिस्ट्री. लेखक- वेंडी डोनिगर. प्रकाशक- स्पीकिंग टाइगर बुक्स. पृष्ठ- 22/23

4. हमारी परंपरा. संपादक- वियोगी हरि. प्रकाशक- सस्ता साहित्य मंडल प्रकाशन. पृष्ठ- 13

5. समयांतर पत्रिका, संपादक- पंकज बिष्ट. मार्च 2015

6. कथादेश पत्रिका, मीडिया वार्षिकी. अप्रैल 2011. पृष्ठ-13

7. समकालीन पत्रकारिता मूल्यांकन और मुद्दे. लेखक-राजेंद्र माथुर. सं- राजकिशोर. प्रकाशक- वाणी प्रकाशन. पृष्ठ-90

8. जर्नलिज्म, मीडिया एंड सोसाइटी. संपादक- डॉ बलदेव राज गुप्त. प्रकाशक- बीएचयू पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग. पृ-2

9. प्रभात खबर के प्रधान संपादक श्री हरिवंश का साक्षात्कार

# Managerial aspects of performance appraisal




शोध

## Introduction

Performance management system is the goal oriented system. Performance management ensuring the process of productivity and increasing the productivity of employee and team of organization. Performance management is relationship between the incentives and productivity. Performance management systems are one of the major focuses in business today. Although every HR function contributes to performance management, training and performance appraisal play a more significant role.

**Performance Appraisal is the systematic evaluation of the performance of employees and to understand the abilities of a person for further growth and development. Performance appraisal is generally done in systematic ways.**

Robert J. Greene, CEO of Reward Systems Inc., said, “Performance management is the single largest contributor to organizational effectiveness. If you ignore performance management, you fail.”

Performance appraisal is part of performance management system and performance appraisal is the formal type task evaluate and analysis the individual task and training performance in the organization. Performance appraisal critically evaluate the performance of individual and group of the company. The performance appraisal use in the 1.Human Resource Planning 2. Recruitment and Selection 3. Career Planning and Development 4. Compensation Programs 5. Internal Employee Relations 6. Assessment of Employee Potential.

Performance appraisal process is the first of all Identify Specific Performance Appraisal Goa then after Establish Performance Criteria and Communicate Them to Employees then after Examine Work Performed then after Appraise Performance and last in Discuss Appraisal with Employee.

Establish Performance Criteria (Standards) are Traits, Behaviors, Competencies, Goal Achievement, and Improvement Potential. There are also different method of evaluate the performance appraisal by Rating Scales Method, 360-Degree Feedback Evaluation Method, Critical Incident Method, Essay Method, Work Standards Method, Ranking Method, Forced Distribution Method, Behaviorally Anchored Rating Scale Method, Results-Based System.

**Radheshyam kalawat**
Research scholar
M.Phil
Department of commerce
Delhi school of economics
University of delhi-110007
Radheshyam.kalawat@gmail.com
9891697020

## Objectives-

The present study aims to accomplish following objectives:

To provide the conceptual framework of performance appraisal.

To review previous literature to find out the types of performance appraisal and correlates of employee performance.

To study the different methods of measuring performance appraisal.

## Review of literature

## Managerial aspect

David E. Guest (2011) HUMN RESOURCE MANAGEMENT AND PERFORMANCE: The aim of this is to review the research in the field of nature of Human resource management, nature of organizational performance and the nature of linkage between the human resource management and organizational performance. The present study include various empirical studies based on the impact of linkage between human resource management practices, theory and organizational outcome. The detailed literature review focus on the issues that are related to the content of HRM practices and performance and how to overcome on the issue by considering positive linkage influence between HRM and performance in order to explore the importance of linkage in the field of organizational behavior, how the HRM policy and practice translate into the organizational performance at a desired level and how measures of performance would be improved in future to tackle the problem of organizational behavior. We conclude that various HRM practices and performance linkage have positive impact on organizational performance.

Michael C.G. Davidson, Ruth MPhil and Shane Barry(2010)HOSPITALITY HRM: PAST, PRESENT AND THE FUTURE :The purpose of this literature review to know the past present and future movement of direction of Human resource management in the field of hospitality industry and also review the history, challenges and trends in Human resource management .This paper focus on the issues of training and skill development in the hospitality industry in order to serve the better quality of service in future are important. Due to the development of technology had changed the way how Human resource management is conducted. Strategic Human resource management and its policies and practices contribute a lot in adding value to the future hospitality in firm performance. This review focus one of the specific field of hospitality that is large international hotel and how they adopted their Human resource management practices in past and present, will adopt in future. This paper also provides the understanding of how the future challenges in this industry will be face out along with different kind of strategies of Human Resource Management which in turn to help in identifying and analysis of the trend of Human resource Management.

Ali Emrouznejad, Barnett R. Parker, Gabriel Tavare (2008) Evaluation of research in efficiency and productivity: A survey and analysis of the first 30 years of scholarly literature in DEA:
This paper measuring the efficiency and performance appraisal of decision making units there has been rapid and increment growth in the field. As a considerable amount of published research has appeared, with a significant portion focused on DEA applications of efficiency and productivity in both public and private sector activities. While several bibliographic collections have been reported, a comprehensive listing and analysis of DEA research covering its first 30 years of history is not available. This paper thus presents an extensive, if not nearly complete, listing of DEA research covering theoretical developments as well as ‘‘real-world’’ applications from inception to the year 2007.
The evolution of DEA as a worldwide accepted OR/MS tool has been tracked here in terms of the increases of both publications and authors. It is apparent from our analysis of DEA’s keywords/subject matter that the method is emerging as a significant and essential tool in a large number of diverse management science fields. The current literature survey of DEA’s 30 year history, and its comparisons with previous reviews, have revealed some important insights into the trends underlying DEA research. It is hoped that these findings will assist both researchers and practitioners in better understanding the current status of this state-of-the-art technology, and in continuing to move the field forward in the future.

Rajat Bhagwat and Milind Kumar Sharma (2007)

Performance measurement of supply chain management:A balanced scorecard approach:
THIS PAPER describe the performance management system of supply chain management on the behalf of balanced score card approaches there are different perspectives like as finance, customer, learning and growth. The balance scorecard measures and evaluate the performance of supply chain management system on the behalf of the all factor are consideration. This paper describe the different level decision making on the behalf of factor of balance score card. Performance metrics also describe the order entry level and entry order time and other factor also define the customer status and management level. Measuring the customer level satisfaction on the different level and different aspect of balance score card in supply chain management.

Angelo S. DeNisi and Robert D. Pritchard1 (2006) Performance Appraisal, Performance Management and Improving Individual Performance: A Motivational Framework, This paper focuses on the effect of researches on performance appraisal on the performances of employees. This paper emphasized the importance of research in the field of performance appraisal for improving the performance. This paper came up with few recommendations for about designing and implementing appraisal and performance management for performance improvement. This paper concluded that a motivational framework was best for integrating all the bits and pieces that had been accumulated and suggest a research agenda for improving the performance. This paper integrates all the prepositions from earlier literatures and integrates them to address the problem of how to improve performance. Further this paper also addresses how appraisals and performance management impact other outcomes beyond the individual performance.

Nigel Melville, Kenneth Kraemer and Vijay Gurbaxani (2004) Information Technology and Organizational Performance: An Integrative Model of IT Business Value, This paper examined the impact of information technology on organizational performance. This paper describes the dimensions and extent to which information technology is dependent on internal and micro environment & external and macro environment. Further the paper explains that information technology is not the only factor which generates value for the business but captured by trading partners and end customers with lower prices and better quality. This paper focuses on the post-internet era, where information technology business value is required but in pre-internet era it is not much of use. The main objectives of the paper was to develop an IT based value model theory, use that model to synthesize what is known about business IT value and then guide further researches in this field from this model theory.

Stefan Stroh Meier (2003) IMPLICATIONS OF OCB AND CONTEXTUAL PERFORMANCE FOR HUMAN RESOURCE MANAGEMENT
In this human resources management performance related to individual human behavior and citizenship is the main and central point of the paper. There some point on performance like as selection, training, recruitment, compensation, appraisal and employee relation about the human resources management. Individual performances linking to organizational performances and analysis the implication at the group level and organizational level. Individual behavior is the factor to job requirement and job analysis. Also citizenship behaviors is control or under in the individual behavior. Recruitment, selection, appraisal, compensation and employee relation are matter to individual performance in the recruitment and job performance.

Chi-Sum Wonga and Kenneth S. Law (2002) the effects of leader and follower emotional intelligence on performance and attitude: An exploratory study: This paper describe basically emotional intelligence effect on the performance of the leader and extra core elements. This also describe the job outcome on the behalf of the psychical and other factor and their emotional role in the job performance and emotional intelligence of the job management to the job performance. What impact of emotion on the job performance and how emotion are affect to their performance of the management? Emotional intelligence is the part of social intelligence. Social intelligence is the combination of interpersonal and intrapersonal of intelligence. Emotional intelligence is a factor of or quality of leadership. There is a trait of social intelligence to describe the performance of leadership. Emotional intelligence is positively related to job performance and increase the effectiveness in the job performance.

Jay B. Barney (2001) IS THE RESOURCE-BASED "VIEW" A USEFUL PERSPECTIVE FOR STRATEGIC MANAGEMENT RESEARCH? YES: The paper critically examines the issues raised by Prelim and Butler in article in *Journal of Management* in 1991. It also talks about any subsequent development in the Resource Based View (RBV) of the firm. It says that the above mentioned article doesn't give a detailed idea about RBV and some aspects of the research require further developments. In addition to it, the article doesn't pass the test of time as, written a decade earlier; a lot of dimensions have changed in context of RBV. In 1991, it helped to reintroduce firm attributes into strategic management research. Some portions of the research still apply to non-strategic disciplines and some strategic disciplines. The author suggests to redefine the meaning of resources and link with Riparian and evolutionary economics.

Andrew H. Gold, Arvin Malhotra and Albert H. Segar's (2001) Knowledge Management: An Organizational Capabilities Perspective, 2001: This paper focuses on knowledge management and how it will impact the capabilities of an organization. This paper describes a new economy with dynamic environment where business transforms itself into a business with extensive knowledge management or knowledge infrastructure. This paper suggests that a knowledge infrastructure is consists of structure, technology, culture with a knowledge process architecture are essential organizational capabilities for effective knowledge management. This paper explains that potential of value creation of an organization depends on capital, knowledge and capabilities. The main objective of the research was to assess the key organizational capabilities those directs an organization towards a successful knowledge management.

Karen A. John and Elizabeth A. Man nix (2001)
The Dynamic Nature of Conflict: A Longitudinal Study of Intragroup Conflict and Group Performance: This paper shows the group performance and intragroup conflicts between the group decision and group performance. Relationship conflicts are intragroup conflicts is awareness of the group performance and conflicts between the personal issues and higher performance the lower level conflicts and thus the performance intragroup enhances by the mitigate the conflicts of intragroup. This paper also the every stage rise the conflicts between the intragroup fo
R personal benefits. This paper use the method of sample surveys and comparable study in the sample size and also describe the behalf on result of interview of employee and management. Also fill questioner and worksheet on the daily routine by employee and management. There is measures the group consequences on the job performance and also describe the intragroup conflicts and what are the outcome on the behalf of minimum conflicts.

Max B. E. Clarkson(1995)A STAKEHOLDER FRAMEWORK FOR ANALYSING AND EVALUATING CORPORATE SOCIAL PERFORMANCE:In this paper, the author endeavors to develop a framework to analyze corporate social performance based on management of corporate relationships with its stakeholders. For this stated purpose, 70 field studies have been conducted in a time span of 10 years (1983-1993). The primary conclusion that has been drawn from the analysis of the collected data calls for a refocus of managerial efforts from shareholders to stakeholders. Managers' are now accountable to maximize return and create value for all primary stakeholders instead of their traditional responsibility towards shareholders. The emergent conflict has to be tackled deftly by the management using principles of fairness and balance to ensure continuous participation of all the stakeholders. It follows that ethics and moral principles will have to be incorporated in the decisions taken by managers and thumb rules will have to be discarded so as to ensure survival. Hence, management of ethics and ethical programs has become an area of significance and further research should take off from this insight.

Mark A. Youndt, Scott A. Snell, James W. Dean, Jr. and David P. Lepak (1996) HUMAN RESOURCE MANAGEMENT, MANUFACTURING STRATEGY, AND FIRM PERFORMANCE: This study examines the human resources (HR)-performance relationship in manufacturing settings. The purpose of this study was to analyze both the universal and contingency approaches to HR and performance in a manufacturing environment. Results from a survey of 97 plants primarily support a contingency approach to human resource management (HRM). Findings suggest that, other things being equal, an HR system focused on enhancing human capital is a valuable approach for strengthening operational performance in manufacturing. Beyond the direct relationships between human-capital-enhancing HR and performance, study supports the contingency approach to HR. As a set, the manufacturing strategy-HR interaction terms accounted for significant incremental variance in customer alignment. This result indicates that manufacturing strategy does in fact moderate the HR-performance relationship.

James W. Dean, Jr. and David E. Bowen(1994)MANAGEMENT THEORY AND TOTAL QUALITY: IMPROVING RESEARCH AND PRACTICE THROUGH THEORY DEVELOPMENT:The article thrives to explain that management research can be enhanced by both, incorporating insights of total quality into management theory and incorporating management theory insights to total quality. The goal of the article is to stimulate the development of theory into total quality. The article illustrates the relationship between TQ and Management theory and also their comparisons with each other and presents three categories of the implication of the research. The first being the areas in which TQ is consistent with management theory: These include top-management leadership and human resource practices. The analysis reflects that HRM research has greater instrumental value than research in other management areas.The second category involves areas in which management theory could and should improve the practice of total quality: The article identifies a number of areas in which the TQ perspective must be seen as incomplete or incorrect in light of extensive management research. In this case, the practice of management can be enhanced by incorporating the insights of management theory.The third category talks about the new directions that TQ suggests for management theory: TQ suggests interesting research questions that have not been emphasized by management theory and in which our traditional perspectives have been called into question by trends in management practice.Thus the article aims to resolve the ambiguity in the concept of Total Quality by presenting an overview of the above areas.

Brian Becker and Barry Gerhart(1996) THE IMPACT OF HUMAN RESOURCE MANAGEMENT ON ORGANIZATIONAL PERFORMANCE: PROGRESS AND PROSPECTSThis paper studies the relationship between human resource management (HRM) decisions and organizational performance. The studies included here provide support for the strategic impact of HR on key performance outcomes and has shown difference to a firm's bottom line. Thus, research suggests that HR systems have considerable economic potential. Both HR system and HR function must have as their principal focus a set of properly aligned HR policies that solve business problems and support the firm's operating and strategic initiatives. Findings also suggest that simply instituting best-in-class HR programs and practices from a functional perspective will not have the type of strategic impact that a properly configured HR system will. A set of practices that have individual, positive effects on performance may be a necessary, but not sufficient, condition for a larger effect on firm performance. This perspective implies that firms should very carefully evaluate their decisions to outsource HR responsibilities.

Patrick M. Wright and Scott A. Snell (1998) Toward a unifying framework for exploring fit and flexibility in strategic human resource management: This paper talks about concept of fit and flexibility in field of the strategic human resource management (HRM). It focuses on various HRM practices, improving employee skills and employee behavior. The concept of fit and flexibility can be examined with the help of a strategic model. Strategic fit can be categorized as vertical fit and horizontal fit, where the former refers to aligning the HRM practices of the firm and the latter talks about congruence among the various HRM practices. There are various factors which affect the flexibility of a firm. These factors give more specific view for any future examination of the same. The research related to

the two concepts is limited but they are instrumental for providing competitive advantage to the firm.

## Conclusion

Performance Appraisal is the systematic evaluation of the performance of employees and to understand the abilities of a person for further growth and development. Performance appraisal is generally done in systematic ways. Performance appraisal is the tool for determining whether employee is to be promoted, demoted or sacked (remove) in case of very poor performance and no scope for improvement. The main argument in favour of this trend is that it may not be wise for a company to wait as long as one year to assess employee performances. Most employees receive a formal appraisal annually, although more frequent appraisals are often needed for new employees, for longer serving staff who have moved to new posts or for those who are below acceptable performance standards.

**References :**


- Karen A. Jehn and Elizabeth A. Mannix;The Dynamic Nature of Conflict: A Longitudinal Study of Intragroup Conflict and Group Performance; The Academy of Management Journal, Vol. 44, No. 2 (Apr., 2001), pp. 238-251
- Joshua D. Margolis and James P. Walsh; Misery Loves Companies: Rethinking Social Initiatives by Business; Administrative Science Quarterly, Vol. 48, No. 2 (Jun., 2003), pp. 268-305
- Ignacio Falgueras Sorauren;Non-Monetary Incentives: Do People Work Only for Money? Business Ethics Quarterly, Vol. 10, No. 4 (Oct., 2000), pp. 925-944
- Jih Y. Chang and Rati Ram;Level of Development, Rate of Economic Growth, and Income Inequality; Economic Development and Cultural Change, Vol. 48, No. 4 (July 2000), pp. 787-799
- Clinton O. Longenecker, Henry P. Sims, Jr. and Dennis A. Gioia; Behind the Mask: The Politics of Employee Appraisal; The Academy of Management Executive (1987-1989), Vol. 1, No. 3 (Aug., 1987), pp.183-193
- Erik Jansen and Mary Ann Von Glinow;Ethical Ambivalence and Organizational Reward Systems;The Academy of Management Review, Vol. 10, No. 4 (Oct., 1985), pp. 814-822
- Kathleen M. Eisenhardt;Agency Theory: An Assessment and Review;The Academy of Management Review, Vol. 14, No. 1 (Jan., 1989), pp. 57-74
- N. Venkatraman and Vasudevan Ramanujam;Measurement of Business Performance in Strategy Research: A Comparison of Approaches;The Academy of Management Review, Vol. 11, No. 4 (Oct., 1986), pp. 801-814
- Max B. E. Clarkson;A Stakeholder Framework for Analyzing and Evaluating Corporate Social Performance;The Academy of Management Review, Vol. 20, No. 1 (Jan., 1995), pp. 92-117
- James W. Dean, Jr. and David E. Bowen;Management Theory and Total Quality: Improving Research and Practice through TheoryDevelopment ;The Academy of Management Review, Vol. 19, No. 3, Special Issue: "Total Quality"(Jul., 1994), pp. 392-418
- Paul W. Thurston Jr; The Social Context of Performance Appraisal:A Review and Framework for the Future; Journal of Management 2004 30(6) 881–905
- David E. Guest; Human resource management and performance: a review and research agenda; The International Journal of Human Resource Management, 8:3,263-276, DOI: 10.1080/095851997341630
- Michael C.G. Davidson, Ruth McPhail and Shane Barry; Hospitality HRM: past, present and the future; International Journal of Contemporary Hospitality Management Vol. 23 No. 4, 2011 pp. 498

-516

- Alice H. Eagly; Role Congruity Theory of Prejudice Toward Female Leaders; he American Psychological Association, Inc. 2002, Vol. 109, No. 3, 573–598 0033-295X
-
- Paul W. Thurston Jr; Justice perceptions of performance appraisal practices; Journal of Managerial Psychology Vol. 25 No. 3, 2010 pp. 201-228

- Jay B. Barney;Is the Resource-Based "View" a Useful Perspective for Strategic Management Research? Yes;The Academy of Management Review, Vol. 26, No. 1 (Jan., 2001), pp. 41-56

- Peter Cappelli and Nikolai Rogovsky;Employee Involvement and Organizational Citizenship: Implications for Labor Law Reformand "Lean Production" ILR Review, Vol. 51, No. 4 (Jul., 1998), pp. 633-653

- Patrick M. Wright and Scott A. S;Toward a Unifying Framework for Exploring Fit and Flexibility in Strategic HumanResource Management;The Academy of Management Review, Vol. 23, No. 4 (Oct., 1998), pp. 756-772

- Mark A. Youndt, Scott A. Snell, James W. Dean, Jr. and David P. Lepak;Human Resource Management, Manufacturing Strategy, and Firm Performance;The Academy of Management Journal, Vol. 39, No. 4 (Aug., 1996), pp. 836-866

- Jean B. McGuire, Alison Sundgren and Thomas Schneeweis;Corporate Social Responsibility and Firm Financial Performance;The Academy of Management Journal, Vol. 31, No. 4 (Dec., 1988), pp. 854-872

- Brian Becker and Barry Gerhart; The Impact of Human Resource Management on Organizational Performance: Progress andProspe;The Academy of Management Journal, Vol. 39, No. 4 (Aug., 1996), pp. 779-801

- Jitendra V. Singh;Performance, Slack, and Risk Taking in Organizational Decision Making;The Academy of Management Journal, Vol. 29, No. 3 (Sep., 1986), pp. 562-585

- Barry Gerhart and George T. Milkovich;Organizational Differences in Managerial Compensation and Financial Performance; The Academy of Management Journal, Vol. 33, No. 4 (Dec., 1990), pp. 663-691

- Angelo S. DeNisi and Robert D. Pritchard; Performance Appraisal, Performance Management and Improving Individual Performance:A Motivational Framework; Journal compilation © Blackwell Publishing Ltd. 2006

- Alakh N. Sharma;Flexibility, Employment and Labour Market Reforms in India; Economic and Political Weekly, Vol. 41, No. 21 (May 27 - Jun. 2, 2006), pp. 2078-2085

- Nigel Melville, Kenneth Kraemer and Vijay Gurbaxani; Information Technology and Organizational Performance: An Integrative Model ofIT Business Value; MIS Quarterly, Vol. 28, No. 2 (Jun., 2004), pp. 283-322

- Andrew H. Gold, Arvind Malhotra and Albert H. Segars; Knowledge Management: An Organizational Capabilities Perspective;Journal of Management Information Systems, Vol. 18, No. 1, Knowledge Management (Summer, 2001), pp. 185-214

# विद्यार्थियों के लिए वेब आधारित हिंदी भाषा शिक्षण और अधिगम




शोध


**सार**

भाषा शिक्षण का इतिहास पुराना है, लेकिन आधुनिक काल में आकर वह, एक शैक्षणिक कार्यकलाप के साथ, एक महत्वपूर्ण पेशे के रूप में भी विकसित हो चुकी है। भाषा शिक्षण की कई पारंपरिक विधियाँ रही हैं और अनेक नई-नई विधियों का भी विकास हुआ है, परंतु ये सारी विधियाँ कक्षा में भाषा शिक्षण को आधार बनाकर विकसित की गई हैं। इन विधियों का विकास और उपयोग अंग्रेजी भाषा शिक्षण या अन्य यूरोपीय भाषाओं के शिक्षण के संदर्भ में हुआ है। हिंदी भाषा शिक्षण में नई विधियों के उपयोग की प्रवृत्ति प्रायः दिखाई नहीं पड़ती। 'अन्य भाषा' के रूप में हिंदी शिक्षण में व्याकरण-अनुवाद विधि और संप्रेषणपरक विधि का अधिकांशतः उपयोग देखा जाता है। विभिन्न विधियों के सम्मिश्रण से भाषा शिक्षण को प्रभावी बनाने की दिशा में भी विशेष प्रयास लगभग नहीं किया जाता।

पिछले तीन-चार दशकों में परिदृश्य में बदलाव हुआ है। जीवन के अन्य क्षेत्रों की तरह ही भाषा शिक्षण के क्षेत्र में भी कंप्यूटर और इंटरनेट का पर्याप्त हस्तक्षेप हुआ है। भाषा शिक्षण की कक्षाएँ अब क्लास रूम तक सीमित नहीं हैं। वेबपृष्ठ अब क्लास रूम का विकल्प बन रहे हैं। अंग्रेजी जैसी भाषाओं में वेब आधारित भाषा शिक्षण अच्छी स्थिति में हो सकता है, लेकिन हिंदी में परिदृश्य बहुत संतोषजनक नहीं लगता। आज हिंदी भाषा शिक्षण और अधिगम से संबंधित अनेक वेबसाइट्स हैं, जो अन्य भाषा के रूप में हिंदी शिक्षण कराती है।


**प्रमुख शब्दावली :** इंटरनेट, वेबसाइट, भाषा शिक्षण।

> वेब अधारित भाषा शिक्षण और अधिगम समय की मांग है, क्योंकि इंटरनेट के विकास के बाद समस्त विश्व एक ग्राम में तब्दील हो गया है। एक देश के लोग दूसरे देश के लोग से जुड़ कर वहाँ की भाषा,सभ्यता और संस्कृति आदि के बारे में जानना चाहते हैं।

### हिंदी भाषा का विकास

आज से तकरीबन डेढ़ हजार वर्ष पहले भारत में संस्कृत भाषा का व्यवहार होता था। इस भाषा के नियम बहुत कठिन थे और इसका अभ्यास उच्च शिक्षित लोग ही कर पाते थे। इस कारण आम लोगों के बीच संस्कृत का साधारणीकृत रूप प्रचलित होने लगा, जिसे प्राकृत यानि जनता की भाषा नाम दिया गया। उसी समय एक और भाषा का उद्भव हुआ, जिसे पाली नाम दिया गया, पाली व्याकरणसम्मत न होने के कारण इसका बिगड़ा रूप प्रचलित होने लगा, जिसे अपभ्रंश अर्थात बिगड़ी हुई भाषा कहा गया। इस भाषा का भारत के विभिन्न प्रांतों में अलग-अलग भाषाओं के रूप में इस्तेमाल होता था, जिनके नाम उनके प्रयोग क्षेत्र के मुताबिक रखे जाते थे। शौरसेनी अपभ्रंश से जन्मी खड़ी बोली हिंदी, जो पश्चिमी हिंदी का एक रूप है। यही हिंदी आज हमारी राष्ट्रभाषा है।


संजय कुमार
पी-एच.डी. हिंदी (भाषा प्रौद्योगिकी)
भाषा प्रौद्योगिकी विभाग,
भाषा विद्यापीठ
म.गां.अं.हि.वि. वर्धा


### हिंदी भाषा का महत्व

भारत में 2001 की जनगणना के अनुसार 42 करोड़ निवासी हिंदी को पहली या मातृभाषा के रूप में प्रयोग करते हैं। नौ करोड़ इसे द्वितीय और तीन करोड़ लोग इसे तीसरी भाषा के रूप में व्यवहार लाते हैं। इस प्रकार कुल मिलाकर भारत में हिंदी भाषा के प्रयोगकर्ताओं की संख्या 54 करोड़ है। विख्यात भाषाविद डॉ. जयंत प्रसाद नीटियाल द्वारा संपादित 'भाषा अध्ययन शोध- 2005' में दावा किया गया है कि विश्व भर में हिंदी भाषियों की संख्या एक सौ करोड़ के आँकड़े पार कर गई है। आज डेढ़ करोड़ लोग आजीविका के उद्देश्य से दुनिया के 132 देशों में निवास कर रहे हैं। इनमें आधे से ज्यादा परस्पर संप्रेषण के लिए आमतौर पर हिंदी का व्यवहार करते हैं। इसी प्रकार विश्व के 144

विश्वविद्यालयों में हिंदी के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था है।

**भारत में हिंदी के विकास हेतु किए गए कार्य-**

भारत जैसे बहुभाषी देश में भाषाओं के महत्व के कारण भाषा शिक्षण विशेष स्थान रखता है। इस बहुभाषी देश में द्विभाषिकता व्यापक रूप से विद्यमान है। हमारे बहुभाषी देश के लिए संपर्क भाषा के रूप में अनेक स्तर पर हिंदी के शिक्षण और प्रसार का महत्व सर्वमान्य है। भारत में हिंदी भाषा का प्रयोग सामान्य व्यवहार में सबसे अधिक किया जाता है, जैसे विचार-विनिमय, प्रशासन, शिक्षा का माध्यम, व्यापार, संचार, पर्यटन आदि अनेक उद्देश्यों के लिए हिंदी द्वितीय भाषा और कहीं तृतीय भाषा के रूप में सिखाई जाती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में भारत के प्रभाव को स्वीकार किए जाने के कारण हिंदी का प्रचार-प्रसार हो रहा है। भाषा के प्रचार-प्रसार होने के कारण लोगों में हिंदी भाषा सीखने के प्रति जिज्ञासा बढ़ी है। इसके लिए भारत सरकार ने हिंदी भाषा के लिए कई कार्य किए है, जैसे – 1997 वर्धा में महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की स्थापना, मॉरिशस के शिक्षा और वैज्ञानिक अनुसंधान विभाग में 'विश्व हिंदी सचिवालय' इकाई की स्थापना, कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य करने के लिए 'सी डेक' ने 2005 में एक हिंदी सॉफ़्टवेयर जारी किया, जिसमें 525 हिंदी फॉन्ट्स, ओपन ऑफिस, वेबब्राउजर, ई-मेल, ओ.सी.आर., हिंदी अंग्रेजी शब्दकोश, लिप्यंतरण, वर्ड-प्रोसेसर, लेख-वाणी, टाइपिंग ट्यूटर इत्यादि सुविधा उपलब्ध हैं।

भारत में 'वेब-लीला हिंदी' नाम से ऐसा मल्टीमीडिया वेब पाठ्यक्रम विकसित किया गया है, जिसमें ई-शिक्षण के सभी विकसित फीचर मौजूद हैं। इस पाठ्यक्रम की शिक्षण सामग्री का निर्माण प्रों सूरजभान सिंह द्वारा किया गया है, और इसका तकनीकी निर्देशन सी-डैक के तकनीकी विशेषज्ञ डॉ. हेमंत दरबारी ने किया है।

भाषा सीखने के सिद्धांत के अनुसार भाषा अभ्यास से सीखी जाती है, भाषा अनुकरण से सीखी जाती है, रुचि से भाषा सीखी जाती है और स्वाभाविक रूप से भी भाषा सीख सकते हैं। अगर किसी शिक्षार्थी को रुचि है कि मुझे हिंदी भाषा सीखना है तो इसके लिए वह किसी शिक्षक, संस्थान, या उस भाषा के समाज में जा कर सीख सकता है, परंतु लक्ष्य भाषा सीखने के लिए इन तीनों की व्यवस्था नहीं हुई तो शिक्षार्थी के सामने समस्या उत्पन्न हो जाती है कि वह किस प्रकार से लक्ष्य भाषा हिंदी को सीखे। इसी प्रकार की समस्या का हल है वेब अधारित भाषा शिक्षण और अधिगम है, शिक्षार्थी वेबसाइट के माध्यम से किसी भी हिंदी भाषा का श्रवण, पठन और लेखन अभ्यास कर भाषा को सीख सकता है।

**भाषा शिक्षण**

भाषा-शिक्षण का उद्देश्य है, शिक्षार्थी का भाषाई कौशल जैसे श्रवण, वाचन, पठन और लेखन पर पूर्ण अधिकार, चाहे वह किसी शिक्षक द्वारा पूर्ण किया जा रहा हो, या तकनीकी के माध्यम से(वेब आधारित) पूर्ण किया जा रहा हो। इस संदर्भ में शिक्षार्थी की शिक्षण प्रक्रिया में प्रयुक्त शिक्षण सामग्री भाषा अधिगम  और भाषा शिक्षण के उद्देश्य के अनुरूप है या नहीं, शिक्षण सामग्री से तात्पर्य है, शिक्षण के संदर्भ में आधार एवं सहायक सामग्री। जिस प्रकार अध्यापक किसी सामग्री, यथा, पाठ्यपुस्तक को शिक्षण के आधार रूप में ग्रहण करता है, इसके पश्चात पाठ को रोचक एवं प्रभावी बनाने के लिए अन्य अनेक प्रकार की सामग्री-यथार्थवस्तु, चित्र आदि का उपयोग करता है। इसी प्रकार वेब आधारित शिक्षण प्रणाली में भी इन्हीं सामग्रियों को आधार बना कर प्रस्तुत किया जाता है।

**वेब आधारित भाषा शिक्षण**

अब से 26 साल पहले 1990 में टीम बर्नर्स ली ने वर्ल्ड वाइड वेब, डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू की स्थापना कर के इंटरनेट को आम प्रयोक्ता के लिए मल्टीमीडिया सुविधाओं से संपन्न करने की पहल की थी। इन 26 सालों में इंटरनेट लगातार परिवर्तित हुआ उसमें सुधार आए हैं, असीम संभावनाएँ विकसित हुई हैं, जिसमें वेब आधारित हिंदी भाषा शिक्षण भी है। वेब पर उपलब्ध शिक्षण कार्यक्रम ऑनलाइन शिक्षण, आभासी शिक्षण, इंटरनेट आधारित शिक्षण और वेब आधारित शिक्षण के नाम से प्रचलित है। वस्तुतः वेब पाठ्यक्रम मूलतः और अनिवार्यतः दूरस्थ शिक्षण कार्यक्रम है। इसमें भौगोलिक सीमाएँ नही होती हैं। वेब आधरित होने के कारण कंप्यूटर आदि तकनीकी साधनों की उपलब्धता और उनकी जानकारी शिक्षक और शिक्षार्थी दोनों ही स्तर पर अपेक्षित होती है। वेब पाठ्यक्रम के अंतर्गत संचार साधनों के रूप में इंटरनेट, ई-मेल, चर्चा/बुलेटिन बोर्ड, चेट रूम आदि का उपयोग होता है। वीडियो/ग्राफिक्स/ एनीमेशन जैसे मल्टीमीडिया साधनों के उपयोग से वेब पाठ्यक्रमों को अधिक रोचक, आकर्षक और इंटरेक्टिव रूप से प्रस्तुत किया जाता है। इसमें छात्रों की अपनी रुचि एवं गति के आधार पर अध्ययन संभव होता है। प्रो. सूरजभान सिंह कहते

हैं, "किसी भी वेब-अधारित पाठ्यक्रम को प्रयोक्ता-सहज (यूजर-फेंडली) और मुक्त नेविगेशन की सुविधा से युक्त होनी चाहिए।"

**वेबअधारित हिंदी भाषा शिक्षण और अधिगम हेतु संभावित उपयोगी तर्क**

1. (मूल्यांकन / परीक्षण) में सफल है। (अभ्यासों के द्वारा)
2. सीखने में सहायक है। (सहायक सामग्री जैसे ऑनलाइन शब्दकोशों के द्वारा)
3. शिक्षार्थियों को स्वतंत्र रूप से सीखने में वास्तविक भूमिका निभाता है।
4. यह प्रामाणिक एवं विस्तृत भाषा सामग्री उपलब्ध करता है।
5. अनुवाद की सहायता से सीखने में सहायक।(अनुवाद उपकरणों द्वारा)
6. शिक्षण संबंधी उन वेबसाइटों तक पहुचाता है, जो भाषाई अभ्यास हेतु आदर्श मानी जाती है।
7. भाषा अभ्यास के लिए खेल के माध्यम से पढ़ाया जाता है, यहाँ छात्र की उम्र, समूहों तथा हितों को भी ध्यान में रखा जाता है।
8. पाठकों को संसाधनों का उपयोग करने की सुविधा दी जाती है।
9. भाषिक कौशलों के अभ्यास के लिए एक प्रामाणिक वातावरण प्रदान करता है।

हिंदी भाषा शिक्षण और अधिगम हेतु पर्याप्त संख्या में अकादमिक संस्थानों, शैक्षणिक संगठनों एवं व्यक्तियों ने वेबसाइट विकसित किए हैं। जो निम्मलिखित हैं-

| क्र.सं. | वेबसाइट का नाम | वेबसाइट की यू.आर.एल |
|---|---|---|
| 1 | **Ukindia Learn to Read Hindi** | http://www.ukindia.com/zhin001.htm |
| 2 | **Web resources for learningHindi** | http://lrs.ed.uiuc.edu/Students/avatans/project.html |
| 3 | **polymath** | http://polymath.org/hindi.php |
| 4 | **hindibhasha** | http://www.avashy.com/hindibhasha/index.html |
| 5 | **iLanguages** | http://ilanguages.org/hindi.php |
| 6 | **uniLang** | http://www.unilang.org |
| 7 | **HINDIMITA** | http://www.hindimitra.com/showpage?pageid=hi.home |
| 8 | **Learn Hindi Online** | http://learn-hindi-online.com/hindi-alphabet/ |
| 9 | **Hindi Language** | http://hindibasha.com/ |
| 10 | **राजभाषा विभाग** | http://lilappp.rb-aai.in/ |
| 11 | **HindiLearner** | http://www.hindilearner.com/hindi_basics/ |
| 12 | **Loecsen** | http://www.loecsen.com/ |
| 13 | **Language-School-Teachers.com** | http://www.language-schoolteachers.com/ |
| 14 | **HINDI 101** | http://www.101languages.net/resources/hindi/#Phrases |
| 15 | **LET'S LEARN HINDI** | http://www.letslearnhindi.com/index.htm |
| 16 | **hindiurdu.net Hindi-Urdu Blended Teaching Resources** | http://hindiurdu.net/about |
| 17 | **Learn Hindi** | http://www.digitaldialects.com/Hindi.htm |

उपर्युक्त सभी वेबसाइट भाषा शिक्षण और अधिगम से संबंधित हैं। इन वेबसाइट के माध्यम से शिक्षार्थी हिंदी वर्णमाला, हिंदी व्याकरण, हिंदी भाषा के शब्दों और वाक्यों तथा हिंदी संवाद आदि को श्रवण, पठन भाषिक कौशल के माध्यम से सीख सकता है।

वेबसाइटों पर पाठ निम्नलिखित शीर्षक के अंतर्गत दिए गए हैं-

**हिंदी वर्णमाला के अंतर्गत** - स्वर, व्यंजन, बारहखड़ी।

**हिंदी व्याकरण-** संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, विशेषण, क्रियाविशेषण, वर्तमान काल, भविष्य काल, भूत काल, प्रश्नवाचक वाक्य, नकारात्मक वाक्य, रंग, मात्रा, संख्या, परसर्ग, संयोजक – और, या, परंतु, क्योंकि, इसलिए।

**हिंदी के शब्द और वाक्य-** संख्या 1-100, शरीर के अंग, रंगो के नाम, रिश्ते, यात्रा संबंधी शब्द और वाक्य, दिशा, भोजन, समय, परिवहन, सब्जीयों के नाम, फलों के नाम, प्रकृति, पालतु जानवरों के नाम, जंगली जानवर के नाम, घरेलु वस्तुओं के नाम, व्यवसाय, स्थान, बॉलीवुड, कार्यालय में आपूर्ति की जानेवाली वस्तुओं के नाम, पक्षीयों के नाम, सप्ताह और दिन आदि।

**हिंदी संवाद** - अपना परिचय, अपने कार्यों का परिचय, परिवार का परिचय, स्थान का परिचय, कार का परिचय, अपने पसंद आदि।

**संदर्भ सूची:**

अग्रवाल , डॉ. मुकेश, (2001) : अन्य भाषा-शिक्षण, दिल्ली यूनिवर्सल पब्लिशर्स|

अग्रवाल, डॉ. मुकेश, (2004): हिंदी भाषा-शिक्षण, के.एल.पचौरी प्रकाशन, गाजियाबाद|

गुप्त,मनोरमा, (): भाषा शिक्षण : सिद्धांत और प्रविधि, आगरा केंद्रीय हिंदी संस्थान|.

नारंग, वैश्ना (1996):संप्रेषणपरक हिंदी भाषा शिक्षण, नई दिल्ली प्रकाशन संस्थान।

भाटिया, कैलाशचंद्र (2001) : आधुनिक भाषा-शिक्षण, नई दिल्ली तक्षशिला प्रकाशन

**वेब लिंक**

- http://guides.library.cornell.edu/c.php?g=32334&p=203767&preview=ad0bac0490cf7ab0653096fe3b4a0fee
- http://www.lib.umd.edu/tl/guides/evaluating-web
- http://www.widener.edu/about/campus_resources/wolfgram_library/evaluate/
- http://lib.colostate.edu/howto/evalweb.html
- ttp://www.lib.vt.edu/instruct/evaluate/
- http://guides.lib.berkeley.edu/evaluating-resources
- http://www.library.kent.edu/criteria-evaluating-web-resources
- https://eprints.usq.edu.au/820/1/Son_ch13_2005.pdf
- http://www.conta.uom.gr/conta/publications/html/EVALUATION%20OF%20INTERNET%20BASED%20MATERIALS%20FOR%20LANGUAGE%20LEARNING.htm

# A study of emotional intelligence and achievement in educational psychology among teacher trainees of malout(punjab)




शोध


**Abstract**

*The study was investigated the study on Emotional Intelligence and Achievement in Educational Psychology among teacher trainees. The study comprised of 200 students of different Teacher Training colleges situated in Malout (Punjab).In the sample Male, Female category and science, Arts streams were selected for data collection and data analysis. The major findings of the study were that the Emotional Intelligence and Achievement in Educational Psychology Amongteacher trainees was high and no significant difference was found towards their Emotional intelligence and Achievement in Educational Psychology of arts and science (male and female) students.*



**Dr. Sunita Arya**

**Kalgidhar Institute of Higher Education**

**Kingra, Malout (Punjab**


## Introduction

Emotional Intelligence is the ability to sense, understand, and effectively apply the power and acumen of emotions as a source of human energy, information, connection and influence. It is believed that Emotional Intelligence is the basis of all success in human life. Yate (1997), listed various jobs on the basis of the level of Emotional Intelligence requiring success and satisfaction. From the list it is clear that a teacher requires the very high level of Emotional Intelligence to deal with students as compared to a Botanist who may require a lower level of Emotional Intelligence. Development of nation depends on its devoted citizens and these citizens are shaping in classroom so it is very clear that we need very devoted and sincere teachers to teach them. It is very important that only high emotionally intelligent peoples should come in this teaching profession. Being emotional intelligent for a teacher is very important because students always follow their teachers. Emotionally intelligent teacher can handle the emotion of teenagers effectively. Our classroom settings demand that student-teachers must learn how to appreciate and accept differences in emotional expressions and management among students. Emotions are an important part of one's personality. They determine the nature and effectiveness of the pattern of social interaction and also contribute to the psychological well-being of an individual.

If our prospective teachers are emotionally intelligent, they will be able to express their emotions positively without threatening students or other persons. Updhyaya (2006) has studied the personality of emotionally intelligent student-teachers on a sample of 78 student-teachers. It was found that as compared to low emotionally intelligent student-teachers, high emotionally intelligent student-teachers are more confident, persistent, supportive, enthusiastic and divergent. Patil and Kumar (2006) studied the emotional intelligence among student teachers in relation to sex, faculty and academic achievement and found that there is no significant difference between emotional intelligence of male and female; science and arts student teachers. No significant relationship was found between emotional intelligence and academic achievement of student teachers. Sameer (2008) found no significant difference among the students based on stream of study, marital status and age, except in the comparison of them in their self-esteem based on age. Emotional intelligence is an important factor to get satisfaction in life. Life satisfaction leads to make goodCitizen in the world. It is the ability to acquire and apply Knowledge from ones feelings. Hence the investigator would like to see how they are emotionally intelligence with other students and academics.

**Objectives**

1. To study the level of Emotional Intelligence and Achievement in Educational psychology and emotional among teacher trainees.
2. To study the level of Emotional Intelligence and Achievement in Educational Psychology between male andfemale teacher trainees.
3. To study the level of Emotional Intelligence and Achievement in Educational Psychology with respect major subject of Arts and Science teacher trainees.

**Hypotheses**

1. The level of Emotional Intelligence and Achievement in Educational psychology among teacher trainees is high.
2. There is no significant difference on the Mean Value towards Emotional Intelligence and Achievement in Educational Psychology between male and female teacher trainees.
3. There is no significant difference on the mean Value towards Emotional Intelligence and Achievement in Educational Psychology with respectof Arts and Science teacher trainees.

**Delimitation of the study**

1. The study was restricted to the teacher trainees and their achievement in Educational Psychology.

2. The study was restricted only in Malout city.

**Method Used**

Descriptive survey method was employed in the present investigation.

**Sample of the study**

The sample for the present study consists of 200 teacher trainees.

**Tool Used**

1. Emotional Intelligence Scale by Khera, Ahuja,& sarabjeet Kaur(2000)
2. Achievement in Educational Psychology will be taken from scores in the 1st and 2nd semester Examination.

**Statistical techniques**

The statistical techniques used for the analysis of data are Mean, S.D and t-test

**Analysis and discussion**

**Table-1**

**Mean and S.D scores on the Level of Emotional Intelligence and Achievement in Educational Psychology among teacher Trainees**

| **Sr.No.** | | **N** | **Emotional Intelligence** | | **Academic Achievement in Education Psychology** | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Mean | S.D. | Mean | S.D. |
| 1. | Total | 200 | 81.90 | 7.20 | 71.65 | 12.80 |

Table -1shows that Mean and S.D scores in total sample on level of Emotional intelligence and Achievement in Educational Psychology among teacher trainees was 81.90 and 7.20 and 71.65 and 12.80. Therefore, the level of Emotional Intelligence and Achievement in educational psychology among teacher trainees is high.

**Table-2**

**'T' Value between Mean Scores on the level of Emotional Intelligence and Achievements in Educational PsychologyAmong teacher trainees with respect to their Gender**

| Variables | Gender | N | Mean | S.D. | 't'value |
|---|---|---|---|---|---|
| Emotional Intelligence | Male | 96 | 81.58 | 8.27 | 0.56** |
| | Female | 104 | 82.16 | 6.17 | |
| Achievement in Educational Psychology | Male | 96 | 71.62 | 12.53 | 0.02** |
| | Female | 104 | 71.68 | 13.08 | |

** Not Significant at 0.05 level

Table -2 shows that the 't'-value,0.56 and 0.02 are not significant at 0.05 level .It is clearly seen from the result that there is no significant difference among the Male and Female teacher trainees towards their Emotional Intelligence and Achievements in Educational Psychology.Male and Female teacher trainees are having similar level towards their Emotional Intelligence and Achievement in Educational Psychology.Therefore, the framed null hypothesis is accepted.

**Table-3**

**'T' Value between Mean Scores on the level of Emotional Intelligence and Achievements in Educational Psychologyamong teacher trainees with respect to their Major Subject.**

| Variables | Major Subject | N | Mean | S.D. | 't' value |
|---|---|---|---|---|---|
| Emotional Intelligence | Arts | 106 | 81.85 | 7.39 | 0.09** |
| | Science | 94 | 81.94 | 7.03 | |
| Achievement in Educational Psychology | Arts | 106 | 71.80 | 12.97 | 0.17** |
| | Science | 94 | 71.50 | 12.69 | |

** Not Significant at 0.05 level

Table -3 shows that the 't'-value,0.09 and 0.17 are not significant at 0.05 level .It is clearly seen from the result that there is no significant difference among the Arts and Science teacher trainees towards their Emotional Intelligence and Achievements in Educational Psychology.Arts and Science teacher trainees are having similar level towards their Emotional Intelligence and Achievement in Educational Psychology.Therefore, the framed null hypothesis is accepted.

**Educational implications**

1. A similar study may be undertaken in other subject also.
2. Similar study may be extended to the D.Ed. students also.

# लेखनी

सृजन

CREATION

## कहना है कुछ

बिटिया
तुम भी यूँ मेरी तरह ठहर मत जाना
उड़ना इन हवाओं में तिनकों की तरह
घूरती हुई आँखों में गिर पड़ना
कसकना
डरना मत
सब साथ हो न हों, मैं साथ रहूंगी हमेशा
जैसे कि क्षीर रहता है दूध में
भले ही हंस कर ले अलग
पर कहीं न कहीं, मेरा अक्स रहेगा तुममें
कभी भी अगर मैं न रहूं
दुआएं काम आएँगी मेरी
मेरे लिखे हुए शब्दों से
मेरे होने का अहसास होगा
शब्दों में खुशबू होगी, मेरे कलम की
उन्हीं को देखना, पढ़ना
हमेशा नज़र आउंगी मैं
इस दुनिया के दिखावे में मत आना
बहुत धूर्त है यह
जीने नही देगी यूँ मुस्कुराहट के साथ
पर लड़ना और लड़ते रहना
एक हाथ तुम्हारे साथ होगा
दो विरुद्ध में होंगे
बस एक ही हाथ को थामकर निकल पड़ना हजारों मील दूर
जहाँ मंजिल हो तुम्हारी
भटकाने पर मजबूर करेंगे सब
पर रास्ता तो तुम्ही को चुनना होगा और बढ़ना होगा उसी पर
बर्फ भी मिलेगी तुमको
तूम्हारे पैरों के नीचे मैं आ जाऊंगी
उस ठंडे अहसास को छूने
बहुत सी बातों से अवगत कराना है तुम्हें,
चुपके से.....
बस सुन लेना....



आयुषी गुप्ता

# तुलिका

CREATION

सृजन





MEGHA

# कैमरा

सृजन



MUMBAI 1



MUMBAI 2

PRAVEEN

# मुकेश मानस : अभिनेता




बात-चीत

**रजनीश जायसवाल द्वारा निर्देशित , 26 मई को प्रदर्शित होने वाली हिंदी फीचर फ़िल्म 'चकल्लसपुर' के मुख्य अभिनेता मुकेश मानस से बात-चीत**




फ़िल्म 'चकल्लसपुर' के निर्देशक रजनीश जायसवाल हैं जो इससे पहले प्रकाश झा की कई फ़िल्मों में सहायक निर्देशक रह चुके हैं. 'चकल्लसपुर' रजनीश जी के दिमाग की ही उपज है. यह एक ऐसे गाँव की कहानी है जो उत्तर प्रदेश और बिहार की सीमा पर बसा है जिसे दोनों ही सरकारें अपना हिस्सा मानने से इंकार करती हैं.

**सबसे पहले आप हमारे पाठकों को अपने बारे में कुछ बताएँ।**

मेरा जन्म मध्यप्रदेश के ग्वालियर शहर के पास के एक गाँव अंतौवा में हुआ. पिता जी प्राइवेट जॉब किया करते थे तो वो उत्तरप्रदेश के शाहजहाँपुर में आ कर बस गए. मेरी सारी पढ़ाई-लिखाई वहीं पर हुई.

**तो फिर आप का झुकाव अभिनय की ओर कैसे हुआ?**

मैं शुरू से ही स्टेज से काफ़ी रुचि रखता था. तो मेरे घरवालों ने मेरी रुचि को देखते हुए मुझे डांस क्लास में दाखिला दिलवा दिया. और ये सिलसिला चलता रहा लेकिन पढ़ाई के दबाव के कारण डांस छोड़ना पड़ा. बारवीं क्लास पूरा करने के बाद घरवालों ने मुझे तकनीकी शिक्षा के लिए नेव टेक्नीकल इंस्टिट्यूट भेजा जहाँ मुझे लगातार मंच याद आता रहा. अंततः एक निर्णय लिया और परिवार के खिलाफ जा कर थिएटर को ज्वाइन किया.

**थिएटर ज्वाइन आपने कहाँ किया और आपको उससे कितनी मदद मिली?**



शाहजहांपुर में अभिव्यक्ति नाट्य मंच है वहां पर मेरी मुलाकात राजेश कुमार जी से हुई जिन्होंने थिएटर की ओर मेरा ध्यान आकर्षित करवाया और भविष्य की संभावनाओं के बारे में बताया. वहां के माहौल ने मुझे काफ़ी प्रभावित किया जहाँ शमीम आज़ाद , कृष्ण कुमार, मनीष मुनि ने काफ़ी मदद की और मै पूरी तरह से थिएटर में लग गया. 2007 में मेरा चयन भारतेंदु नाट्य अकादमी (BNA) में हुआ. उस समय वहां के निर्देशक श्री सूर्यमोहन कुलश्रेष्ठ जी थे जिनके नेतृत्व में मुझे थिएटर को और ज्यादा करीब से जानने का मौका मिला. उसके बाद 2010 में मैंने मुंबई का रुख किया.

**मुंबई आने से लेकर अब तक की आपकी यात्रा कैसी रही?**

मुंबई स्टेशन पर आते ही मेरे दो दोस्तों भगवान दास और अंतिम कुमार ने जोरदार स्वागत किया और मैं उनके साथ ही रहने लगा. फिर स्ट्रगल का दौर शुरू हो गया. इस दौरान कुछ लोग ऐसे भी मिले जिन्होंने मुझे वापस जाने की सलाह दी. और कुछ ने दिलासा भी दिया कि धैर्य रखो काम मिलेगा. 8 महीने की कड़ी मेहनत के बाद मुझे मुंबई में पहला काम मिला, जिसके लिए 6 महीने बाद मुझे 1500 रुपये मिले. फिर धीरे-धीरे धारावाहिकों में काम मिलना शुरू हुआ. 2012 में मेरे मित्र अजय राज ने निर्देशक अमित कुमार जी से मुलाकात कराई और उनकी फ़िल्म 'दी मानसून शूटआउट' में काम करने का मौका मिला. ऐसे ही मित्र अशोक पाठक ने कास्टिंग डायरेक्टर विकी सिदाना जी से मुलाकात कराई और फ़िल्म 'सात उचक्के' में काम करने का मौका मिला. 2015 में रवि विश्वा जो कि फ़िल्म 'चकल्लसपुर' के सह-निर्देशक हैं, इन्होने बताया कि मेल लीड की तलाश चल रही है, जिसमे मुझे लगता है कि आप फिट हैं. फिर मैं फ़िल्म के निर्देशक रजनीश जायसवाल जी से मिला. अलग-अलग कैरेक्टर्स के साथ आडिशन शुरू हुआ. फ़िल्म शूट के तीन दिन पहले मुझे पता चला कि वो रोल मैं ही कर रहा हूँ और इस तरह से मुझे फ़िल्म 'चकल्लसपुर' से जुड़ने का मौका मिला.

**इस समय फ़िल्म 'चकल्लसपुर' की हर ओर चर्चा हो रही है. कई फ़िल्म फेस्टिवल्स में भी यह फ़िल्म दिखाई दी. फ़िल्म के बारे में पाठकों को कुछ बताना चाहेंगे ?**

फ़िल्म 'चकल्लसपुर' के निर्देशक रजनीश जायसवाल हैं जो इससे पहले प्रकाश झा की कई फ़िल्मों में सहायक निर्देशक रह चुके हैं. 'चकल्लसपुर' रजनीश जी के दिमाग की ही उपज है. यह एक ऐसे गाँव की कहानी है जो उत्तर प्रदेश और बिहार की सीमा पर बसा है जिसे दोनों ही सरकारें अपना हिस्सा मानने से इंकार करती हैं. और इस कारण चकल्लसपुर में सभी मूलभूत सुविधाओं का आभाव है. फ़िल्म का नायक बिल्लू जिसका किरदार मैंने निभाया है, बचपन में गाँव छोड़कर दिल्ली भाग जाता है और जब वो 13 साल बाद गाँव लौट कर आता है तो उसकी मुलाकात बचपन की दोस्त चंपा (उर्मिला महंत) से होती है. बिल्लू गाँव को उसका अधिकार दिलाने के लिए गाँववालों के साथ मिलकर संघर्ष करता है, जिसमे पड़ोस के गाँव का एक डाकिया (आरिफ शहडोली जी) बिल्लू की मदद करता है. फ़िल्म की कहानी मोदी जी के "मन की बात" के इर्द गिर्द बुनी गई है. सभी लोगों ने बेहतर फ़िल्म बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है जो आपको फ़िल्म चकल्लसपुर में नज़र आएगी.



# रीढ़

TRANSLATION

अनूदित

कुसुमाग्रज (विष्णु वामन शिरवाडकर) की मराठी कविता **कणा** का हिंदी अनुवाद

अनुवादक
**मेघा आचार्य**

पहचाना मुझे सर? बारिश में था कोई द्वार
कपड़े थे झुर्रियों भरे, भीगे थे बाल

कुछ क्षण बैठा, फिर मुस्कुराया, बोला ऊपर देख कर
गंगा मैय्या अतिथि बनी, चली दी कुछ पल रुक कर

माइके आई बेटी की तरह सारे घर में नाच गई
खाली हाथ जाती कैसे, पत्नी ही मात्र बच गई

दीवार धस गई, बुझ गया चूल्हा, जो भी था सब ले गई
पलकों में प्रसाद के रूप में पानी थोड़ा रख गई

घरवाली को साथ ले कर अब लढ रहा हूँ
ढह चुकी दीवार फिर से बना रहा हूँ, जमा कीचड़ निकाल रहा हूँ

जेब की ओर हाथ जाते देख हँसते-हँसते उठ खड़ा हुआ
"पैसे नहीं चाहिए थे सर, बस जरा सा अकेलापन महसूस हुआ

घर संसार भले ही टूटा है, टूटी नहीं अभी रीढ़
आप बस लड़ कहिए,हाथ रख कर पीठ

# भाषा भूगोल व हिंदी का भौगोलिक क्षेत्र विस्तार




भाषा

भाषा विज्ञान की विकसित शाखाओं में भाषा भूगोल बहुत महत्वपूर्ण है। उसके अध्ययन विश्लेषण की सुदीर्घ परंपरा है. कोई भाषा अपनी क्षेत्रीय बोलियों और उनकी उपबोलियों में रुपायित होती है. उसका भौगोलिक क्षेत्र विस्तार जितना बड़ा होगा उसी अनुपात में उसकी बोलियां और उपबोलियां भी अधिक होंगी। किसी भाषा का क्षेत्र विस्तार कई प्रांतों अथवा कई देशों में हो सकता है। तमिल भाषा तमिलनाडु से श्रीलंका तक विस्तृत है। बंगला भारतीय भाषा तो है ही, बंगलादेश की राष्ट्रभाषा है। इसी तरह आर्यभाषा उर्दू पाकिस्तान की राष्ट्रभाषा है। नेपाली, कश्मीरी, पंजाबी, सिंधी, उर्दू आदि की क्षेत्रीय बोलियां देश के भीतर और बाहर भी हैं। हिंदी भाषा बोलियों की दृष्टि से बहुत समृद्ध है। इसमें लगभग दो दर्जन प्रमुख बोलियां और उनके अधीन सैकड़ों उपबोलियां है।




अंग्रेजी भाषा के भौगोलिक क्षेत्रीय भेद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हैं। न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, नाइजीरिया, सिंगापुर, भारतवर्ष आदि में अंग्रेजी में भौगोलिक दूरी के अधीन क्षेत्रीय रूप भेद विकसित हो गए हैं। आज अमेरिकी अंग्रेजी का स्वतंत्र वजूद विकसित हो गया है, बेटी माँ से बड़ी हो गई है। इसका आधार भी भौगोलिक है।

> भाषाओं में क्षेत्रीय और सामाजिक भेदोपभेदों का होना स्वाभाविक है। वे भाषाओं को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनका अध्ययन विश्लेषण प्रासंगिक है।

**(1) भाषा भूगोल, बोली विज्ञान, सामाजिक बोली विज्ञान**

बोलियां भाषा का महत्वपूर्ण अंश होती है। बोली ही भाषा बनती है. कालांतर में किसी भाषा के क्षेत्रीय बोलियों में अलगाव बढ़ता जाता है और वे स्वंतत्र भाषाओं के रूप में विकसित हो जाती है। वंशवृक्ष से भाषाओं की शाखाओं पर शाखाओं के विकास और विस्तार को समझने में आसानी होती है। भौगोलिक परिवेश (जलवायु, जंगल, पहाड़, उपज, खनिज, उद्योग धंधे, आबादी की प्रकृति और घनत्व) का प्रभाव बोलियों के स्वरूप और विकास में अवश्य पड़ता है। हिमशित टुंड्रा प्रदेशों की भाषाओं में बर्फ के विभिन्न प्रकारों के लिए एक दर्जन से अधिक शब्द प्रयोग में आते हैं, जबकि बर्फ से संबंधित उतने शब्द हिंदी में प्रचलित नहीं है। प्राय: समुद्र तटवर्ती क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की मछलियां बहुतायत से मिलती है। मिथिलांचल में एक कहावत प्रचलित है 'पग पग पोखर माछ मखाना' अर्थात उस क्षेत्र में तालाब पोखर की

प्रो. आर.बी.मिश्र

बहुतायत है खाने के लिए मछली, पान, मखाना पर्याप्त मात्रा में सुलभ रहता है। पानी से धान की फसल अच्छी होती है अतः 'भात खान' 'भाई लोगों को भात देना' मुहावरे प्रचलित है। पश्चिमी हिंदी क्षेत्रों में गेहूं की पैदावार बहुत होती है अतः 'रोटी खाना' कहने का प्रचलन है। कहावत है कि 'कोस-कोस पर पानी बदले आठ कोस पर बानी'। भाषाओं और बोलियों को समझने में भाषा भूगोल की महत्वपूर्ण भूमिका है। किसी क्षेत्र विशेष में भाषिक अभिलक्षणों का वितरण मानचित्र पर दिखाया जाता है। उस क्षेत्र में प्रतिद्वंदी वैकल्पिक अभिलक्षण भी पाए जाते हैं। भाषिक मानचित्र/एटलस भाषाओं के भौगोलिक अध्ययन में आवश्यक उपकरण सिद्ध होते हैं। बोली भूगोल उन भाषायी लक्षणों के पूर्ववर्ती विस्तार के साक्ष्य देता है जो इस समय केवल अवशेष रूप में ही मिलता है।

भाषाभूगोल के अध्ययन परंपरा पर आधारित बोलीविज्ञान **(Dialectology)** एक स्वतंत्र अनुशासन के रूप में स्थापित हो गया है। पार्श्व में और इसके भीतर सामाजिक बोली विज्ञान **(Social Dialectology)** का विकास हो गया है। सामाजिक बोली रूप संस्कृत में मिलते हैं। कालिदास के 'अभिज्ञान शाकुन्तलम' नाटक में कुलीन संभ्रांत लोग संस्कृत बोलते हैं, जबकि स्त्री पात्र,भृत्य तथा सेवक आदि प्राकृत बोलते हैं। भाषा के उच्च कोड के रूप में संस्कृत का ही व्यवहार होता रहा है। इस प्रकार मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाओं और संस्कृत के बीच डाइग्लोसिया की स्थिति बनी रही।

बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में भाषा की सामाजिक बोली का व्यवस्थित अध्ययन प्रारंभ हुआ। अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में बोली जाने वाली अंग्रेज़ी भाषा में सामाजिक स्तर भेद का शोधपरक अध्ययन करने का श्रेय विलियम लेबॉव को है। उनकी क्लासिक कृति**"The Social Stratification of English in Newyork city,1966,** में प्रकाश में आई, जिससे एक नए प्रकार के शोधकार्य का मार्ग प्रशस्त हुआ। इसके सादृश्य पर इंग्लैंड के नॉरविच शहर की अंग्रेजी भाषा में सामाजिक स्तरभेद पर शोध पीटर ट्रडगिल ने किया। **"The Social Differentiation of English in Norwich,1974"** उनकी महत्वपूर्ण कृति हैं।

इन सबसे यह बात स्थापित हो गई कि भाषाओं में भौगोलिक अध्ययन के साथ-साथ सामाजिक बोलियों के अध्ययन की भी अहमियत है। भारतीय भाषा वैज्ञानिकों द्वारा भी इस दिशा में शोधकार्य आरंभ किया गया।

बोलीविज्ञान अपने में क्षेत्रीय तथा सामाजिक दोनों प्रकार की बोलियों के अध्ययन को समाविष्ट कर लेता है, जबकि भाषा भूगोल का क्षेत्र केवल क्षेत्रीय बोली तक सीमित है।

**हिंदी का भौगोलिक क्षेत्र विस्तार**

हिंदी का क्षेत्र देश का ह्रदय क्षेत्र है। हिमाचल प्रदेश, पंजाब का कुछ भाग, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड हिंदीभाषी प्रदेश कहलाते हैं। इस ह्रदय क्षेत्र के बाहर दक्षिण एशिया के बहुत बड़े भू-भाग में हिंदी जनभाषा (Lingua-franca) के रूप में व्यवहरित हो रही है। दक्षिण एशिया के बाहर हिंदी अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में मान्य है। दिनोंदिन हिंदी जाननेवालों की संख्या में वृद्धि और क्षेत्र में विस्तार हो रहा है।

**मोटे** रूप में हिंदी पश्चिमी और पूर्वी भौगोलिक क्षेत्रों में विभक्त हैं,इनकी पांच उपभाषाएं हैं जिनकी अपनी-अपनी बोलियां हैं। उनका विवरण निम्नलिखित है:

| **भाषा** | **उपभाषा** | **बोलियां** |
|---|---|---|
| हिंदी | 1. पश्चिमी हिंदी | 1) खड़ीबोली या कौरवी |
| | | 2) ब्रजभाषा |

3) हरियाणवी

4) बुंदेली

5) कनौजी

2. पूर्वी हिंदी 1) अवधी

2) बघेली

3) छत्तीसगढ़ी

3. राजस्थानी 1) पश्चिमी राजस्थानी (मारवाड़ी)

2) उत्तरी राजस्थानी (मेवाती)

3) पूर्वी राजस्थानी (जयपुरी)

4) दक्षिणी राजस्थानी (मालवी)

4. पहाड़ी 1) पश्चिमी पहाड़ी

2) मध्यवर्ती पहाड़ी (कुमायूँनी-गढ़वाली)

5. बिहारी 1) भोजपुरी

2) मगही

3) मैथिली

इन बोलियों के नामकरण का आधार प्रायः भौगोलिक है। भाषाओं में क्षेत्रीय और सामाजिक भेदोपभेदों का होना स्वाभाविक है। वे भाषाओं को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनका अध्ययन विश्लेषण प्रासंगिक है।

**References**


- भाटिया, कैलाश चन्द्र -1973 भाषा भूगोल,उ.प्र. हिंदी संस्थान, लखनऊ
- दुबे व्यासनारायण - छत्तीसगढी जनभाषा
- बघेलखंड का शब्द भूगोल- डॉ. हीरालाल शुक्ल
- ग्रामीण हिंदी बोलियां -डॉ. हरदेव बाहरी

# Improve your dialogue delivery




अभ्यास

Dialogue delivery is a very important part of acting. It includes an actor's voice modulation, tone, volume, vocal expression, etc. They hold an enormous importance in an act so the aim of the act is met. Here are some tips that will facilitate to boost your dialogue delivery:

• DICTION is that the most basic element of the dialogue delivery. It involves the right pronounciation of the words used. An actor has to focus upon his diction to boost his dialogue delivery. you'll like relating this with a RJ if you know one, as their diction is mostly excellent, even their vocal expressions.

**This time in practice column here are some important tips for improving dialogue delivery.**

• Understanding the dialogues is extremely important to express the emotions to the audience. An actor has to understand the dialogues deeply. he oughts to know the proper tone needed. The expressions held within the dialogues tells about the modulation. moreover, many times, same dialogue needs totally different modulation relying upon the things within which they're used.

• If you're ineffective to select up the suitable tone, don't hesitate to look at and listen rigorously. you can do that while talking to somebody. someone's tone tells you alot about his mood. you recognize he's not acting at that moment however once you got to act within the same mood you'll use that same tone. I hope you got what I mean.

• Avoid murmuring the dialogues while acting. By doing so, you eat up several expressions and most of the time the dialogue becomes ineffective. opening a little bit of mouth resists the flow of dialogues. so, try speaking the dialogues by opening the mouth noticeable enough.

• An actor has to bring variation consistent with the accent he uses in speaking the dialogues. One has to observe the individuals with totally different accents. Doing so, helps to grasp what modulation is required in an exceedingly explicit dialogue. Its obvious that every word features a totally different pronounciation in different accent. Therefore. you need to learn the pronounciation in that particular accent to catch the sense to deliver the dialogue with a required tone.



P.Aphter

www.transframe.in

ISSN 2455-0310